सूर्योदय 5:25 सूर्यास्त 7:29

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 18.6 न्यू | 22.2 अधि |
| धर्मशाला | 17.4 न्यू | 30.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76,504 |
| निफ्टी | 23,882 |

सोना 1,44,000 चांदी 2,27,000

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 9 जुलाई 2026 | 25 आषाढ़, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 191, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

MODGIL DIAGNOSTIC LAB 24 घंटे सेवा
Sample Collection Service From Home
KANGRA (TANDA) CHAMBA PAPROLA
MODGIL DIAGNOSTIC LAB
CHAMBA, (Near Pt. JLN Govt. Medical College)
Contact No.: 01899-350129
62305-18484, 70189-50289
Email: modgildiagnosticlabchamba@gmail.com

## न्यूज शॉर्ट्स

### चीन में 5.1 तीव्रता का आया भूकंप




**एजेंसी, बीजिंग।** चीन के दक्षिण-पश्चिमी सिचुआन प्रांत में बुधवार सुबह 5.1 तीव्रता का भूकंप आने से लोगों में दहशत फैल गई। भूकंप का केंद्र गाओशियान काउंटी में था और इसकी गहराई जमीन से करीब 8 किलोमीटर नीचे दर्ज की गई है। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र के मुताबिक, भूकंप सुबह 6:12 बजे आया। इसके बाद चीन के भूकंप प्रशासन ने तुरंत लेवल-3 इमरजेंसी रिस्पॉन्स लागू कर दिया और राहत-बचाव कार्य शुरू कर दिए। (अनंत ज्ञान)

### महाराष्ट्र: करंट से एक परिवार के चार लोगों की मौत

**एजेंसी, मुंबई।** महाराष्ट्र के सतारा जिले के फलटन तहसील स्थित खामगांव गांव में बुधवार सुबह करंट लगने से एक ही परिवार के चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, एक टूटी हुई केबल ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन के संपर्क में आने से उसमें करंट प्रवाहित हो गया। परिवार का एक सदस्य केबल की चपेट में आया तो उसे बचाने के प्रयास में सतीश किसान शिंदे, उनकी पत्नी और उनके दो बच्चों को भी करंट लग गया। चारों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच जारी है। (अनंत ज्ञान)

### शोपियां मुठभेड़ में लश्कर कमांडर जाकिर ढेर

**एजेंसी, शोपियां।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बुधवार को बताया कि दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के चनापोरा इलाके में चल रहे आतंकवाद-विरोधी ऑपरेशन में लश्कर-ए-तैयबा का टॉप कमांडर जाकिर गनी मारा गया है, जबकि एक और आतंकवादी के छुपे होने की आशंका है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जाकिर पिछले पांच दिनों से अपने साथी के साथ मुठभेड़ में फंसा हुआ था। उन्होंने कहा कि उसे मार गिराया गया है और आज हथियारों और गोला-बारूद के साथ एक गोशाला से उसका शव बरामद किया गया। उन्होंने इस घटना को सुरक्षाबलों के लिए एक बड़ी कामयाबी बताया। उन्होंने कहा कि मुठभेड़ स्थल के पास फिर से गोलीबारी की आवाज सुनी गई, जिससे एक और आतंकवादी की मौजूदगी का संकेत मिलता है। (अनंत ज्ञान)

### नवी मुंबई एयरपोर्ट से होगा दवाइयों का आयात

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने नवी मुंबई एयरपोर्ट को दवाइयों के आयात के लिए अधिसूचित प्रवेश बिंदु घोषित कर दिया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने ड्रग्स रूल्स, 1945 के नियम 43ए में संशोधन करते हुए इसकी अधिसूचना जारी की। मंत्रालय के अनुसार, इस फैसले के बाद देश में दवाइयों के आयात के लिए अधिसूचित सड़क, रेल, समुद्री और हवाई मार्गों की कुल संख्या बढ़कर 42 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि यह संशोधन ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 के तहत ड्रग्स टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड से परामर्श के बाद किया गया है। नवी मुंबई एयरपोर्ट को सूची में शामिल करने से दवाइयों की आपूर्ति श्रृंखला मजबूत होगी। (अनंत ज्ञान)

# फर्जी रसीद काटकर ऐंठे जाते थे राम भक्तों से पैसे

## रिमांड पर लिए तीन आरोपियों ने कबूल की फर्जी रसीद की बात

**एजेंसी, अयोध्या**

अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी के तीन आरोपियों लवकुश मिश्रा, अनुकल्प मिश्रा और करुणेश पांडेय को पुलिस ने 40 घंटे की रिमांड पर लिया है। पूछताछ के दौरान पुलिस को आरोपियों से श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की पुरानी फर्जी रसीद बुक मिली है। यह रसीद हू-ब-हू असली की तरह दिखती है। इस पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र का लोगो बना है।

सूत्रों के मुताबिक, आरोपियों ने पूछताछ में कबूला है कि वे फर्जी रसीद काटकर चंदा देने वालों से पैसे भी ऐंठ लेते थे। शुरुआत में टिन्नू यादव, लवकुश, करुणेश, अनुकल्प समेत अन्य आरोपी जब कोई मंदिर में दान देने की इच्छा जताता था, तो उसे रसीद के तौर पर यह फर्जी रसीद दे देते थे, ताकि किसी को शक न हो। अब नई व्यवस्था के तहत रसीद ऑनलाइन मिलती है, इसलिए इन लोगों ने इन रसीदों का इस्तेमाल करना बंद कर दिया था। पुलिस बुधवार को तीनों आरोपियों लेकर अयोध्या के 14 कोसी परिक्रमा मार्ग के जौरा क्षेत्र पहुंची। सूत्रों के अनुसार, पुलिस को शक है कि चोरी किए गए नोटों की गिनती और बंटवारा यहीं किया जाता था। (अनंत ज्ञान)



करुनेश पांडेय | अनुकल्प मिश्र | लवकुश

### गोपाल राव ने ट्रस्ट के प्रेस नोट को किया खारिज

**ट्रस्ट** से हटाए गए गोपाल राव ने दावा किया है कि वह अभी भी ट्रस्टी हैं। उन्हें हटाया नहीं गया है। हटाने की खबरें गलत संदेश है। जबकि सोमवार को ट्रस्ट की बैठक के बाद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से जारी किए गए प्रेस नोट में लिखा गया है कि विशिष्ट आमंत्रित सदस्य की सूची से हटा दिया गया है। गोपाल राव का वास्तविक नाम गोपाल नगरकोटे हैं, इसी नाम से उन्हें ट्रस्ट में विशिष्ट आमंत्रित सदस्य बनाया गया था।

### बद्रीनाथ चढ़ावा चोरी मामले में समिति अध्यक्ष के पीए पर एफआईआर

**देहरादून।** बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष कार्यालय में तैनात निजी सहायक प्रमोद नौटियाल के खिलाफ मंदिर के चढ़ावे में कथित गड़बड़ी के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। आरोप सही पाए जाने के बाद उन्हें निलंबित भी कर दिया गया है। बीकेटीसी की शिकायत पर बद्रीनाथ पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। समिति के अनुसार, 2 जुलाई को थाली भेंट की राशि की गिनती के दौरान सुबह 9 से 9:30 बजे के बीच करीब 30 मिनट में चढ़ावे की रकम कथित रूप से गायब हुई। मामले की जांच के लिए गठित चार सदस्यीय समिति की प्रारंभिक रिपोर्ट और कर्मचारी के जवाब में आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए। इसके बाद 3 जुलाई को जारी कारण बताओ नोटिस की प्रक्रिया पूरी कर प्रमोद नौटियाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

# ‘वीबी-जी-राम-जी’ योजना हिमाचल के हित में नहीं : मुख्यमंत्री सुक्खू

## कहा-केंद्र के समक्ष उठाएंगे मामला, ग्रामीण विकास को मिलेगी नई गति

**अनंत ज्ञान**

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्पष्ट किया है कि मनरेगा को समाप्त कर उसके स्थान पर प्रस्तावित ‘वीबी-जी-राम-जी’ योजना हिमाचल प्रदेश के हित में नहीं है और राज्य सरकार इस मुद्दे को केंद्र सरकार के समक्ष मजबूती से उठाएगी।

मुख्यमंत्री ने ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि मनरेगा के तहत पहले केंद्र सरकार 100 प्रतिशत वित्तीय सहायता देती थी, जबकि नई व्यवस्था में कुल व्यय का 10 प्रतिशत भार राज्य सरकार को उठाना होगा। सीमित वित्तीय संसाधनों वाले हिमाचल के लिए यह व्यवस्था व्यवहारिक नहीं है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास को गति देने के लिए विभाग में रिक्त पदों को प्राथमिकता के आधार पर भर रही है तथा आने वाले समय में नई भर्तियां भी की जाएंगी, जिससे विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं। उन्होंने कहा कि राज्यभर में निर्माणाधीन पंचायत घरों को पूरा करने के लिए 30 करोड़ रुपए उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अलावा ऊना में बन रहे जिला पंचायत संसाधन केंद्र के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने के लिए भी अतिरिक्त धनराशि जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभाग की सभी योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। वहीं, ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों को वित्तीय सहायता और बेहतर विपणन सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।



समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

### मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से जुड़ेगी हर प्रमुख योजना

**मुख्यमंत्री** ने बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की सभी प्रमुख योजनाओं को मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से जोड़ा जाए, ताकि उनकी ऑनलाइन निगरानी प्रभावी ढंग से हो सके और योजनाओं की प्रगति पर रियल टाइम नजर रखी जा सके। बैठक में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, सचिव सी पालरासु, मुख्यमंत्री के सचिव आशीष सिंहमार, विभाग के निदेशक राघव शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य ग्रामीण हिमाचल के समग्र विकास को नई गति देना और विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से पहुंचाना है।

# पंचकूला में एक करोड़ की हेरोइन समेत अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**एजेंसी, पंचकूला**

पंचकूला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल (एएनसी) ने करीब 311 ग्राम हेरोइन के साथ एक अंतरराज्यीय ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपए आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मुकेश कुमार (33) निवासी गांव मटौर, थाना कलायत, जिला कैथल (हरियाणा) के रूप में हुई है। वह फिलहाल हिमाचल प्रदेश के बद्दी में किराये के मकान में रहकर पंचकूला और आसपास के इलाकों में हेरोइन की सप्लाई कर रहा था।

पुलिस को सूचना मिली थी कि मुकेश चंडीमंदिर स्थित साकेत अस्पताल के पास फ्लाईओवर के नीचे एक ग्राहक को हेरोइन की खेप देने आने वाला है। सूचना के आधार पर एएनसी टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से पारदर्शी पॉलिथीन में रखी 311 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। जांच अधिकारी सब-इंस्पेक्टर संजीव ने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

◆ **कैथल का युवक हिमाचल से चला रहा था नेटवर्क**



# बिलासपुर में दिनदहाड़े युवक पर कुल्हाड़ी से हमला

**अनंत ज्ञान**

**ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में बुधवार को दिनदहाड़े हुई खूनी वारदात ने कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए। कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर मंडी-भराड़ी पुल के समीप एक युवक पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वारदात उस समय हुई जब मौके पर पुलिस भी मौजूद थी, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

हमले में गंभीर रूप से घायल युवक की पहचान सन्नी गिल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि विवाद के दौरान हमलावरों ने उस पर लगातार कई वार किए, जिससे वह सड़क पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़ा। मौके पर मौजूद लोगों और पुलिस ने घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मंडी-भराड़ी पुल के पास कुछ लोगों के बीच कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। इसी दौरान एक पक्ष ने कुल्हाड़ी निकालकर हमला कर दिया। विवाद किस बात को लेकर हुआ, इसका खुलासा अभी नहीं हो पाया है।

पुलिस इस वारदात को पुराने विवाद और आपसी रंजिश के एंगल से भी खंगाल रही है। जांच के दौरान यह तथ्य भी सामने आया है कि घायल सन्नी गिल का नाम वर्ष 2024 में बिलासपुर कोर्ट परिसर के समीप हुई फायरिंग की एक घटना में भी सामने आया था। हालांकि, पुलिस ने फिलहाल दोनों मामलों के बीच किसी प्रत्यक्ष संबंध की पुष्टि नहीं की है।

एसपी अभिषेक धीमान ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की जा रही है। आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।



सड़क पर घायल पड़ा युवक। अनंत ज्ञान

## आय से अधिक संपत्ति का मामला

# कर्नाटक में 10 सरकारी अधिकारियों के परिसरों पर लोकायुक्त का छापा

**एजेंसी, बेंगलुरु**

कर्नाटक लोकायुक्त ने आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोपों में बुधवार को राज्यभर में 10 सरकारी अधिकारियों के ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। लोकायुक्त अधिकारियों के अनुसार, बेंगलुरु शहर, बेंगलुरु दक्षिण, रायचूर, चित्रदुर्ग, तुमकुरु, शिवमोगा और कलबुर्गी में अधिकारियों से जुड़े घरों और अन्य परिसरों की जांच की गई।

जिन अधिकारियों के ठिकानों पर कार्रवाई हुई, उनमें कृष्ण भाग्य जल निगम लिमिटेड रायचूर के कार्यकारी अभियंता बासनगौड पाटिल, चित्रदुर्ग के सहायक प्रोफेसर शंकर एम, वॉटरशेड विभाग के रेंज वन अधिकारी डुगप्पा बीएच और बेंगलुरु पीडब्ल्यूडी के कार्यकारी अभियंता नरेंद्र कुमार शामिल हैं। इसके अलावा केआरआईडीएल के अधीक्षण अभियंता प्रवीण बी हरि, कृषि उपज बाजार समिति की उप निदेशक पुष्पा डीआर, लघु सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता मधुसूदन एन समेत अन्य अधिकारियों के परिसरों पर भी छापेमारी की गई। लोकायुक्त ने बताया कि कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति के मामलों की जांच के तहत की गई है। (अनंत ज्ञान)




# यूपी में रिटायर्ड एआरटीओ के घर 13 किलो सोना व 9 किलो चांदी मिली

**एजेंसी, लखनऊ**

यूपी में रिटायर्ड सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) ललित कुमार के लखनऊ स्थित घर पर विजिलेंस ने छापा मारा। करीब 26 घंटे चली छापेमारी में ललित कुमार के लखनऊ आवास से 13 किलो सोना, 9 किलो चांदी और हीरे के आभूषण बरामद किए हैं, जिनकी कीमत 20 करोड़ रुपए आंकी गई है।

तलाशी के दौरान टीम को करीब 1.62 करोड़ रुपए कैश भी मिला, जो उसने पैकेटों में दीवार और अलग-अलग कमरों में छिपाकर रखे थे। 15 जगहों पर मकान, फ्लैट और खेती की जमीनों के दस्तावेज भी मिले हैं। विजिलेंस ने बरामद संपत्ति की कुल कीमत करीब 35 करोड़ रुपए बताई है। ललित कुमार मूल रूप से रायबरेली में सेंगहो कोठी के रहने वाले हैं। विजिलेंस विभाग के अनुसार, ललित कुमार के खिलाफ 2024 में कानपुर में तैनाती के दौरान करप्शन की शिकायत की गई थी। उस वक्त वह आरटीओ ऑफिस में संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) यानी रीजनल इंस्पेक्टर टेक्निकल थे। शिकायत के आधार पर ट्रांसपोर्ट कमिश्नर ने 11 सितंबर, 2020 को भ्रष्टाचार निवारण संगठन को जांच की अनुमति दी। इसके बाद उनके आय और संपत्ति के स्रोतों की विस्तृत जांच शुरू की गई। (अनंत ज्ञान)



◆ **विजिलेंस के छापे में हीरे और 1.62 करोड़ रुपए कैश बरामद**

# जोधपुर में आईएसआईएस हैंडलर के घर एनआईए ने की छापेमारी

**एजेंसी, जोधपुर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार सुबह प्रतिबंधित आतंकी संगठन आईएसआईएस से जुड़े जीशान के घर पर छापेमारी की। पुलिस सुरक्षा के बीच हुई कार्रवाई में एजेंसी ने करीब चार घंटे तक घर की तलाशी ली और कई दस्तावेजों के साथ एक बुलेट मोटरसाइकिल जब्त की। जीशान को आंध्र प्रदेश पुलिस ने राजस्थान पुलिस के सहयोग से मार्च में गिरफ्तार किया था। जांच एजेंसियों के अनुसार, वह सोशल मीडिया के जरिए युवाओं को कट्टरपंथी विचारधारा से जोड़ने और उनका ब्रेनवॉश करने का काम करता था। फिलहाल वह आंध्र प्रदेश की जेल में बंद है।

एनआईए ने तलाशी के दौरान जीशान की बैंक डिटेल्स, खर्चों और उससे जुड़े लोगों की जानकारी जुटाई। पुलिस के मुताबिक, जीशान एक ऑनलाइन ग्रुप के जरिए युवाओं को आतंकी नेटवर्क से जोड़ने की कोशिश कर रहा था। मामले की जांच अब एनआईए कर रही है। एजेंसी सोशल मीडिया गतिविधियों और संभावित नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी खंगाल रही है।




# पुणे में बारिश से तीन मंजिला इमारत गिरी, कई लोग दबे

**एजेंसी, मुंबई**

पुणे के पिंपरी-चिंचवाड़ में एक इमारत अचानक भरभराकर गिर गई, इसमें 15 से 20 लोगों के फंसे होने की आशंका जताई जा रही है। अंदर से कुछ लोगों के चिल्लाने की आवाजें भी आ रही हैं, जो बचाने के लिए मदद मांग रहे हैं।

पुणे आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार, यह घटना बुधवार दोपहर करीब 2 बजे हुई। जानकारी के अनुसार इमारत तीन मंजिला थी। हादसे के समय इमारत के भीतर कई लोग मौजूद थे। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोग तुरंत राहत कार्य में जुट गए। प्रशासन ने मामले को गंभीर मानते हुए तत्काल बचाव अभियान शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार, इमारत के मलबे में 15 से 20 लोगों के फंसे होने की आशंका जताई गई है। हालांकि, प्रशासन ने अभी तक फंसे लोगों की संख्या की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। स्थानीय लोगों ने भी बचाव कार्य में सहयोग करते हुए मलबा हटाने का प्रयास शुरू किया है। (अनंत ज्ञान)



# सीजफायर खत्म होने की खबर से बाजार में हाहाकार

## सेंसेक्स 1677 अंक टूटा, निफ्टी 23,882 पर हुआ बंद

**एजेंसी, मुंबई**

अमेरिका-ईरान सीजफायर खत्म होने की खबर के बाद बुधवार को भारतीय शेयर बाजार में भारी गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स कारोबार के दौरान करीब 20 मिनट में 1000 अंक टूट गया और अंत में 1,677 अंक यानी 2.15 प्रतिशत गिरकर 76,504 के स्तर पर बंद हुआ।



सुबह सेंसेक्स 364 अंक की गिरावट के साथ 77,816 पर खुला था। दोपहर बाद बिकवाली बढ़ने से यह 76,259 के डे लो तक पहुंच गया। वहीं, निफ्टी 516 अंक यानी 2.12 प्रतिशत गिरकर 23,882 पर बंद हुआ। बाजार में गिरावट का असर ज्यादातर सेक्टरों पर देखने को मिला। निवेशकों में वैश्विक तनाव को लेकर चिंता बढ़ी, जिससे बिकवाली तेज हो गई।

सीजफायर खत्म होने की खबर के बाद कच्चे तेल की कीमतों में भी उछाल आया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल करीब 6 प्रतिशत बढ़कर 75 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ समझौता खत्म होने की बात कही, जिसके बाद बाजारों में अनिश्चितता बढ़ गई। (अनंत ज्ञान)

### सोना 177 रुपए बढ़ा, चांदी 2.27 लाख किलो पहुंची



**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में आज यानी 8 जुलाई को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 177 रुपए बढ़कर 1.44 लाख रुपए हो गया है। वहीं, 1 किलो चांदी का दाम 150 रुपए बढ़कर 2.27 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है।

**सहमति** | प्रम्बानन में पीएम मोदी ने की शिव पूजा, बोले-भगवान शिव से जुड़ना मेरा सौभाग्य

# भारत-इंडोनेशिया मिलकर करेंगे 1000 साल पुराने मंदिर का जीर्णोद्धार

**एजेंसी, जकार्ता**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो के साथ 1000 साल पुराने ऐतिहासिक प्रम्बानन हिंदू मंदिर में पूजा-अर्चना की और इसके संरक्षण व जीर्णोद्धार परियोजना का उद्घाटन किया। इस अवसर पर दोनों देशों ने मंदिर के संरक्षण के लिए आशय पत्र (लेटर ऑफ इंटेंट) का भी आदान-प्रदान किया।

मंदिर परिसर में पूजा के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुझे हमेशा किसी न किसी रूप में भगवान शिव से जुड़ने का अवसर मिलता रहा है। सोमनाथ, काशी विश्वनाथ, केदारनाथ धाम और उज्जैन के महाकाल मंदिर के बाद अब प्रम्बानन मंदिर के विकास से जुड़ना मेरा सौभाग्य है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रम्बानन मंदिर भारत और इंडोनेशिया की साझा सांस्कृतिक विरासत तथा सदियों पुराने ऐतिहासिक संबंधों का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि दोनों देश मिलकर इस धरोहर के संरक्षण और जीर्णोद्धार का कार्य करेंगे। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) इस परियोजना में इंडोनेशियाई अधिकारियों के साथ तकनीकी सहयोग देगा।

अपने दौरे के दौरान राष्ट्रपति प्राबोवो ने प्रधानमंत्री मोदी को सुपर प्यूमा हेलिकॉप्टर से प्रम्बानन मंदिर परिसर का हवाई भ्रमण भी कराया। इसके बाद दोनों नेता सड़क मार्ग से मंदिर पहुंचे, जहां बच्चों ने उनका स्वागत किया। मंदिर परिसर में दोनों नेताओं ने रामायण पर आधारित सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुति देखी और चल रहे संरक्षण कार्यों की जानकारी ली। (अनंत ज्ञान)



### प्रम्बानन दक्षिण-पूर्व एशिया के सबसे भव्य हिंदू मंदिर परिसरों में से एक

**नौवीं** शताब्दी में निर्मित प्रम्बानन दक्षिण-पूर्व एशिया के सबसे भव्य हिंदू मंदिर परिसरों में से एक है। यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल यह मंदिर ब्रह्मा, विष्णु और महेश को समर्पित है। इसका मूल संस्कृत नाम शिवगृह है और मुख्य शिव मंदिर 47 मीटर ऊंचा है। वर्ष 2006 में आए भूकंप से इस परिसर को काफी नुकसान पहुंचा था। मोदी के इंडोनेशिया दौरे के अंतिम दिन हुई यह पहल भारत की एक्ट ईस्ट नीति और सांस्कृतिक कूटनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा मानी जा रही है। भारत इससे पहले वियतनाम, श्रीलंका, म्यांमार, नेपाल, बहरीन और बांग्लादेश सहित कई देशों में साझा सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण और पुनरुद्धार में भी सहयोग करता रहा है।

# कोटखाई में भाजपा का परचम

## शिक्षा मंत्री के क्षेत्र में नगर पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों पदों पर जमाया कब्जा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिक्षा मंत्री के विधानसभा क्षेत्र कोटखाई की नगर पंचायत में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने शानदार जीत दर्ज करते हुए दोनों शीर्ष पदों पर कब्जा जमा लिया है। भाजपा समर्थित राजेश चौहान नगर पंचायत अध्यक्ष तथा कल्पना नंदा उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। इस परिणाम को क्षेत्र की राजनीति में भाजपा के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। पार्टी नेताओं ने इसे जनता के भरोसे, संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की लगातार मेहनत का परिणाम बताया है।



भाजपा समर्थित राजेश चौहान व कल्पना नंदा का स्वागत करते भाजपा नेता चेतन बरागटा एवं अन्य कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

भाजपा नेता चेतन बरागटा ने सभी नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि कोटखाई की जनता ने विकास, पारदर्शिता और जनहित की राजनीति पर अपनी स्पष्ट मुहर लगाई है। उन्होंने कहा कि यह जीत भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता के समर्पण और जनता के अपार समर्थन का प्रतीक है। नगर पंचायत का नया नेतृत्व जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए क्षेत्र के समग्र विकास, बेहतर नागरिक सुविधाओं और लोगों की अपेक्षाओं को पूरा करने की दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा।

चेतन बरागटा ने कहा कि भाजपा जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह खरा उतरने के लिए संकल्पित है। नगर पंचायत के माध्यम से विकास कार्यों में तेजी लाई जाएगी और आम लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कोटखाई की देवतुल्य जनता का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि नगर पंचायत का नया नेतृत्व विकास, पारदर्शिता और जनसेवा की नई मिसाल स्थापित करेगा। इसके साथ ही भाजपा नेताओं ने कहा कि नगर पंचायत के सभी निर्वाचित प्रतिनिधि आपसी समन्वय और जनसहभागिता के साथ विकास कार्यों को आगे बढ़ाएंगे। शहर की आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने, स्वच्छता व्यवस्था में सुधार, पेयजल, सड़क, स्ट्रीट लाइट तथा अन्य नागरिक सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता दी जाएगी।

◆ **यह जनता के भरोसे और पार्टी कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का परिणाम: चेतन**

उन्होंने विश्वास जताया कि नए नेतृत्व के मार्गदर्शन में कोटखाई नगर पंचायत विकास के नए आयाम स्थापित करेगी और प्रत्येक वर्ग की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए जनकल्याण के कार्यों को प्रभावी ढंग से अमलीजामा पहनाया जाएगा।

# 251 करोड़ की कार्ययोजना से प्रदेश में शहरी विकास को मिलेगी रफ्तार

## भविष्य की योजनाओं के लिए तैयार होगा मजबूत आधार

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में नियोजित शहरी विकास और किफायती आवास योजनाओं को नई गति देने की दिशा में सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश सरकार ने राज्य आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण की विकास परियोजनाओं को तेज गति से आगे बढ़ाने, पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की स्पष्ट रणनीति तय की है। इसके साथ ही प्रदेश में आधुनिक शहरी आधारभूत ढांचे के विस्तार, नई आवासीय योजनाओं और नागरिक सुविधाओं को मजबूत बनाने के लिए 251 करोड़ रुपये की वार्षिक कार्ययोजना को मंजूरी दी गई है, जिससे आने वाले वर्षों में शहरी विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

जानकारी के अनुसार हाल ही में हुई हिमुडा की निदेशक मंडल की बैठक में आवास, नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने प्रदेश में संचालित तथा प्रस्तावित सभी विकास परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक परियोजना में पारदर्शिता, गुणवत्ता और दक्षता सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को बेहतर आवासीय सुविधाओं और आधुनिक शहरी आधारभूत ढांचे का लाभ शीघ्र मिल सके।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में 117 करोड़ रुपये के बजट अनुमान के मुकाबले हिमुडा ने लगभग 200 करोड़ रुपये का कारोबार दर्ज किया, जो प्राधिकरण की मजबूत वित्तीय स्थिति और बेहतर कार्यकुशलता का संकेत माना जा रहा है। इसी क्रम में लोक निर्माण विभाग के अनुरूप ठेकेदार पंजीकरण नियमों में संशोधन को मंजूरी दी गई है, जिससे परियोजनाओं के क्रियान्वयन में अधिक पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित हो सकेगी।

### 52 करोड़ रुपए से खरीदी जाएगी भूमि

251 करोड़ की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट में भविष्य की आवास एवं शहरी विकास परियोजनाओं के लिए 52 करोड़ रुपये भूमि खरीद हेतु निर्धारित किए गए हैं। सरकार का मानना है कि योजनाबद्ध भूमि अधिग्रहण से हिमुडा को आने वाले वर्षों में नई आवासीय और व्यावसायिक परियोजनाओं को गति देने में मजबूती मिलेगी। इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर हिमुडा की आवासीय एवं व्यावसायिक संपत्तियों की नीलामी प्रक्रिया को भी पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा हिमुडा की रक्कड़ फेज-4 कॉलोनी, जिला ऊना के पात्र आवंटियों के लिए वन टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) नीति को मंजूरी प्रदान की गई है। इस निर्णय से लंबे समय से लंबित मामलों के समाधान का रास्ता साफ होगा और पात्र लाभार्थियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। सरकार का मानना है कि इस कदम से न केवल विवादों का निपटारा होगा बल्कि प्राधिकरण की कार्यप्रणाली भी अधिक प्रभावी बनेगी।

# आधुनिक हिमाचल के शिल्पी थे स्व. वीरभद्र सिंह : विनय कुमार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के छह बार मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के विकास कार्यों को अंकों में नहीं बांधा जा सकता। उनके दूरदर्शी नेतृत्व और जनकल्याणकारी नीतियों के कारण ही आज हिमाचल आधुनिक और विकासशील राज्य के रूप में अपनी अलग पहचान रखता है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में वीरभद्र सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उन्होंने कहा कि वीरभद्र सिंह लोगों के दिलों में बसते थे और उनके दर से कोई भी जरूरतमंद कभी खाली हाथ नहीं लौटता था।



स्व. वीरभद्र सिंह

उन्होंने कहा कि वीरभद्र सिंह का व्यक्तित्व, जनसेवा के प्रति समर्पण और विकास की सोच आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगी तथा उनके बताए मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार के साथ-साथ आधुनिक हिमाचल के शिल्पी के रूप में स्वर्गीय वीरभद्र सिंह का योगदान सदैव याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ठाकुर रामलाल, पूर्व मंत्री जय बिहारी लाल खाची, पूर्व मंत्री विद्या स्टॉक्स सहित कांग्रेस के अनेक वरिष्ठ नेताओं ने भी प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

वहीं विधायक हरीश जनारथा और महापौर सुरेंद्र चौहान ने भी वीरभद्र सिंह के नेतृत्व, विकास दृष्टि और जनसेवा को याद करते हुए उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर स्वर्गीय वीरभद्र सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

# चायल कोटी कॉलेज में एनईपी-2020 नई सेमेस्टर व्यवस्था की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजकीय महाविद्यालय चायल कोटी में बीए और बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. दीप शिखा भारद्वाज ने की। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें उच्च शिक्षा के महत्व, नवीन शिक्षा व्यवस्था तथा महाविद्यालय में आयोजित होने वाली शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, कर्तव्यपरायणता, परिश्रम, कर्तव्यनिष्ठा और सद्भावना को जीवन का आधार बनाने का आह्वान करते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर मेहनत करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रोफेसर अमृत सिंह मेहता ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी-2020 तथा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा इस शैक्षणिक सत्र से लागू की गई नई सेमेस्टर व्यवस्था की विस्तार से जानकारी दी। वहीं महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का परिचयात्मक सत्र आयोजित कर उन्हें विभिन्न विभागों और सुविधाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम के अंत में प्रोफेसर राजेश चौहान ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के डॉ. अनुपम वर्मा, डॉ. निशा, डॉ. हेमंत शर्मा, प्रोफेसर हितेंद्र ठाकुर, डॉ. सुशील तथा प्रोफेसर देवेंद्र सिंह सहित महाविद्यालय का समस्त शिक्षण स्टाफ उपस्थित रहा।

# स्मार्ट मीटर अभियान पर नहीं लगेगी ब्रेक

## अदालत के आदेश को लेकर बिजली बोर्ड ने दूर की सभी भ्रांतियां

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में स्मार्ट बिजली मीटरों की स्थापना को लेकर पिछले कुछ दिनों से चल रही चर्चाओं और सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही भ्रामक जानकारियों के बीच राज्य विद्युत बोर्ड ने स्थिति पूरी तरह स्पष्ट कर दी है। बोर्ड ने साफ कहा है कि स्मार्ट मीटर लगाने के अभियान पर किसी प्रकार की रोक नहीं लगी है और यह कार्य पहले की तरह निर्धारित योजना के अनुसार पूरे प्रदेश में लगातार जारी रहेगा। बोर्ड ने लोगों से अपुष्ट सूचनाओं पर विश्वास न करने और केवल आधिकारिक जानकारी को ही सही मानने की अपील की है।

### उपभोक्ताओं से अफवाहों से सतर्क रहने की अपील

**बिजली** बोर्ड ने प्रदेश के सभी उपभोक्ताओं से स्मार्ट मीटरों को लेकर फैल रही भ्रामक सूचनाओं से सावधान रहने और अभियान में सहयोग करने की अपील की है। बोर्ड का कहना है कि स्मार्ट मीटर व्यवस्था से बिजली उपभोग की वास्तविक समय में निगरानी, बिलिंग में अधिक पारदर्शिता, तकनीकी दक्षता और उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध होंगी। बोर्ड ने दोहराया कि आधुनिक और पारदर्शी विद्युत व्यवस्था की दिशा में यह अभियान पूरी गति से जारी रहेगा और इसे किसी प्रकार की अफवाह से प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा।

बिजली बोर्ड के अनुसार, हाल ही में एक जिले के उपभोक्ता से जुड़े मामले में सिविल न्यायालय ने पारित अंतरिम आदेश को कुछ लोगों ने पूरे प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक के रूप में प्रचारित कर दिया, जबकि यह पूरी तरह तथ्यहीन है। बोर्ड ने स्पष्ट किया कि न्यायालय का यह आदेश केवल संबंधित याचिका और संबंधित उपभोक्ता तक सीमित है तथा इसका राज्यव्यापी स्मार्ट मीटर अभियान से कोई संबंध नहीं है। इसलिए प्रदेशभर में स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया बिना किसी व्यवधान के जारी रहेगी। बोर्ड ने बताया कि स्मार्ट मीटरों की स्थापना विद्युत अधिनियम-2003, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के संशोधित मीटर विनियम-2026, हिमाचल प्रदेश विद्युत आपूर्ति संहिता, संशोधन विनियम-2021 तथा भारत सरकार की रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के दिशा-निर्देशों के अनुरूप की जा रही है।

बोर्ड ने यह भी कहा कि संबंधित अंतरिम आदेश के विरुद्ध सक्षम न्यायालय में अपील दायर की जा रही है और अंतिम न्यायिक निर्णय आने तक इसे केवल उसी मामले तक सीमित माना जाना चाहिए।

# जनता का विश्वास ही हमारा सबसे बड़ा प्रमाणपत्र : बिंदल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के हालिया बयानों पर भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को जोरदार पलटवार किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि उन्हें या भाजपा को किसी प्रकार का राजनीतिक प्रमाणपत्र देने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि पिछले 35 वर्षों से प्रदेश की जनता लगातार उन्हें जनप्रतिनिधि के रूप में चुनती आ रही है और यही उनका सबसे बड़ा प्रमाणपत्र है।



◆ **प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने मंत्री विक्रमादित्य सिंह पर किया पलटवार**

उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए पंचायती राज, नगर निकाय और नगर निगम चुनावों में जनता ने कांग्रेस की नीतियों को नकारते हुए भाजपा के प्रति अपना विश्वास दोहराया है। बिंदल ने आरोप लगाया कि चुनावी पराजय से कांग्रेस नेतृत्व हताश है और इसी कारण वास्तविक जनहित के मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए बयानबाजी की जा रही है। डॉ. बिंदल ने कहा कि कांग्रेस सरकार अपने चुनावी वादों को पूरा करने में विफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पांच लाख रोजगार और एक लाख सरकारी नौकरियां देने के वादे आज भी अधूरे हैं, जबकि प्रदेश का बेरोजगार युवा सरकार से जवाब मांग रहा है। उन्होंने राम मंदिर के मुद्दे पर भी कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि मंदिर निर्माण के लंबे संघर्ष के दौरान कांग्रेस का रुख देश के सामने रहा है और अब भगवान श्रीराम के नाम पर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास जनता अच्छी तरह समझती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को बयानबाजी छोड़कर प्रदेश की आर्थिक स्थिति, विकास कार्यों और चुनावी घोषणाओं पर जवाब देना चाहिए।

# तीन साल बाद डिपुओं में फिर मिलेगी मूंग की दाल

## चार तरह की दालों का स्टॉक मांगा, अपनी पसंद की तीन दालें चुन सकेंगे उपभोक्ता

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** महंगाई के इस दौर में आम परिवारों की रसोई पर बढ़ते आर्थिक दबाव के बीच प्रदेश के लाखों राशनकार्ड धारकों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। करीब तीन वर्ष बाद सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से राशन डिपुओं में एक बार फिर मूंग दाल उपलब्ध कराने की तैयारी शुरू हो गई है। पौष्टिकता से भरपूर और बाजार में लगातार महंगी होती जा रही मूंग दाल की वापसी से प्रदेश के लाखों परिवारों को न केवल सस्ती दरों पर गुणवत्तापूर्ण दाल मिलेगी, बल्कि घरेलू बजट को भी बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

जानकारी के अनुसार प्रदेश नागरिक आपूर्ति निगम ने भारत सरकार के उपभोक्ता मामले विभाग को चार प्रकार की दालों के कुल 1,13,208 क्विंटल स्टॉक के आवंटन का प्रस्ताव भेज दिया है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलते ही प्रदेशभर के उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से मूंग दाल सहित अन्य दालों की नियमित आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। निगम के प्रबंध निदेशक राजेश्वर गोयल ने बताया कि इस बार मूंग दाल को भी प्रस्ताव में शामिल किया गया है, जिससे लंबे समय से चली आ रही उपभोक्ताओं की मांग पूरी हो सकेगी।



नई व्यवस्था के तहत राशनकार्ड धारकों को मूंग, उड़द, चना दाल और मलका सहित चार प्रकार की दालें उपलब्ध कराई जाएंगी। इनमें से उपभोक्ता अपनी आवश्यकता और पसंद के अनुसार किसी भी तीन प्रकार की दालों का चयन कर सकेंगे। इससे लोगों को विकल्प मिलने के साथ-साथ संतुलित और पौष्टिक आहार सुनिश्चित करने में भी मदद मिलेगी।

निगम द्वारा भेजे गए प्रस्ताव में उड़द की 26,835 क्विंटल, मलका की 31,542 क्विंटल, चना दाल की 37,884 क्विंटल तथा मूंग दाल की 16,947 क्विंटल की मांग की गई है। इसके अलावा निगम के पास पहले से ही लगभग 19 हजार क्विंटल दालों का स्टॉक उपलब्ध है, जिससे आपूर्ति व्यवस्था निर्बाध बनाए रखने में सहायता मिलेगी। बता दें कि राज्य में वर्तमान समय में 5,420 उचित मूल्य की दुकानें संचालित हैं, जिनके माध्यम से हर महीने लाखों उपभोक्ताओं तक आटा, चावल, दालें, खाद्य तेल तथा अन्य आवश्यक वस्तुएं रियायती दरों पर पहुंचाई जाती हैं। कांगड़ा जिले में सर्वाधिक 1,161 राशन डिपो संचालित हैं, जबकि जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में 65 उचित मूल्य की दुकानें कार्यरत हैं। इसके अलावा मंडी, शिमला, चंबा, कुल्लू, सिरमौर, सोलन, ऊना, हमीरपुर और बिलासपुर में भी व्यापक वितरण व्यवस्था मौजूद है।

### प्रदेश के 19 लाख परिवारों को मिलेगा सीधा लाभ

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में कुल 19,58,895 राशनकार्ड धारक पंजीकृत हैं। इनमें 11,60,019 एपीएल परिवार, 3,00,795 प्राथमिकता श्रेणी, 2,76,598 बीपीएल परिवार, 1,59,658 अंत्योदय अन्न योजना के लाभार्थी तथा 60,827 एपीएल टैक्स पेयर श्रेणी के उपभोक्ता शामिल हैं। मूंग दाल की वापसी से इन सभी वर्गों को बेहतर पोषण और सस्ती खाद्य सामग्री का लाभ मिलने की संभावना है।

# दिनदहाड़े लाखों के गहने-नकदी चुराने वाले तीन आरोपी अरेस्ट

अनंत ज्ञान

**शिमला।** जिला शिमला के रोहड़ू उपमंडल में दिनदहाड़े हुई चोरी के एक मामले को सुलझाते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि मामले का खुलासा सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और अन्य वैज्ञानिक जांच के आधार पर किया गया। मामले की जांच अभी जारी है। पुलिस के अनुसार 6 अप्रैल को रोहड़ू थाना में ग्राम खारला तहसील टिक्कर निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में कहा गया था कि अज्ञात लोग दिन के समय उसके घर में घुस गए। आरोपियों ने गोदरेज अलमारी का ताला तोड़कर करीब 7.5 तोला सोने के आभूषण और 51 हजार रुपए नकद चोरी कर लिए।



◆ **तीनों आरोपियों ने अन्य जिलों में भी चोरी की घटनाओं का दिया अंजाम**

शिकायत मिलने के बाद पुलिस थाना रोहड़ू में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 331(3), 305 और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। इसके साथ ही तकनीकी साक्ष्यों और अन्य वैज्ञानिक तरीकों का सहारा लेकर संदिग्धों तक पहुंच बनाई गई। पुलिस का कहना है कि इसी जांच के आधार पर चोरी की वारदात का खुलासा हुआ और तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 31 वर्षीय राहुल निवासी जिला मंडी, 39 वर्षीय दीपक घई निवासी जिला मंडी और 30 वर्षीय मेहर चंद निवासी जिला कुल्लू के रूप में हुई है। शिमला के एसएसपी गौरव सिंह ने बुधवार को बताया कि पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी राहुल और मेहर चंद पहले भी कुल्लू, मंडी और सोलन जिलों में चोरी के मामलों में संलिप्त रहे हैं। पुलिस इन आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड और इस वारदात से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

# विक्रमादित्य पहले अपने परिवार के इतिहास पर आत्ममंथन करें, फिर भाजपा को नसीहत दें : संदीपनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह के हालिया बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं को भाजपा पर राजनीतिक टिप्पणी करने से पहले अपने परिवार के राजनीतिक इतिहास और अतीत का आत्ममंथन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों पर अतीत में भ्रष्टाचार और विवादों के आरोप लगते रहे हों, उन्हें आज नैतिकता और राजनीतिक मर्यादा का पाठ पढ़ाने से पहले स्वयं के आचरण पर भी विचार करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश की जनता राजनीतिक इतिहास को भूली नहीं है और कांग्रेस नेताओं को तथ्यों से परे बयानबाजी करने से बचना चाहिए। संदीपनी भारद्वाज ने कहा कि विक्रमादित्य सिंह को अपने परिवार से जुड़े उन राजनीतिक घटनाक्रमों और विवादों को भी याद रखना चाहिए, जिनकी चर्चा लंबे समय तक प्रदेश की राजनीति में होती रही। उन्होंने कहा कि प्रदेश हितों की बात करने से पहले कांग्रेस नेताओं को अपने राजनीतिक व्यवहार और सार्वजनिक जिम्मेदारियों का मूल्यांकन करना चाहिए। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा मुद्दों, विकास, सुशासन और जनहित की राजनीति में विश्वास रखती है तथा व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप की बजाय जनता से जुड़े विषयों को प्राथमिकता देती है। भाजपा प्रवक्ता ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस मंत्री अपनी ही सरकार और पार्टी के भीतर चल रहे मतभेदों की निराशा भाजपा पर बयानबाजी करके निकाल रहे हैं।

**बागवानी** राष्ट्रीय सम्मान से अब वैश्विक बाजार तक पहुंचेगा किन्नौर का लाल सेब

# जीआई टैग मिलने से बढ़ेगी किन्नौरी सेब की मांग

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की बागवानी के लिए यह ऐतिहासिक और गर्व का क्षण है। राज्य के प्रसिद्ध किन्नौरी सेब को भौगोलिक संकेतक (जीआई टैग) मिलने से अब उसकी विशिष्ट पहचान को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी आधिकारिक मान्यता मिल गई है। वर्षों से अपने अनोखे स्वाद, रंग, गुणवत्ता और प्राकृतिक उत्पादन के लिए मशहूर किन्नौर का सेब अब एक प्रमाणित ब्रांड के रूप में दुनिया के बाजारों में अपनी अलग पहचान बनाएगा।



इससे प्रदेश के हजारों बागवानों को सीधा आर्थिक लाभ मिलने की उम्मीद है और हिमाचल की बागवानी को नई ऊंचाइयां हासिल होंगी। जीआई (जियोग्राफिकल इंडिकेशन) टैग किसी भी ऐसे उत्पाद को दिया जाता है, जिसकी गुणवत्ता, विशेषता या प्रतिष्ठा किसी विशेष भौगोलिक क्षेत्र से जुड़ी होती है। किन्नौरी सेब को यह दर्जा मिलने का अर्थ है कि अब केवल किन्नौर क्षेत्र में निर्धारित मानकों के अनुसार उत्पादित सेब ही 'किन्नौरी सेब' के नाम से बाजार में बेचे जा सकेंगे। इससे नकली या दूसरे क्षेत्रों के सेब को किन्नौरी सेब बताकर बेचने पर प्रभावी रोक लगेगी और उपभोक्ताओं को भी असली उत्पाद की पहचान आसानी से हो सकेगी।

किन्नौरी सेब को जीआई टैग मिलना केवल एक कानूनी मान्यता नहीं, बल्कि हिमाचल के बागवानों की वर्षों की मेहनत, गुणवत्ता और विश्वास की जीत है। यह उपलब्धि प्रदेश की बागवानी को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में नई ताकत देगी तथा 'हिमाचल के सेब' को गुणवत्ता और भरोसे के प्रतीक के रूप में स्थापित करेगी। आने वाले वर्षों में यह पहचान प्रदेश के किसानों की आय बढ़ाने, निर्यात को विस्तार देने और हिमाचल को विश्व के प्रमुख फल उत्पादक क्षेत्रों में और अधिक मजबूती से स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो सकती है।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ेगी विश्वसनीयता

**इस** उपलब्धि से हिमाचल के सेबों की मांग देश और विदेश के बाजारों में और मजबूत होने की संभावना है। जीआई टैग अंतरराष्ट्रीय व्यापार में उत्पाद की विश्वसनीयता बढ़ाता है, जिससे निर्यात के नए अवसर खुलते हैं। लिहाजा, इससे किन्नौर के बागवानों को उनके उत्पाद का बेहतर मूल्य मिलेगा, स्थानीय रोजगार बढ़ेगा, कृषि आधारित उद्योगों को गति मिलेगी और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। साथ ही हिमाचल की समृद्ध बागवानी परंपरा और प्राकृतिक खेती की पहचान वैश्विक स्तर पर और अधिक सशक्त होगी।

# राम मंदिर पर राजनीति कर रही कांग्रेस : कंगना रनौत

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मंडी संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी की सांसद कंगना रनौत ने कांग्रेस पर राम मंदिर और धार्मिक आस्था को लेकर दोहरी राजनीति करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जिस कांग्रेस ने वर्षों तक राम मंदिर निर्माण का विरोध किया, वही आज राजनीतिक लाभ के लिए भगवान श्रीराम और राम मंदिर के नाम का सहारा ले रही है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश और देश की जनता कांग्रेस के इस दोहरे चरित्र को भली-भांति पहचान चुकी है। बुधवार को जारी बयान में कंगना रनौत ने कहा कि कांग्रेस हिमाचल प्रदेश में भगवान श्रीराम और राम मंदिर को लेकर राजनीतिक एजेंडा खड़ा करने का प्रयास कर रही है, लेकिन उसे इसमें सफलता नहीं मिली। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम करोड़ों देशवासियों की आस्था के केंद्र हैं और अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण सदियों के संघर्ष, त्याग और बलिदान का परिणाम है। उनके अनुसार कांग्रेस ने हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति को प्राथमिकता दी और राम मंदिर निर्माण के मार्ग में बाधाएं खड़ी करने का प्रयास किया। अब जब भव्य राम मंदिर बन चुका है और देश की जनता उससे भावनात्मक रूप से जुड़ी हुई है, तब कांग्रेस राजनीतिक हित साधने के लिए उसी मुद्दे का सहारा ले रही है। भाजपा सांसद ने कहा कि हिमाचल की कांग्रेस सरकार का आचरण भी जनता के सामने है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने मंदिरों की संपत्ति और मंदिरों के धन का उपयोग सरकारी योजनाओं में करने का प्रयास किया तथा देवस्थानों के संसाधनों पर अधिकार जताने की कोशिश की। ऐसे में कांग्रेस नेताओं का राम मंदिर और धार्मिक आस्था की बातें करना केवल राजनीतिक अवसरवाद को दर्शाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### केसीसी बैंक ने गढ़ स्कूल में लगाया डीएफएस कैंप




**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ जमूला में डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंशियल सर्विसेज शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल स्टाफ और विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।इस दौरान केसीसी बैंक गढ़ जमूला के शाखा प्रबंधक सुनील राणा व सहायक प्रबंधक अनिल कुमार ने बचत खाता, चालू खाता, अटल पेंशन योजना , जीवन ज्योति योजना, फिक्स्ड डिपॉजिट,और डिजिटल फ्रॉड आदि पर विस्तृत जानकारी दी। इस शिविर में केसीसी बैंक शाखा प्रबंधक सुनील राणा और सहायक प्रबंधक अनिल कुमार के साथ साथ स्कूल स्टाफ व बहुत से विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### 29 से चार दिन बंद रहेंगे स्वर्णकारों के प्रतिष्ठान

**अनंत ज्ञान, नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर।** स्वर्णकार संघ जयसिंहपुर के अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने बताया कि संघ की बैठक में सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय के अनुसार 29, 30, 31 जुलाई और 1 अगस्त 2026 तक क्षेत्र के सभी स्वर्णकार अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखेंगे। इस सामूहिक अवकाश में जयसिंहपुर, लंबागांव, अप्पर लंबागांव, आलमपुर, ठाकुरद्वारा, संघोल, संधोल, हारसी, चढ़ियार, गंदड़, सूआं, कोसरी, खैरा, रोपड़ी सहित आसपास के क्षेत्रों के स्वर्णकार शामिल रहेंगे। ग्राहकों से आभूषण संबंधी कार्य पहले ही निपटाने की अपील की गई है।

### रोटरी क्लब ने सफाई कर्मचारी किए सम्मानित




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** रोटरी क्लब धर्मशाला मैकलोडगंज ने अन्नपूर्णा दिवस पर सफाई कर्मचारियों के सम्मान में भोजन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। प्रेस क्लब, कचहरी में आयोजित कार्यक्रम में रोटरी सदस्यों ने सफाई कर्मियों को भोजन परोसकर उनके योगदान के प्रति आभार जताया। क्लब अध्यक्ष संदीप जोशी ने सफाई कर्मचारियों को समाज का वास्तविक नायक बताया। सचिव प्रणव सचदेवा ने सेवा कार्यों के प्रति क्लब की प्रतिबद्धता दोहराई।

दरीणी स्कूल में एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत पारंपरिक व्यंजनों की प्रदर्शनी

### दरिणी स्कूल में पारंपरिक व्यंजनों की प्रदर्शनी

**अनंत ज्ञान, कोहली, शाहपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दरिणी में एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत हिमाचल प्रदेश और केरल की सांस्कृतिक विरासत पर आधारित पारंपरिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई। नोडल अधिकारी मधु ठाकुर के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने इडली, अप्पे, लेमन राइस, पोहा, खीर, हलवा सहित विभिन्न व्यंजन तैयार किए। प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं।

### बकाया बिजली बिल जल्द जमा करवाने की अपील

**अनंत ज्ञान, पिंकी, डाडासीबा।** विद्युत उपमंडल ढलियारा के सहायक अभियंता ई. मनीष कुमार संधू ने उपभोक्ताओं से जून अथवा इससे पूर्व के लंबित बिजली बिल शीघ्र जमा करवाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि बिल कार्यालय या ऑनलाइन माध्यम से जमा किए जा सकते हैं। निर्धारित समय में भुगतान न करने पर बिना पूर्व सूचना कनेक्शन अस्थायी रूप से काट दिए जाएंगे।

### शाहपुर बाजार में गारमेंट्स दुकान में चोरी

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर बाजार में बंदला पुल के समीप स्थित गारमेंट्स दुकान में बीती रात चोरी की वारदात सामने आई। अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर दुकान से नकदी, चार नोटों के हार, चांदी की पूजा मूर्ति, स्पीकर और बच्ची की दो गुल्लक में रखी राशि चुरा ली। सुबह दुकान मालिक अजय कुमार को घटना का पता चला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### आईटीआई शाहपुर में 13 को कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय आईटीआई शाहपुर में युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से 13 जुलाई 2026 को टॉपन स्पेशलिटी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की जाएगी। इसमें पीपीओ, फिटर, मशीनिस्ट और टर्नर ट्रेड के प्रशिक्षु भाग ले सकेंगे। चयनित युवाओं को 15 हजार रुपये मासिक स्टाइपेंड सहित विभिन्न सुविधाएं मिलेंगी। प्रधानाचार्य अभिनंदन कालिया और प्लेसमेंट अधिकारी नेक राम ठाकुर ने पात्र प्रशिक्षुओं से दस्तावेजों सहित उपस्थित होने की अपील की है।

### धर्मशाला में कबड्डी खिलाड़ियों के ट्रायल 15 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारतीय खेल प्राधिकरण के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र धर्मशाला में कबड्डी बालिका खिलाड़ियों के लिए 15 और 16 जुलाई 2026 को चयन परीक्षण आयोजित होंगे। अंडर-18 तथा 19-20 वर्ष आयु वर्ग की पात्र खिलाड़ी इसमें भाग ले सकती हैं। चयनित खिलाड़ियों को आवासीय प्रशिक्षण, विशेषज्ञ कोचिंग, खेल किट, चिकित्सा सुविधा और खेल विज्ञान सहयोग मिलेगा। रिपोर्टिंग 15 जुलाई को सुबह 8 बजे होगी। खिलाड़ियों को आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित होना होगा।

### रावी के बढ़ते जलस्तर से पठानकोट में खतरा

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** रावी नदी और सूए में बढ़ते जलस्तर से पठानकोट के सरना, जमालपुर और फरीदानगर क्षेत्र में चिंता बढ़ गई है। तेज बहाव से सड़क कमजोर हो रही है, जिससे करीब 30 गांवों का संपर्क प्रभावित होने का खतरा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सुरक्षा उपायों की मांग की है। नहरी विभाग ने मौके का निरीक्षण कर जल्द डंगा निर्माण का आश्वासन दिया है। रणजीत सागर बांध का जलस्तर फिलहाल सुरक्षित सीमा में बताया गया है।

धर्मशाला में जून माह में हुई लाखों रुपए की हाई-प्रोफाइल चोरी का पर्दाफाश, पुलिस अधीक्षक ने प्रेसवार्ता में किया खुलासा

# 50 तोला सोना और 1.2 किलोग्राम चांदी बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला में जून माह में हुई लाखों रुपए की हाई-प्रोफाइल चोरी का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस अधीक्षक कुलभूषण वर्मा ने बुधवार को आयोजित प्रेसवार्ता में मामले का खुलासा करते हुए बताया कि धर्मशाला थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गए अधिकांश आभूषण बरामद कर लिए हैं।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 50 तोला सोना और 1 किलो 200 ग्राम चांदी बरामद की है, जिसकी बाजार कीमत लगभग 65 से 70 लाख रुपए आंकी जा रही है। उन्होंने बताया कि 29 जून को डॉ. अंजली चौहान की शिकायत पर धर्मशाला थाना में चोरी का मामला दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार उनके घर से करीब तीन किलो चांदी, कई सोने के आभूषण, तीन मंगलसूत्र, सोने की बालियां, नकदी तथा सीसीटीवी डीवीआर चोरी हो गया था। एसएचओ धर्मशाला के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई थी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज, तकनीकी विश्लेषण और भौतिक साक्ष्यों के आधार पर संदिग्धों की पहचान की। पूछताछ के बाद गगल निवासी चंदन और अंजू पत्नी रमेश कुमार को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों ने चोरी की वारदात कबूल कर ली।


प्रेसवार्ता करते पुलिस अधीक्षक कुलभूषण वर्मा। अनंत ज्ञान

**मुख्य आरोपी पर दर्ज हैं 11 मामले:** उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपी चंदन के खिलाफ पहले से चोरी के 11 आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल दोनों आरोपियों का पुलिस रिमांड जारी है।

### हमीरपुर के ज्वेलर को बेच दिए थे आभूषण

**मुख्य** आरोपी चंदन ने चोरी किए गए करीब 15 तोला सोने के आभूषण हमीरपुर के एक ज्वेलर को बेच दिए थे। पुलिस ने ज्वेलर की दुकान से पिघलाया गया सोना भी बरामद कर लिया है और संबंधित व्यक्ति को जांच में शामिल किया गया है। वहीं आरोपी अंजू की निशानदेही पर गगल पुल के समीप झाड़ियों में छिपाकर रखे गए करीब 35 तोला सोने के आभूषण भी बरामद किए गए।

### कबाड़ इकट्ठा करने के बहाने करते थे रेकी

**पुलिस** जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी पहले कबाड़ और रद्दी इकट्ठा करने के बहाने इलाके में आते-जाते थे। इसी दौरान उन्होंने मकान की रेकी की थी। जिस रात चोरी हुई, उस समय मकान मालिक शादी समारोह में घर से बाहर गए हुए थे, जिसका फायदा उठाकर आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया। चोरी के बाद आरोपी सीसीटीवी डीवीआर भी अपने साथ ले गए थे। बाद में उन्होंने डीवीआर को फतेहपुर क्षेत्र की खड्ड में फेंक दिया, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। हालांकि डीवीआर क्षतिग्रस्त है और उसे फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। मामले का खुलासा पड़ोसी घरों के सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण से संभव हो पाया।

### नकदी-आभूषण घर में रखने से बचें

**पुलिस** अधीक्षक ने लोगों से अपील की कि घरों में अधिक नकदी और कीमती आभूषण रखने के बजाय बैंक लॉकर का उपयोग करें, सीसीटीवी कैमरे ऑनलाइन मोड में लगाएं और लंबे समय के लिए घर से बाहर जाने की जानकारी विश्वसनीय पड़ोसियों अथवा स्थानीय पुलिस को दें। उन्होंने सोशल मीडिया पर यात्रा संबंधी जानकारी सार्वजनिक करने से भी बचने की सलाह दी। साथ ही व्यापार मंडलों से बाजारों में रात्रि चौकीदार रखने का आग्रह किया।

## हैप्पी बर्थडे


लोअर लंबागांव के शिवांश को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### परागपुर में कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** परागपुर के राधा-कृष्ण मंदिर में बुधवार को आयोजित श्रीमद भागवत कथा का भव्य आगाज कालेश्वर से निकाली गई एक विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ।इस आध्यात्मिक अनुष्ठान की शुरुआत में भक्तों ने पूजन के उपरांत पवित्र बाबड़ी के जल से अपने कलश भरे और भक्तिपूर्ण माहौल में राधा-कृष्ण मंदिर तक पदयात्रा की।भागवताचार्य वीरेंद्र गर्ग शास्त्री ने कथा का शुभारंभ करते हुए कलश यात्रा के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि इसमें हर एक पग चलने का फल एक यज्ञ के समान पुण्यदायी होता है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा वेद और उपनिषदों का सार है, जिसे सुनने और मनन करने से व्यक्ति को वास्तविक भक्ति की प्राप्ति होती है।

### पालमपुर कन्या स्कूल के विलय का फैसला रद्द

**अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पालमपुर के विलय के निर्णय को प्रदेश सरकार द्वारा निरस्त किए जाने पर छात्रों, अभिभावकों, स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) और शैक्षणिक स्टाफ ने खुशी जताई है। सभी हितधारकों ने इस निर्णय के लिए प्रदेश सरकार और स्थानीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। अभिभावकों और एसएमसी पदाधिकारियों ने कहा कि स्थानीय विधायक आशीष बुटेल के प्रयासों से यह मामला सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाया गया। उन्होंने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का जनभावनाओं को समझते हुए त्वरित निर्णय लेने के लिए धन्यवाद किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या रितु जम्वाल ने भी फैसले पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विधायक, शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि स्कूल का विलय रुकने और इसे हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अधीन बनाए रखने से विद्यार्थियों को राहत मिली है।

## पालमपुर से चोरी मोटरसाइकिल सुजानपुर में बरामद, दो गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा के पालमपुर से चोरी मोटरसाइकिल सुजानपुर से बरामद हुआ है। करीब दस माह पहले पालमपुर से मोटरसाइकिल चोरी हुआ था, जो कि सुजानपुर पुलिस को वाहन चेकिंग के दौरान बरामद हुआ। इस मामले में हमीरपुर जिले के दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान 21 वर्षीय दिनेश कुमार निवासी गांव मझोग सुल्तानी, जिला हमीरपुर और 23 वर्षीय ऋषु कुमार निवासी गांव स्वाल, तहसील सुजानपुर, जिला हमीरपुर के रूप में हुई है।

सुजानपुर पुलिस ने दोनों आरोपियों को पालमपुर पुलिस के हवाले कर दिया है। एसपी कांगड़ा कुलभूषण वर्मा ने बताया कि 17 सितंबर 2025 को पालमपुर पुलिस थाना में मोटरसाइकिल चोरी का मामला दर्ज किया था, जिसमें शिकायतकर्ता की मोटरसाइकिल नंबर एचपी-37बी-9586 अज्ञात व्यक्ति



- करीब दस माह पहले चोरी हुई थी मोटरसाइकिल
- वाहन चेकिंग के दौरान सुजानपुर पुलिस ने पकड़ा

द्वारा चोरी कर लिया गया था। 6 जुलाई को पुलिस थाना सुजानपुर, जिला हमीरपुर द्वारा नियमित वाहन चेकिंग के दौरान एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल को रोका गया। मोटरसाइकिल के इंजन एवं चेसिस नंबर का सत्यापन करने पर यह मोटरसाइकिल थाना पालमपुर के उपरोक्त अभियोग में चोरी हुई मोटरसाइकिल पाई गई। एसपी ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

### धर्मशाला में 1 से 14 अगस्त तक होगी अग्निवीर भर्ती रैली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। भारतीय सेना द्वारा कांगड़ा और चंबा जिलों के युवाओं के लिए 1 अगस्त से 14 अगस्त तक धर्मशाला के सिंथेटिक ग्राउंड में अग्निवीर सेना भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। भर्ती रैली की तैयारियों को लेकर बुधवार को मिनी सचिवालय में एडीसी विनय कुमार की अध्यक्षता में सेना और प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक हुई। एडीसी ने एसडीएम एवं तहसीलदार धर्मशाला को नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए सभी विभागों में बेहतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अभ्यर्थियों के ठहरने, वाटरप्रूफ टेंट, पार्किंग, पुलिस कंट्रोल रूम, अतिरिक्त बसों, चिकित्सा सुविधा, एम्बुलेंस, सफाई, मोबाइल शौचालय, पेयजल, विद्युत और इंटरनेट सेवाओं की व्यवस्था समय पर पूरी करने को कहा। उन्होंने खेल, शिक्षा और तकनीकी शिक्षा विभागों को प्रमाण-पत्र सत्यापन के लिए सक्षम अधिकारियों की तैनाती के निर्देश दिए।

### पेड़ों की छंटाई व मरम्मत कार्य के चलते बड़ोह क्षेत्र में 9 से 14 जुलाई तक बिजली कटौती

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** बड़ोह के बिजली उपभोक्त ाओं को सूचित किया जाता है कि पेड़ों की कटाई-छंटाई एवं जरूरी मरम्मत कार्यों के लिए 9 से लेकर 14 जुलाई तक विद्युत आपूर्ति सुबह 9:00 बजे से कार्य समाप्ति तक बाधित रहेगी। यह जानकारी विद्युत उपमंडल बड़ोह के सहायक अभियंता ई. अनिल कुमार सैनी ने दी। उन्होंने बताया कि अगर मौसम अनुकूल न रहा तो यह कार्य अगले दिवस किए आएंगे। 9 जुलाई के 11केवी फीडर सद्दुं के तहत टेलीफोन एक्सचेंज बड़ोह, लूहना, अकराना, डब्ल्यूएसएस भीम गोडा, मंगरेला, सद्दुं, नेरा, ढडकर इत्यादि जगहों पर बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। 10 जुलाई को 11केवी फीडर कोठियां के तहत केके स्टोन क्रशर, गुमेहड़, डब्ल्यूएसएस बेहड़धार, मत्याल, कोठियां, बराना, जलोट, हरलू इत्यादि, 13 जुलाई को 11केवी फीडर सरोत्री के तहत सरोत्री, परेड, भलुना, पटारी, छुघेरा, पलाहचक्लू इत्यादि तथा 14 जुलाई को 11केवी फीडर रढ के तहत रढ, खोलू, भोरनी, हल्दबाड़ी, केथलाहड़, लुदरेट इत्यादि जगरों पर बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

### 'माय भारत से जुड़ें युवा, राष्ट्र निर्माण में निभाएं भूमिका'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** एडीसी विनय कुमार ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखकर खेल, नवाचार और समाज सेवा से जोड़ना सभी की जिम्मेदारी है। माय भारत पोर्टल पर 15 से 29 वर्ष के युवा पंजीकरण कर प्रशिक्षण, कौशल विकास और स्वयंसेवी गतिविधियों से जुड़ सकते हैं। उन्होंने शिक्षण संस्थानों को अधिक से अधिक पंजीकरण कराने और नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए। उप निदेशक ध्रुव डोगरा ने बताया कि जिले में माय भारत के तहत 12,456 युवा पंजीकृत हैं।

### स्वाभिमान पार्टी ने संगठन विस्तार की बनाई रणनीति

**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** भुवनेश्वर स्थित ओडिशा गेस्ट हाउस में स्वाभिमान पार्टी की ओडिशा प्रदेश कोर ग्रुप की बैठक हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष बलदेव राज सूद और संस्थापक अध्यक्ष वीरेन्द्र पांडेय ने संगठन विस्तार और आगामी रणनीति पर चर्चा की। नेताओं ने भ्रष्टाचार, महंगाई और व्यवस्था परिवर्तन जैसे मुद्दे उठाते हुए जल, जंगल, जमीन संरक्षण तथा स्थानीय निकायों को सशक्त बनाने पर जोर दिया। प्रदेश अध्यक्ष जीवानों पात्रों ने बताया कि पार्टी जल्द ही ओडिशा के सभी 30 जिलों और प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में संगठन का विस्तार करेगी।

### कर्मचारियों का लंबित भुगतान करे सरकार : मान सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** एचआरटीसी ड्राइवर्स यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष ठाकुर मान सिंह ने सरकार से कर्मचारियों की लंबित वित्तीय देनदारियां जल्द जारी करने की मांग की। धर्मशाला में उन्होंने कहा कि तबादलों से डरने वाले नहीं हैं और कर्मचारियों के अधिकारों से समझौता नहीं होगा। उन्होंने बताया कि सरकार ने भुगतान के लिए 10 जुलाई तक का समय मांगा है। यदि तय समय तक भुगतान नहीं हुआ तो यूनियन अगली रणनीति बनाकर आंदोलन पर फैसला करेगी। उन्होंने कर्मचारियों को वर्दी उपलब्ध न करवाने पर भी सरकार की आलोचना करते हुए सभी लंबित समस्याओं के समयबद्ध समाधान की मांग की।

### महर्षि विद्या मंदिर स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

**अनंत ज्ञान, गगल।** महर्षि विद्या मंदिर स्कूल, खटेहड़ (धर्मशाला) में विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 6 से 11 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न कक्षाओं में शानवी, शिवांगी, अश्विन-शौर्य, आयुषी, कनिका और साक्षी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अन्य विद्यार्थियों ने द्वितीय स्थान हासिल किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार शर्मा ने विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई देते हुए विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार और रचनात्मक सोच विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

### जमा दो पुनर्मूल्यांकन व पुनर्निरीक्षण के परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।**हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने मार्च 2026 में आयोजित 12वीं बोर्ड परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण के परिणाम घोषित कर दिए हैं। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने आवेदन किया था, वे बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपना संशोधित परिणाम देख सकते हैं। किसी भी जानकारी के लिए पुनर्मूल्यांकन संबंधी हेल्पलाइन 01892-242158 तथा पुनर्निरीक्षण संबंधी हेल्पलाइन 01892-242122 पर कार्यालय समय में संपर्क किया जा सकता है। बोर्ड ने विद्यार्थियों से वेबसाइट पर परिणाम अवश्य जांचने और किसी भी शंका के समाधान के लिए निर्धारित नंबरों का ही उपयोग करने की अपील की।

## जिला मजिस्ट्रेट के आदेश, ट्रेकिंग से पहले पंजीकरण कराना होगा अनिवार्य

अनंत ज्ञान

- 15 अक्तूबर तक लागू रहेंगे निर्देश, नियमों की अवहेलना पर होगी कानूनी कार्रवाई

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले की धौलाधार पर्वत श्रृंखला के विभिन्न ट्रेकिंग रूटों पर हाल के समय में ट्रेकर्स के फंसने, लापता होने तथा दुर्घटनाओं का शिकार होने की बढ़ती घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए जिला मजिस्ट्रेट कांगड़ा हेमराज बैरवा ने जन सुरक्षा के दृष्टिगत महत्वपूर्ण आदेश जारी किए हैं।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं और आगामी 15 अक्तूबर तक प्रभावी रहेंगे। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि मानसून के दौरान भूस्खलन, घना कोहरा, फ्लैश फ्लड, कम दृश्यता तथा फिसलन भरे रास्तों के कारण ट्रेकिंग गतिविधियां अधिक जोखिमपूर्ण हो जाती हैं। कई मामलों में ट्रेकर्स द्वारा अपनी यात्रा की पूर्व सूचना अथवा निर्धारित मार्ग की जानकारी साझा नहीं किए जाने के कारण खोज एवं बचाव अभियान लंबा, चुनौतीपूर्ण तथा संसाधन-गहन बन जाता है। इससे न केवल ट्रेकर्स बल्कि बचाव दल के सदस्यों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ जाती है। इन परिस्थितियों को देखते हुए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, कांगड़ा द्वारा जिले के दस प्रमुख ट्रेकिंग रूटों की पहचान की गई है। धौलाधार पर्वत श्रृंखला में 3600 मीटर से 4600 मीटर तक की ऊंचाई वाले इन ट्रेकिंग रूटों में बलेणी, मिनिकियाणी, भीमघसूतड़ी, इंद्रहार, कुंदली, तोराल, तालंग, सिंघाड़, वरू तथा जालसू पास शामिल हैं। इन सभी ट्रेकिंग मार्गों के प्रारंभिक बिंदुओं पर आपदा प्रबंधन चेक पोस्ट स्थापित किए जाएंगे, जो प्रतिदिन प्रात: 5 बजे से सायं 5 बजे तक संचालित रहेंगे। आदेशों के अनुसार, इन चिन्हित ट्रेकिंग रूटों पर जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति अथवा समूह के लिए ट्रेक शुरू करने से पूर्व संबंधित चेक पोस्ट पर व्यक्तिगत रूप से पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही अपनी विस्तृत यात्रा योजना, संपर्क विवरण तथा वापसी का संभावित समय भी दर्ज कराना होगा। आदेशों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 51 तथा भारतीय न्याय संहिता के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### बीपीएल आवेदन की अंतिम तिथि 13 तक बढ़ाना जनहित में लिया गया सराहनीय निर्णय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश चौधरी फाउंडेशन ने प्रदेश सरकार द्वारा बीपीएल पंजीकरण की अंतिम तिथि 13 जुलाई तक बढ़ाए जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे आम जनता के हित में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम बताया है। चौधरी फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक चौधरी तथा महासचिव अश्वनी चौधरी ने संयुक्त बयान में कहा कि फाउंडेशन ने हाल ही में उपायुक्त कांगड़ा के माध्यम से प्रदेश सरकार को ज्ञापन सौंपकर बीपीएल आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग की थी।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेती-बाड़ी का सीजन होने, आवश्यक दस्तावेज़ जुटाने में आ रही कठिनाइयों तथा पंचायत स्तर पर बढ़ती भीड़ के कारण अनेक पात्र परिवार समय पर आवेदन नहीं कर पा रहे थे। सरकार द्वारा समय सीमा बढ़ाने का निर्णय ऐसे हजारों जरूरतमंद परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित होगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए सकारात्मक निर्णय लेना स्वागत योग्य है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी जनहित से जुड़े मुद्दों पर इसी प्रकार संवेदनशीलता के साथ निर्णय लिए जाएंगे। दीपक चौधरी और अश्वनी चौधरी ने प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए सभी पात्र परिवारों से अपील की कि वे 13 जुलाई की अंतिम तिथि से पहले अपने सभी आवश्यक दस्तावेज पूरे कर बीपीएल पंजीकरण अवश्य करवाएं, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति इस योजना के लाभ से वंचित न रहे।

# योल की नई पंचायतों की पहली ग्राम सभा में उठे सवाल, सूचना के अभाव में फीकी रही भागीदारी

अनंत ज्ञान

**मनोज चंदेल, योल।** योल छावनी परिषद के विघटन के बाद गठित नई पंचायतों में आयोजित पहली ग्राम सभाओं में प्रशासनिक तैयारियों पर सवाल उठे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि बैठक की तिथि में बदलाव की जानकारी समय पर नहीं मिल पाई, जिससे कई पंचायतों में अपेक्षित भागीदारी नहीं हो सकी। ग्राम सभा का मुख्य एजेंडा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के सर्वे को प्रस्तुत करना था, लेकिन पंचायतों में अभी परिवार रजिस्टर और अन्य अभिलेख तैयार न होने से पारदर्शिता को लेकर चिंता जताई गई। टीका लैहसर पंचायत में कम उपस्थिति के कारण कोरम पूरा नहीं हुआ और बैठक स्थगित करनी पड़ी, जबकि चतैड पंचायत में ग्राम सभा नहीं हो सकी। बणी और नरवाना पंचायतों में बैठकें सफल रहीं। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द रिकॉर्ड तैयार करने और लोगों को पंचायत व्यवस्था व योजनाओं के प्रति जागरूक करने की मांग की।

### पहली ग्राम सभा में लोगों ने उत्साह के साथ लिया भाग: सुखवीर



**बणी** पंचायत के प्रधान सुखवीर मल्होत्रा ने कहा कि नवगठित पंचायत की पहली ग्राम सभा में ग्रामीणों ने उत्साह के साथ भाग लिया। उन्होंने बताया कि लोगों को पंचायत व्यवस्था और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने प्रशासन से पंचायत के साथ समन्वय बनाकर परिवार रजिस्टर और अन्य जरूरी रिकॉर्ड जल्द तैयार करने की मांग की, ताकि लोगों को मूलभूत सुविधाओं और योजनाओं का समय पर लाभ मिल सके।

### लैहसर पंचायत की ग्राम सभा 22 को होगी: सुखदेव भाटिया



**लैहसर** पंचायत के प्रधान सुखदेव भाटिया ने बताया कि कोरम पूरा न होने के कारण ग्राम सभा स्थगित करनी पड़ी। उन्होंने कहा कि बैठक की सूचना देर से मिलने से सभी लोगों तक जानकारी नहीं पहुंच सकी। अब ग्राम सभा 22 जुलाई को होगी। परिवार रजिस्टर और पंचायत रिकॉर्ड जल्द तैयार किए जाएंगे।

### चतैड पंचायत की ग्राम सभा में 13 को होगी विकास कार्यों पर चर्चा



**चतैड** पंचायत के उपप्रधान साजन कुमार ने बताया कि पंचायत की ग्राम सभा 13 जुलाई को आयोजित की जाएगी। बैठक में सरकारी योजनाओं, पंचायत से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों और विकास कार्यों पर चर्चा होगी। उन्होंने सभी ग्रामीणों से उपस्थित होकर अपने सुझाव देने और पंचायत विकास में सहयोग करने की अपील की।

### सूचना समय पर पहुंचाना प्रशासन और पंचायत सचिव की जिम्मेदारी



**लैहसर** पंचायत के स्थानीय निवासी डॉ. विजय ने कहा कि ग्राम सभा लोकतंत्र की महत्वपूर्ण इकाई है। उन्होंने कहा कि बैठक की सूचना समय पर हर घर तक पहुंचाना प्रशासन और पंचायत सचिव की जिम्मेदारी है। नई पंचायतों में केवल बैठक आयोजित करना ही नहीं, बल्कि लोगों को जागरूक करना भी आवश्यक है।

### 2.15 ग्राम चिट्टे सहित युवक को किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा में नशे के कारोबार पर लगाम लगाने के लिए पुलिस लगातार सख्त अभियान चला रही है। चिट्टा तस्करों और नशा तस्करी के नेटवर्क को तोड़ने के लिए जिला पुलिस रोजाना नाकाबंदी, वाहन जांच और अंतरराज्यीय समन्वय के साथ कार्रवाई कर रही है। इसी अभियान के तहत सीआईए टीम ने पालमपुर क्षेत्र में एक युवक को चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। यह जानकारी एसपी कांगड़ा कुलभूषण वर्मा ने मीडिया से बातचीत के दौरान दी। एसपी कुलभूषण वर्मा ने बताया कि सीआईए को मिली गुप्त सूचना के आधार पर भुआना के पास नाकाबंदी के दौरान बाइक पर सवार 22 वर्षीय आकाश, निवासी तहसील पालमपुर, की तलाशी ली गई। इस दौरान उसके कब्जे से 2.15 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद हुई। आरोपी को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया। चूंकि बरामद मात्रा जमानती श्रेणी की थी, इसलिए कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे जमानत पर रिहा किया गया है। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि आरोपी केवल नशे का सेवन करता था या तस्करी में भी शामिल था तथा उसके अन्य तस्करों से संबंधों की भी पड़ताल की जा रही है।

## डमटाल क्षेत्र में 274 ग्राम चिट्टे के साथ पंजाब के तीन युवक गिरफ्तार



अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर की सीआईए टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। थाना डमटाल क्षेत्र में 274 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अमृतसर से एक स्विफ्ट कार में सवार तीन व्यक्ति भदरोआ, कंडवाल और आसपास के क्षेत्रों में नशीले पदार्थ की सप्लाई करने आ रहे हैं।

सूचना के आधार पर भदरोआ स्थित वन विभाग विश्राम गृह के समीप नाकाबंदी की गई। संदिग्ध वाहन को रोककर नियमानुसार तलाशी लेने पर पीछे की सीट पर बैठे आरोपी कुनाल अरोड़ा के स्लिंग बैग से 274 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने नशीले पदार्थ के साथ वाहन को भी कब्जे में ले लिया। इस मामले में थाना डमटाल में एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21, 25 और 29 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कुनाल अरोड़ा (31) निवासी अमृतसर, हैरी (26) निवासी बटाला, जिला गुरदासपुर तथा मोहित कुमार (37) निवासी अमृतसर के रूप में हुई है। एएसपी धर्म चंद वर्मा ने बताया कि पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि नशीला पदार्थ कहां से लाया गया और किन लोगों तक पहुंचाया जाना था। नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

### जून माह तक नशा तस्करी में संलिप्त 22 लोगों को किया निरुद्ध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पुलिस, नूरपुर पुलिस, हिमाचल प्रदेश एसटीएफ तथा अन्य जिलों की पुलिस के साथ समन्वय बनाकर नशा तस्करी के खिलाफ संयुक्त अभियान चला रही है। एसपी कांगड़ा कुलभूषण वर्मा ने बताया कि पंजाब सीमा सहित अन्य प्रवेश मार्गों पर नियमित नाकाबंदी, रात के समय विशेष गश्त तथा अंतरराज्यीय और अंतरजिला चेकिंग लगातार की जा रही है ताकि नशा तस्करों की गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने बताया कि 30 जून तक पीआईटी एनडीपीएस के तहत करीब 22 लोगों को निरुद्ध (डिटेंशन) किया जा चुका है। ऐसे तस्करों के खिलाफ भी नए प्रस्ताव तैयार किए जा रहे हैं जो पहले भी एनडीपीएस मामलों में शामिल रहे हैं और लगातार नशा तस्करी की गतिविधियों में संलिप्त पाए जा रहे हैं। कांगड़ा पुलिस का अभियान आगे भी इसी सख्ती के साथ जारी रहेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व सीएम स्व. वीरभद्र सिंह को किया याद



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री स्व. राजा वीरभद्र सिंह की पुण्यतिथि पर बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी हमीरपुर और अन्य कांग्रेसियों ने विश्राम ग्रह हमीरपुर में श्रद्धांजलि अर्पित की। इस श्रद्धांजलि सभा में स्व. राजा वीरभद्र सिंह जी के राजनीतिक और सामाजिक जीवन गाथा पर प्रकाश डाला। हमीरपुर शहरी अध्यक्ष देवीदास शहंशाह की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रार्थना सभा में जिला कांग्रेस कमेटी हमीरपुर अध्यक्ष सुमन भारती, ब्लाक अध्यक्ष सुनील कुमार, तेज नाथ, अनिल चौधरी, डॉ. चंदन राणा, अखिलेश चौधरी, नीरज ठाकुर, मनु शर्मा, रजत राणा, पीसी डोगरा, पंकज मिन्हास, विकास लड्ड, मुकेश ठाकुर, राजेश पठानिया एवं अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

### पूर्व प्रधान सुरिंदर की कांग्रेस में वापसी



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्वारडू पंचायत के पूर्व प्रधान सुरिंदर कुमार ने कांग्रेस पार्टी में घर वापसी करते हुए सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह की उपस्थिति में कांग्रेस का दामन थाम लिया। इस अवसर पर विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने उन्हें शाल और हिमाचली टोपी पहनाकर पार्टी में स्वागत एवं अभिनंदन किया। सुरिंदर ने कहा कि विधायक कैप्टन रणजीत सिंह द्वारा सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों तथा माननीय मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर उन्होंने कांग्रेस परिवार में घर वापसी का निर्णय लिया है।

### आईएचएम हमीरपुर में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर। होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर में सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न होटल मैनेजमेंट कोर्सों में प्रवेश जारी हैं। 12वीं पास छात्र तीन वर्षीय बीएससी सहित डिप्लोमा और क्राफ्ट्समैनशिप कोर्सों में आवेदन कर सकते हैं। संस्थान का प्लेसमेंट रिकॉर्ड उत्कृष्ट है। हमीरपुर के एडीसी एवं आईएचएम के कार्यकारी प्रधानाचार्य अभिषेक गर्ग ने बताया कि इस वर्ष 82 छात्रों को प्रतिष्ठित होटल एवं कंपनियों से कैंपस प्लेसमेंट ऑफर मिले। अधिक जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइट या हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है।

### भोटा स्कूल में एनएसएस शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, भोटा।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोटा में एनएसएस का एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। स्वयंसेवियों ने विद्यालय परिसर की स्वच्छता, हर्बल गार्डन की देखभाल और फूलों की क्यारियों की सफाई की। शिविर में रिफ्रेशमेंट की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम अधिकारी चंदरकांता, संदीप शर्मा, दीक्षा भारती सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। प्रधानाचार्या सनम के मार्गदर्शन में शिविर सफल रहा।

### नवोदय में प्रवेश के लिए 31 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय डूंगरी के शैक्षणिक सत्र 2027-28 में छठी कक्षा में प्रवेश के लिए लिखित परीक्षा 28 नवंबर, 2026 को प्रातः 11:30 बजे विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के लिए पात्र विद्यार्थी 31 जुलाई 2026 तक वेबसाइट नवोदया.जीओवी.इन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। नवोदय विद्यालय के प्रधानाचार्य विक्रम कुमार ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के दौरान हमीरपुर जिले के किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान में पांचवीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थी इस प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए फोन नंबर 8219482550 और 9478179594 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

### ताल स्कूल में बच्चों को बताए नशे के दुष्प्रभाव



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ताल में एंटी चिट्टा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। नायब तहसीलदार जाहू कश्मीर खान ने विद्यार्थियों को चिट्टे के कानूनी दुष्परिणामों और बचाव के उपायों की जानकारी दी। आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. मोनिका शर्मा ने नशे से होने वाले स्वास्थ्य नुकसान बताए। प्रधानाचार्य अतुल शर्मा ने विद्यार्थियों को सतर्क रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने नशे से दूर रहने की शपथ ली।

### विजय बने मटाहनी स्कूल की एसएमसी के प्रधान



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** राजकीय उच्च विद्यालय मटाहनी में स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत संपन्न हुए। अभिभावकों ने बड़ी संख्या में भाग लेते हुए विजय कुमार को एसएमसी प्रधान और सुमना देवी को उपप्रधान निर्विरोध चुना। नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। विजय कुमार ने कहा कि वे प्रधानाचार्य, शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग से विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक वातावरण बनाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने और नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने पर जोर दिया।

# सीटू ने किया श्रम कल्याण बोर्ड कार्यालय का घेराव

## कहा- प्रदेश सरकार कर रही मजदूरों का शोषण, तीन-तीन बार केवाईसी के बाद भी समस्या हल नहीं हो रही

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** तमाम अवरोधों के बावजूद बुधवार को हमीरपुर में सीटू के बैनर तले उसके कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने बाजार में सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला और बाद में श्रम कल्याण बोर्ड के हमीरपुर स्थित कार्यालय में पहुंचकर उसका घेराव भी किया। वहां काफी देर तक सीटू के कार्यकर्ता और उसके नेता जमे रहे, नारेबाजी करते रहे।

प्रदेशभर से सैकड़ों मजदूर सुबह से ही हमीरपुर की तहसील परिसर में इकट्ठा होना शुरू हुए और शहर के बीचों-बीच जुलूस निकालते हुए श्रम कल्याण बोर्ड के राज्य कार्यालय पर अपनी मांगों को लेकर जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। हमीरपुर, शिमला, मंडी, कुल्लू, सोलन, सिरमौर, बिलासपुर, चंबा, किन्नौर तथा कांगड़ा जिलों से सैंकड़ों मजदूरों ने इस प्रदर्शन में





धरना-प्रदर्शन करते हुए मजदूर और उनके नेता। अनंत ज्ञान

भाग लिया। उनका आरोप था कि जब से हिमाचल में सुक्खू सरकार बनी है, तब से ही श्रम कल्याण बोर्ड से निर्माण मजदूरों को मिलने वाले लाभ बंद कर दिए गए हैं। कल्याण बोर्ड द्वारा कभी मजदूरों का पंजीकरण और नवीनीकरण बंद कर दिया जाता है, तो कभी ई-केवाईसी के नाम पर मजदूरों को परेशान किया जाता है। वर्तमान स्थिति में श्रम कल्याण बोर्ड में वर्ष 2021 से ही मजदूरों के लाभ लंबित पड़े हैं। कई बार सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद भी लाभ जारी नहीं किए जा रहे हैं, जिससे मजदूरों में भारी रोष है। कल्याण बोर्ड की कार्यप्रणाली इतनी लचर है कि अब मजदूरों को ई-केवाईसी के ना इसके पर भी लाभों से वंचित किया जा रहा है। पहले बोर्ड के पोर्टल के माध्यम से मजदूरों की ई-केवाईसी की गई, जिसे अब मानने से इंकार किया जा रहा है और नई ऐप के माध्यम से दोबारा ई-केवाईसी करने को कहा जा रहा है। तीन-तीन बार ई-केवाईसी करवाने के बावजूद भी मजदूरों को लाभ नहीं मिल रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि कल्याण बोर्ड का काम अब केवल मजदूरों को परेशान करना रह गया है। श्रम कल्याण बोर्ड में जमा राशि का 95 प्रतिशत हिस्सा मजदूरों के कल्याण पर तथा केवल 5 प्रतिशत हिस्सा प्रशासनिक खर्चों पर व्यय करने का प्रावधान है, जबकि हिमाचल प्रदेश में प्रशासनिक खर्च लगभग 30 प्रतिशत तक पहुंच गए हैं और मजदूरों को अपने वैधानिक लाभों के लिए दर-दर भटकने को मजबूर किया जा रहा है। प्रदर्शन को सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉ. कश्मीर ठाकुर, राज्य महासचिव प्रेम गौतम, राज्य अध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, निर्माण मजदूर यूनियन के राज्य अध्यक्ष जोगिंदर कुमार तथा राज्य महासचिव अमित कुमार ने संबोधित किया।

नेताओं ने कहा कि मजदूरों की इन बुनियादी मांगों को लेकर श्रम कल्याण बोर्ड की बैठकों में कई बार निर्णय लिए गए, लेकिन आज तक उन्हें धरातल पर लागू नहीं किया गया। प्रदर्शन के उपरांत सीटू एवं निर्माण मजदूर यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष से मुलाकात कर मजदूरों की मांगों को मजबूती से रखा। वार्ता के दौरान बोर्ड अध्यक्ष ने माना कि 31 जुलाई 2026 तक मुख्यालय को भेजे जाने वाले सभी पात्र दावों का भुगतान 15 अगस्त 2026 से पहले कर दिया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि वर्ष 2021 से 2023 तक लंबित पेंशन, मृत्यु सहायता, छात्रवृत्ति तथा अन्य सभी दावों जिनमें मनरेगा मजदूर, परियोजना मजदूर, मिस्त्री, इलेक्ट्रिशियन, वेल्डर, पेंटर तथा अन्य निर्माण श्रमिक शामिल हैं, को जिला श्रम कल्याण कार्यालयों से 15 अगस्त 2026 तक बोर्ड मुख्यालय भेजा जाएगा तथा उनका भुगतान 30 सितंबर 2026 तक कर दिया जाएगा। इसके लिए सभी जिला श्रम कल्याण अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए जाएंगे। बैठक में यह भी तय किया गया कि पुराने लंबित दावों के लिए ई-केवाईसी कराने हेतु नवीनीकरण कराना आवश्यक नहीं होगा तथा बिना नवीनीकरण के भी ई-केवाईसी की जा सकेगी।

### बोर्ड अध्यक्ष का आश्वासन, 30 दिन में होंगे श्रमिक पंजीकरण नवीनीकरण आवेदन निपटारे

**बोर्ड** अध्यक्ष ने कहा कि पंजीकरण एवं नवीनीकरण के सभी आवेदन जमा होने के 30 दिनों के भीतर निपटाए जाएंगे तथा इनके लिए किसी प्रकार के भौतिक सत्यापन की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि भौतिक सत्यापन केवल लाभ संबंधी दावों के मामलों में ही किया जाएगा। यूनियन नेताओं ने स्पष्ट किया कि यदि बोर्ड अपने दिए गए आश्वासनों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर लागू नहीं करता है, तो हिमाचल भवन, सड़क एवं अन्य निर्माण मजदूर यूनियन (सीटू) पूरे प्रदेश में उग्र एवं निर्णायक आंदोलन छेड़ेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रदेश सरकार एवं श्रम कल्याण बोर्ड की होगी।

# जौड़ेअंब में सड़क बनी तालाब, लोग परेशान

## विस्तारीकरण कार्य के बावजूद सड़क की हालत खराब, लोगों ने विभाग पर उठाए सवाल

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पढ़ने वाली मैहरे से घनेटा बाया दांदडू सड़क मार्ग जौडेअंब के पास तालाब बना हुआ है। हालांकि इस सड़क मार्ग का विस्तारीकरण का कार्य लंबे अरसे से चला हुआ है। जिस पर करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं परंतु यह सड़क मार्ग बड़सर विधानसभा के विधायक इंद्र दत्त लखनपाल के ससुराल के पास खस्ता हाल में है लोगों ने यह भी सवाल खड़े किए हैं की कहीं विधायक लखनपाल को एक बार पुनः जीतकर विधानसभा में भेजना उन पर भारी तो नहीं हो रहा है।

अनंत ज्ञान मुद्दा



सड़क से बह रहे पानी के बीच गुजरते वाहन। अनंत ज्ञान

बता दें कि जहां पर सड़क तालाब बनती है उससे आगे पीछे कुछ सड़क बेहतर हाल में भी है लेकिन जब कोई बाहन चालक या फिर स्कूटर मोटरसाइकिल चालक जोड़े अंव कस्बा में पहुंचता है तो सड़क क्रॉस करना मतलब आफत यानी के बहुत बड़ा खतरा सड़क में पानी खड़ा होने के चलते राहगीरों स्कूली बच्चों को सबसे ज्यादा समस्या सड़क क्रॉस करने में होती है क्योंकि बगल में ही एक सरकारी स्कूल है साथ में ही एक प्राइवेट आईटीआई भी वहां स्थापित है। बच्चों का भी कहना है कि विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों को समस्या से अवगत करवाने के बाद भी कोई हल नहीं किया गया लगता है कि विभाग और सरकार किसी बड़े हादसे के ताक में है। स्थानीय लोगों पवन कुमार अश्विनी शर्मा राकेश शर्मा मीना कुमारी रुचि ठाकुर स्नेह लता, हुकम सिंह प्रवीण कुमार दौलत राम दीनानाथ आदि ने तालाब बनी सड़क को ठीक करने की मांग की है लोगों का कहना है की बरसात के मौसम में अगर कोई हादसा यहां हो जाता है या फिर जान माल का नुकसान होता है इसका ठीकरा सरकार और लोक निर्माण विभाग में मंत्री के सिर पर फोड़ा जाएगा। क्या कहते हैं लोक निर्माण विभाग के एक्शन राजेंद्र पाल हाल ही में बड़सर उपमंडल का अतिरिक्त कार्यभार संभाला है साइट विजिट कर ही कुछ कहा जा सकता है।

# हिम अकादमी पब्लिक स्कूल में चार दिवसीय स्कॉलास्टिक बुक फेयर शुरू



अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** विद्यार्थियों में पढ़ने की आदत विकसित करने, ज्ञान के प्रति जिज्ञासा बढ़ाने और कल्पनाशीलता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकास नगर में चार दिवसीय स्कॉलास्टिक बुक फेयर का शुभारंभ किया गया।

विद्यालय परिसर पुस्तकों, उत्साह और सीखने की ऊर्जा से भर उठा। पुस्तक मेले का उद्घाटन विद्यालय के चेयरपर्सन प्रो. आरसी लखनपाल, वाइस चेयरपर्सन श्रीमती सीपी लखनपाल, प्रधानाचार्या इंजीनियर नैना लखनपाल, हेडमिस्ट्रेस श्रीमती कंचन लखनपाल, अकादमिक समन्वयक श्रीमती मनीषा मरवाहा सहित अन्य शिक्षकों की उपस्थिति में हुआ। आयोजन के सफल संचालन में श्रीमती शिवानी शामा की भूमिका सराहनीय रही। उनके कुशल प्रबंधन और समन्वय से पुस्तक मेले को आकर्षक रूप मिला। बुक फेयर में विद्यार्थियों के लिए कहानी पुस्तकों, विश्वकोशों, विज्ञान, सामान्य ज्ञान, क्लासिक साहित्य, कॉमिक्स, ग्राफिक नॉवेल, गतिविधि पुस्तकों, पहेलियों और नैतिक मूल्यों पर आधारित साहित्य का विस्तृत संग्रह प्रदर्शित किया गया। सभी आयु वर्ग के विद्यार्थियों ने अपनी रुचि के अनुसार पुस्तकों का चयन किया। प्रधानाचार्या इंजीनियर नैना लखनपाल ने कहा कि पढ़ने की आदत विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, रचनात्मक सोच और भाषा कौशल को मजबूत करती है। 8 से 11 जुलाई तक चलने वाला यह पुस्तक मेला विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए ज्ञान, कल्पना और सृजनशीलता का उत्सव बन गया है।

# कांग्रेस सरकार ने लटकाया, राजेंद्र राणा के संघर्ष ने दिलाया आंसला सब स्टेशन

अनंत ज्ञान

- भाजपा मंडल व पंचायत प्रतिनिधियों ने पूर्व विधायक राणा का जताया आभार
- कहा-16 पंचायतों की आवाज उठाई, बदले की राजनीति हारी, जनता जीती

**ब्यूरो हमीरपुर/सुजानपुर।** पटलांदर क्षेत्र की 16 पंचायतों के जनप्रतिनिधियों और सुजानपुर भाजपा ने पूर्व विधायक राजेंद्र राणा के अथक प्रयासों से आंसला में स्थापित 33 केवी विद्युत सब स्टेशन के शुरू होने पर खुशी जाहिर करते हुए उनका हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष जसवंत सिंह, उपाध्यक्ष लेखराज ठाकुर, महामंत्री सुरेश ठाकुर और विभिन्न पंचायत प्रतिनिधियों व बीडीसी सदस्यों ने प्रेस बयान में कहा कि जनता की आवाज कुछ समय के लिए दबाई जा सकती है, हमेशा के लिए नहीं।

कांग्रेस की तानाशाही सरकार को राजेंद्र राणा ने बैकफुट पर आने और घुटने टेकने पर मजबूर किया। बीते डेढ़ वर्षों से कांग्रेस सरकार द्वारा इस जनहित के कार्य को जानबूझकर उद्घाटन लटकाया गया और जनता की मूलभूत आवश्यकता को राजनीति की भेंट चढ़ाया, लेकिन क्षेत्र की 16 पंचायतों की आवाज बनकर राजेंद्र राणा के संघर्ष के आगे अंततः सरकार को झुकना पड़ा। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर जनता को डेढ़ साल तक परेशानी में रखकर और सुविधा से वंचित कर सरकार को हासिल क्या हुआ? क्या सरकार को इसमें भी अपनी बेइज्जती महसूस हुई कि राजेंद्र राणा द्वारा इस सब स्टेशन को स्वीकृत करवाकर काम पूरा करवाया गया? क्या लोकतंत्र में बदले की भावना से जनता की सुविधा छीनना न्यायसंगत है? अगर सरकार ने ऑनलाइन ही फीता काटना था तो पहले ही यह काम कर देती, अपनी किरकिरी से तो बच जाती। वक्ताओं ने कहा कि राजेंद्र राणा ने कभी क्षेत्र में बदले की भावना से काम नहीं किया।

वे वर्षों से जनता के सुख-दुख में सबसे आगे खड़े रहते हैं। क्षेत्र की बिजली की समस्या को दूर करने के लिए उन्होंने विधानसभा से लेकर सरकार के हर स्तर पर आवाज उठाई, लेकिन सरकार की हठधर्मिता पर आखिर में धरना-प्रदर्शन व चक्का जाम का अल्टीमेटम तक दिया, तब जाकर सरकार की आंखें खुली। भाजपा पदाधिकारियों ने सुजानपुर की जनता को आश्वस्त किया कि द्वेष भावना से रोके गए हर विकास कार्य की आवाज आगे भी उठाई जाएगी। जनता के हित सर्वोपरि हैं। साथ ही उन्होंने पूर्व विधायक से क्षेत्र की अन्य लंबित मांगों को भी शीघ्र पूरा करवाने की मांग की, जिन्हें प्रदेश सरकार ने लटकाया हुआ है।

# रिटायरमेंट क्लेम में देरी पर भड़के बिजली बोर्ड पेंशनर्स, घेराव की दी चेतावनी

## स्मार्ट मीटरिंग निजी कंपनियों के हित में, उपभोक्ताओं पर बढ़ेगा बोझ : खरवाड़ा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम की भोरंज इकाई की बैठक अध्यक्ष इंजीनियर राजेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे। पेंशनरों ने आरोप लगाया कि बिजली बोर्ड प्रबंधन सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित रिटायरमेंट क्लेम का समय पर भुगतान करने में विफल रहा है।

उनका कहना था कि जनवरी 2025 तक के ही कुछ दावे निपटाए गए हैं, जबकि ठेकेदारों और फर्मों के मई 2026 तक के भुगतान किए जा चुके हैं। फोरम ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो अगस्त में राज्य स्तरीय बैठक कर कुमार हाउस में आंदोलन किया जाएगा। फोरम ने प्रबंधन से लंबित मांगपत्र पर जल्द बैठक बुलाने की मांग भी दोहराई। कुलदीप सिंह



बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम भोरंज इकाई की बैठक आयोजित।

खरवाड़ा ने केंद्र सरकार की आरडीएसएस योजना के तहत लागू की जा रही स्मार्ट मीटरिंग का विरोध करते हुए कहा कि इससे बड़े कॉरपोरेट घरानों को लाभ मिलेगा, जबकि उपभोक्ताओं, कर्मचारियों और पेंशनरों के हित प्रभावित होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि निजी कंपनियां बिना निवेश किए बिजली वितरण व्यवस्था का लाभ उठाएंगी और स्मार्ट मीटरों के माध्यम से उपभोक्ताओं का डेटा एकत्र करेंगी। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटरिंग पर होने वाला खर्च अंततः उपभोक्ताओं से वसूला जाएगा, जिससे बिजली बिल बढ़ने की आशंका है। साथ ही निजीकरण से नियमित कर्मचारियों के सरप्लस होने और आउटसोर्स कर्मचारियों की नौकरियां प्रभावित होने का भी खतरा है। फोरम ने प्रदेश सरकार से स्मार्ट मीटरिंग के लिए स्वीकृत राशि से अधिक के टेंडरों की जांच कराने तथा योजना पर पुनर्विचार करने की मांग की। अंत में फोरम ने बिजली बोर्ड के चेयरमैन प्रबोध सक्सेना से पेंशनरों की लंबित अदायगी को प्राथमिकता देने और शीघ्र बैठक बुलाने का आग्रह किया।

## नादौन ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में की विकास कार्यों पर चर्चा

# 121 बूथ व पांचों जोन कमेटियों का होगा पुर्नगठन

अनंत ज्ञान

**सोनल, नादौन।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नादौन की बैठक गीता नादौन आयोजित की गई जिसमें नादौन विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों बारे विस्तार से चर्चा की गई तथा इसके लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का अभार व्यक्त किया गया।

बैठक में संगठन को मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा की गई तथा निर्णय लिया गया कि नादौन विधानसभा क्षेत्र के सभी के सभी 121 पोलिंग बूथों की कमेटियों का पुर्नगठन किया जाए। इसके अलावा नादौन कांग्रेस के नगर परिषद नादौन जोन के अलावा अमलैहड़, सपड़ोह, मालग व गलोड़ सभी जोन की कमेटियों का भी 14 अगस्त से पहले पहले पुर्नगठन किया जाएगा, जिसके लिए रणनीति तैयार कर ली गई है। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष कैप्टन पृथ्वी चंद ने की। बैठक में ओबीसी कल्याण बोर्ड के वाइस चेयरमैन डॉ. मोहन लाल,



ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में भाग लेते कांग्रेस कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

अल्प संख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष जान मोहम्मद,वरिष्ठ कांग्रेसी संतोष संधू, कमल कम्मी, सीमा देवी, एससी सैल के प्रधान प्रदीप कुमार, महिला कांग्रेस की ब्लॉक प्रधान रीना देवी, सुनील बिट्टू, रमेश पराशर, चौधरी धर्मपाल पूर्व प्रधान लाहड़ कोटलू, बलदेव चौधरी, कार्यालय सचिव नानक चंद, रणजीत सिंह राणा, कांग्रेस प्रवक्ता विवेक कटोच सहित काफी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व कांग्रेस समर्थक पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रधान कैप्टन पृथ्वी चंद ने कहा कि नादौन विधानसभा क्षेत्र में ही नहीं समूचे प्रदेश में चौमुखी विकास हो रहा है। बैठक में लोगों की समस्याओं को भी सुना जिन्हें समाधान के लिए माननीय मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा। वहीं, ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में वरिष्ठ कांग्रेसी नेत्री एवं महिला आयोग सदस्य डॉ. राज धीमान,हरभन सिंह कलूर व ईश्वर दास कौंडल भूंपल के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की गई।

# नादौन के वार्ड-3 सेरी में जलभराव बना आफत, ट्रांसफार्मर के पास करंट का खतरा

अनंत ज्ञान

**नादौन।** नादौन शहर के वार्ड न. 3 सेरी में बिजली के ट्रांसफार्मर के पास थोड़ी सी बारिश होने पर भी बारिश का पानी भर जाता है, जिसे लेकर आस पास के निवासी काफी परेशान हैं। स्कूली बच्चों को भी बरसात के दिनों में इस रास्ते से आना जाना भी परेशानी भरा होता है। जलभराव के कारण बिजली के ट्रांसफार्मर से करंट का खतरा बना रहता है। इससे लोग चिंतित हैं। वजह यह है कि इस स्थल पर पानी की निकासी सही नहीं है, जिसके कारण पानी सड़क में जमा हो जाता है।

क्षेत्रवासियों विजय चौधरी, अरविंद सेठी, नीलम देवी, पंकज सेठी, अभय वर्मा,संजीव कुमार, कंचन वर्मा, राम चंद, ओम प्रकाश, शुभम राजीव चंद, निषपक्ष भारती आदि ने इस संदर्भ में नगर पयिरषद नादौन को पत्र लिखा है। जिसमें कहा गया है कि लक्की के घर से मोनाल स्कूल तक बरसात के दिनों में बारिश का पानी भर जाता है, जिस वजह से लोगों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना



नगर परिषद के वार्ड 3 सेरी में पानी की निकासी न होने के कारण जलभराव। अनंत ज्ञान

पड़ता है। उन्होंने नगर परिषद से इस समस्या का स्थाई समाधान किए जाने का आग्रह किया है।

इस बारे में नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी रमन शर्मा का कहना है कि लोगों की शिकायत आई है। संबंधित विभाग से चर्चा करके शीघ्र ही समस्या का समाधान करवा दिया जाएगा।

# नेटबॉल के अंडर-17 बालक वर्ग में डीएवी पब्लिक स्कूल हमीरपुर विजेता





डीएवी स्पोर्ट्स क्लस्टर लेवल प्रतियोगिता संपन्न। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल हमीरपुर में आयोजित दो दिवसीय डीएवी स्पोर्ट्स क्लस्टर लेवल अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 (बालक एवं बालिका) एथलेटिक्स, ताइक्वांडो एवं नेटबॉल प्रतियोगिता का भव्य समापन समारोह के साथ संपन्न हुआ।

प्रतियोगिता के पहले दिन नेटबॉल के रोमांचक फाइनल मुकाबले खेले गए। अंडर-17 बालिका वर्ग में डीएवी पब्लिक स्कूल भडोली ने विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया, जबकि डीएवी पब्लिक स्कूल हमीरपुर उपविजेता रहा। वहीं अंडर-17 बालक वर्ग में डीएवी पब्लिक स्कूल हमीरपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया तथा डीएवी पब्लिक स्कूल भडोली उपविजेता रहा। एथलेटिक्स प्रतियोगिता की अंडर-14 बालक वर्ग तथा अंडर-14 बालिका वर्ग की ओवरऑल ट्रॉफी डीएवी बागनी ने अपने नाम की। वहीं अंडर-17 बालक वर्ग तथा अंडर-19 बालिका वर्ग की ओवरऑल ट्रॉफी डीएवी देहरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीती। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह ठाकुर रहे। उन्होंने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक एवं मानसिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि टीम भावना, नेतृत्व क्षमता तथा आत्मविश्वास का भी विकास करते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### कवि सुरेश सेन निशांत पर होगी संगोष्ठी

**अनंत ज्ञान, महादेव।** हिमाचल प्रदेश के सुप्रसिद्ध कवि स्व. सुरेश सेन निशांत की कविताओं पर शीघ्र ही भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जाने माने कवि, लेखक एवं साहित्यकार कृष्ण चंद्र महादेविया ने बताया कि कवि मित्र सुरेश सेन निशांत भारत के मुख्य कवियों में से एक रहे हैं, उन पर साहित्य जगत में चुप्पी साधे रखना सही नहीं है। हालांकि खासतौर पर वह स्वयं, कलमकार मनोज चौहान और पवन चौहान प्रायः निशांत की कविताओं पर चर्चा और बातचीत करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही सुरेश सेन निशांत की समृति में साहित्यिक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सेन के नाम पर प्रतिवर्ष कविता सम्मान देने पर संजीदगी से विचार किया जाएगा। यह दुर्भाग्य भी कहा जाएगा कि हिमाचल के कवियों में निशांत के प्रति एक लंबा मौन आश्चर्यजनक है। कृष्ण चंद्र महादेविया ने बताया कि वह अपनी ओर से भी पुरस्कार देने पर विचार कर सकते हैं।

### छात्राओं ने जाने महिला-बाल सुरक्षा से जुड़े कानून

**अनंत ज्ञान, चौंतड़ा।** महिला एवं बाल विकास विभाग की बाल विकास परियोजना चौंतड़ा द्वारा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत पुलिस चौकी घट्टा, चौंतड़ा में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौंतड़ा की लगभग 50 छात्राओं का एक्सपोज़र विजिट आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस चौकी घट्टा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने छात्राओं को पुलिस विभाग के कार्यों, महिला एवं बाल सुरक्षा से जुड़े कानूनों, साइबर अपराधों से बचाव, आपातकालीन हेल्पलाइन सेवाओं तथा पुलिस सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। छात्राओं ने पुलिस चौकी का भ्रमण कर विभिन्न शाखाओं की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। बाल विकास परियोजना अधिकारी चौंतड़ा बालम राम ने छात्राओं को योजना की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में उप-निरीक्षक अतुल रैना, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौंतड़ा के अध्यापक, पुलिस चौकी घट्टा का समस्त स्टाफ तथा आईसीडीएस वृत्त चौंतड़ा की पर्यवेक्षक सुधा देवी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### लॉर्ड कॉन्वेंट स्कूल सरकाघाट में हुई पीटीएम

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** विद्यालय में विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति एवं सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का सफल आयोजन किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन, अनुशासन, उपस्थिति तथा सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उनकी भागीदारी की विस्तृत जानकारी अभिभावकों को दी। साथ ही विद्यार्थियों की पढ़ाई में सुधार एवं बेहतर प्रदर्शन के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए गए। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने अभिभावकों से नियमित रूप से विद्यालय के संपर्क में रहने तथा बच्चों की शिक्षा एवं नैतिक विकास में सक्रिय सहयोग देने का आग्रह किया। अभिभावकों ने विद्यालय की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए इस प्रकार की बैठकों को विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

### द्रमण-सतवाहना में तेंदुए के खौफ से सहमे लोग

**अनंत ज्ञान, जय देवी।** विकास खंड धनोटू के अंतर्गत आती ग्राम पंचायत चांबी के गांव द्रमण- सतवाहना के बीच में दिन के समय में तेंदुए को देखा गया है जिस कारण स्थानीय लोगों में डर का माहौल व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने शासन -प्रशासन व वन विभाग से मांग की है कि तेंदुए को जल्द से जल्द पकड़ा जाए या उस पर निगरानी रखी जाए क्योंकि इस रास्ते से स्कूली बच्चों व स्थानीय जनता का आना-जाना लगा रहता है जिस कारण कोई भी अप्रिय घटना घट सकती है। वहीं इस संबंध में प्रधान ग्राम पंचायत चाम्बी पुष्पा देवी से बात की गई तो उन्होंने इसकी सूचना वन विभाग को देने व स्थानीय लोगों को सतर्क रहने के लिए कहा है।

### श्रमिक कल्याण बोर्ड कार्यालय का किया घेराव

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सीटू से संबद्ध मनरेगा एवं निर्माण मजदूर यूनियन ने बुधवार को हमीरपुर स्थित राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड कार्यालय का घेराव किया। इससे पहले तहसील कार्यालय से बाजार तक रैली निकाली गई। प्रदर्शन का नेतृत्व बोर्ड सदस्य एवं यूनियन के राज्य उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, जोगिंदर कुमार, अमित कुमार, गुरदास वर्मा और करतार सिंह चौहान ने किया। इस दौरान सीटू के राष्ट्रीय और राज्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। भूपेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि ई-केवाईसी और सत्यापन के नाम पर चार वर्षों से एक लाख से अधिक मजदूरों की लगभग 500 करोड़ रुपए की सहायता राशि गैरकानूनी रूप से रोकी गई है। उन्होंने कहा कि बोर्ड में साढ़े चार लाख से अधिक मजदूर पंजीकृत हैं, जबकि अब तक केवल 95 हजार मजदूरों का सत्यापन और ई-केवाईसी पूरी हुई है। उन्होंने मनरेगा मजदूरों को पहले लाभ से वंचित रखने, सहायता वितरण में भेदभाव, पंजीकरण व नवीनीकरण में देरी तथा श्रमिक मित्रों और सलाहकारों की प्रस्तावित नियुक्तियों पर भी सवाल उठाए। यूनियन ने सभी पात्र पंजीकृत मजदूरों को बिना भेदभाव सहायता जारी करने की मांग की।

# धर्मपुर में हजारों परिवारों को अब घर-द्वार पर मिलेगी 'भारत गैस'

## विधायक चंद्रशेखर ने पुराना धर्मपुर में किया 'नैना भारत गैस सर्विस' का शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** उपमंडल धर्मपुर की 30 से अधिक पंचायतों के हजारों परिवारों के लिए बुधवार को एक महत्वपूर्ण सुविधा का शुभारंभ हुआ। पुराना धर्मपुर में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल), भारत सरकार के उपक्रम, के अंतर्गत संचालित 'नैना भारत गैस सर्विस' का शुभारंभ विधायक चंद्रशेखर ने किया। इस अवसर पर एजेंसी प्रबंधक विजय कुमार भी उपस्थित रहे।



'नैना भारत गैस सर्विस' का शुभारंभ करते विधायक चंद्रशेखर। अनंत ज्ञान

इस अवसर पर विधायक चंद्रशेखर ने कहा कि धर्मपुर क्षेत्र में भारत गैस एजेंसी की स्थापना लंबे समय से लोगों की प्रमुख मांग रही है। नई एजेंसी के शुरू होने से अब क्षेत्रवासियों को गैस सिलेंडर, नए कनेक्शन, केवाईसी, नवीनीकरण तथा अन्य गैस संबंधी सेवाओं के लिए रिवालसर, कोटली, सरकाघाट एवं संधोल-कोठुआं जैसे दूरस्थ क्षेत्रों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि इस सुविधा से विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। नई एजेंसी के माध्यम से उपमंडल धर्मपुर की 30 से अधिक पंचायतों के हजारों परिवारों को आवश्यक गैस सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होंगी, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। साथ ही बरसात एवं प्राकृतिक आपदाओं के दौरान भी उपभोक्ताओं को काफी सुविधा मिलेगी। एजेंसी प्रबंधन ने बताया कि 'नैना भारत गैस सर्विस' के माध्यम से उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण, त्वरित एवं पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। एजेंसी क्षेत्र में गैस वितरण व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ एवं सुविधाजनक बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी।

इस अवसर पर बीडीओ बालम राम, थाना प्रभारी विनोद कुमार, व्यापार मंडल अध्यक्ष राज कुमार सोनी, खाद्य आपूर्ति निरीक्षक देश राज,सरोज कुमार, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धर्मपुर के प्रधानाचार्य देशराज, सुरेंद्र सकलानी, पूर्व प्रधान रोशन लाल, बीडीसी सदस्य हंसराज, अनिल कुमार, राकेश कुमार सहित अनेक गणमान्य नागरिक, महिला मंडलों एवं युवक मंडलों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# संधोल अस्पताल से एक और डॉक्टर का तबादला

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** नागरिक अस्पताल संधोल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को लेकर चल रहा जनआंदोलन बुधवार को 11वें दिन भी जारी रहा। इसी बीच अस्पताल से एक और डॉक्टर के तबादले की सूचना मिलने के बाद क्षेत्र के लोगों में रोष बढ़ गया है। पहले ही एक चिकित्सक पीजी और दूसरा प्रशिक्षण के लिए जा चुका है, जिससे अब अस्पताल केवल तीन डॉक्टरों के सहारे संचालित हो रहा है। आंदोलन के 11वें दिन संजय कुमार और तलीन ठाकुर क्रमिक अनशन पर बैठे। धरना स्थल पर क्षेत्र के लोगों का समर्थन लगातार बना रहा। वहीं, 13 जुलाई को प्रस्तावित विशाल रैली को लेकर तैयारियां भी तेज कर दी गई हैं। युवाशक्ति के अध्यक्ष अविनाश भनवाल ने आरोप लगाया कि आंदोलन के दौरान अस्पताल से डॉक्टर का तबादला करना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता लंबे समय से विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग कर रही है, लेकिन सरकार मांगों पर ध्यान देने के बजाय डॉक्टरों का तबादला कर रही है। उन्होंने कहा कि जब तक अस्पताल में रिक्त पद नहीं भरे जाते और आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं करवाई जातीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। युवाशक्ति के संयोजक राकेश जम्वाल ने कहा कि अस्पताल में कई बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। उन्होंने बताया कि 13 जुलाई की प्रस्तावित रैली को सफल बनाने के लिए क्षेत्र के 70 से अधिक महिला मंडलों से संपर्क किया जा चुका है और बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

**कोर्ट के आदेशों से करना पड़ा रिलीव : बीएमओ**

**बीएमओ** डॉक्टर धर्मपाल ठाकुर ने कहा डॉक्टर को कोर्ट के आदेशों से रिलीव करना पड़ा क्योंकि कपल केस के चलते उन्होंने जयदेवी अस्पताल जाने की इच्छा व्यक्त की थी दो अन्य डॉक्टर ग और ट्रेनिंग के लिए छुट्टी पर है अब तीन डॉक्टरों से काम चलाना पड़ रहा है।

# बेटियां उच्च शिक्षा प्राप्त कर समाज निर्माण में निभाएं भूमिका : डीसी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** उपायुक्त मंडी ने बेटियों का आह्वान किया कि वे उच्च शिक्षा ग्रहण कर स्वस्थ, जागरूक और नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करें। वे आज 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, मंडी द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कमांद की छात्राओं के लिए आयोजित एक दिवसीय विशेष एक्सपोजर विजिट के दौरान छात्राओं से संवाद कर रहे थे। इस एक्सपोजर विजिट का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को प्रशासनिक, कानूनी एवं वित्तीय व्यवस्थाओं से परिचित कराना, उनका आत्मविश्वास बढ़ाना तथा उन्हें भविष्य के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को उपायुक्त अपूर्व देवगन से सीधे संवाद का अवसर प्राप्त हुआ। उपायुक्त ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए प्रशासनिक व्यवस्था की कार्यप्रणाली से अवगत कराया तथा जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें प्राप्त करने के लिए ईमानदारी, लगन और कड़ी मेहनत के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। इसके उपरांत छात्राओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं महिला पुलिस थाना का भ्रमण किया। महिला पुलिस थाना में उन्हें महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा से संबंधित विभिन्न कानूनों, आत्मरक्षा के प्रति सजग रहने तथा किसी भी आपात अथवा प्रतिकूल परिस्थिति में पुलिस सहायता प्राप्त करने के उपायों और हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

छात्राओं ने भारतीय स्टेट बैंक की शाखा का भी दौरा किया, जहां बैंक अधिकारियों ने उन्हें बैंकिंग की मूलभूत प्रक्रियाओं, खाता संचालन, डिजिटल लेनदेन एवं वित्तीय साक्षरता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। साथ ही महिलाओं और बालिकाओं के हित में संचालित विभिन्न सरकारी वित्तीय योजनाओं, विशेषकर सुकन्या समृद्धि योजना के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।

# 14 तक करें बिजली बिलों का भुगतान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड के विद्युत उप-मंडल संख्या-II, मंडी ने अपने क्षेत्र के सभी विद्युत उपभोक्ताओं से जून माह के लंबित बिजली बिलों का भुगतान 14 जुलाई तक अनिवार्य रूप से करने का आग्रह किया है। सहायक अधिशासी अभियंता ई. सुनील शर्मा ने बताया कि निर्धारित तिथि तक बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन (मीटर) नियमानुसार बिना किसी अतिरिक्त सूचना या पत्राचार के विच्छेदित कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सभी स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के बिजली बिल अब केवल बोर्ड के अभिलेखों में दर्ज पंजीकृत मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी पर ही भेजे जाएंगे। उपभोक्ता एचपीएसईबीएल की आधिकारिक वेबसाइट और एचपीएसईबीएल मोबाइल ऐप्प के माध्यम से भी अपना बिजली बिल डाउनलोड कर ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं। जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक अपना मोबाइल नंबर या ई-मेल आईडी अपडेट नहीं करवाई है अथवा जिनके पंजीकृत विवरण में परिवर्तन हुआ है, वे शीघ्र अपने संबंधित विद्युत उप-मंडल कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# जिप सदस्य श्याम लाल ने परिवहन विभाग से उठाई बस सेवा बहाल करने की मांग

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** हाल ही में निर्वाचित जिला परिषद सदस्य श्याम लाल ने विधानसभा क्षेत्र धर्मपुर की ग्राम पंचायत सधोट के तहत चंदरयार, मोरतन, बाहरू, धरनासी और सधोट सहित विभिन्न गांवों का दौरा कर मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। धन्यवाद कार्यक्रम के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। इस अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत गांव बाहरू में पौधरोपण किया गया। ग्रामीणों ने जिला परिषद सदस्य के समक्ष एचआरटीसी सरकाघाट डिपो की बस सेवा बंद रहने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। लोगों ने बताया कि सुबह 7:15 बजे सरकाघाट से सधोट, चोलथरा और अवाहदेवी होते हुए मोरतन पहुंचने वाली तथा सुबह 8:15 बजे वापस सरकाघाट लौटने वाली बस पिछले काफी समय से संचालित नहीं हो रही है।



इससे स्कूली एवं कॉलेज के विद्यार्थियों के अलावा सरकाघाट, मंडी और हमीरपुर आने-जाने वाले लोगों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इस संबंध में जिला परिषद सदस्य ने मौके पर ही परिवहन विभाग के अधिकारियों से बातचीत की। अधिकारियों ने बसों और टायरों की कमी के कारण कई रूट प्रभावित होने की जानकारी दी। इस पर जिला परिषद सदस्य ने प्रदेश सरकार एवं एचआरटीसी प्रबंधन से मांग की कि जनहित को ध्यान में रखते हुए सभी बाधित बस रूटों पर शीघ्र बस सेवाएं बहाल की जाएं, ताकि विद्यार्थियों, कर्मचारियों और आम लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें चुना है, उस विश्वास पर खरा उतरते हुए क्षेत्र की प्रत्येक जनसमस्या को संबंधित विभागों और सरकार के समक्ष मजबूती से उठाया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व उपप्रधान कुलदीप ठाकुर, उपप्रधान शशि, सुरेश ठाकुर, विनोद ठाकुर, राकेश वर्मा, धर्म सिंह ठाकुर, वेली राम, रमन शर्मा, कुलदीप शर्मा, सेवानिवृत्त अधिशाषी अभियंता आरएस ठाकुर सहित विभिन्न महिला मंडलों की सदस्याएं एवं बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# प्रेस क्लब महादेव ने नशे के खिलाफ जगाई अलख

अनंत ज्ञान

**महेंद्र सिंह राणा, भौर।** प्रेस क्लब महादेव के तत्वावधान में राजकीय माध्यमिक पाठशाला नौलखा में नशा मुक्ति के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों व सहायक स्टाफ तथा प्रेस क्लब महादेव के पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान योग शिक्षक एवं प्रेस क्लब महादेव के प्रेस सचिव राजेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशा व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ उसके परिवार, समाज और भविष्य पर भी गंभीर दुष्प्रभाव डालता है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति के समर्थन में जागरूकता नारे लगाए और



लोगों को नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व से भी अवगत कराया गया। प्रेस क्लब महादेव की ओर से बच्चों को फल भी वितरित किए गए।

कार्यक्रम में विद्यालय की मुख्याध्यापिका अलका उपाध्याय, केंद्रीय मुख्य शिक्षिका राधा सेठी, अध्यापक रमेश कुमार, मीना कुमार, प्रशिक्षु अध्यापक रिया एवं विनय उपस्थित रहे। प्रेस क्लब महादेव की ओर से अध्यक्ष भीम सिंह,उपाध्यक्ष पीतांबर शर्मा, महासचिव विजय कुमार तथा कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह राणा व अन्य सदस्यों ने भाग लिया।

# दिव्यांगजनों का सरकार पर भेदभाव का आरोप

## दिव्यांग कल्याण समिति सरकाघाट की मासिक बैठक में जताया रोष

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति सरकाघाट की मासिक बैठक समिति के प्रदेशाध्यक्ष हरिदास कौशल की अध्यक्षता में समिति कार्यालय रोपा कॉलोनी में आयोजित की गई। दिव्यांगों ने रोष व्यक्त किया कि केन्द्र व प्रदेश सरकार दोनों ही दिव्यांगों से भेदभाव कर, हर राज्यों में, दिव्यांगों के लिए एक सम्मान पेंशन नहीं दे रही है, जबकि दिव्यांग तो दिव्यांग है, फिर वो चाहे भारत के किसी भी राज्य में क्यों नहीं हैं।



समिति के प्रदेश महासचिव व सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चन्द भारद्वाज ने आरोप लगाया कि एक राशि की पैंशन न देने से, सरकारी कर्मचारियों का अलग से बजट बनाने या फिर लेखा जोखा रखने के लिए, सामान्य समय के अलावा अधिक समय लगता है और ऑनलाइन तथा एक्सेल में एक के बजाए, अलग से कई फार्मूले लगाने पड़ते होंगे। समिति ने उपमंडल अधिकारी सरकाघाट के माध्यम से ज़िला उपायुक्त, मण्डी, प्रदेश व केंद्र सरकार को ज्ञापन भेज कर मांग की, कि पूरे भारत में दिव्यांगों की एक समान पेंशन, DID कार्ड सभी सरकारी व निजी बसों में तथा राज्य से बाहर भी मान्य करने, तहसील स्तर पर ट्रेन पास ज़ारी करने, एच आर टी सी बस स्टैंड, सरकाघाट से हॉस्पिटल तक ई- टैक्सी, बसों में दिव्यांगों के लिए ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा, नेत्र बाधित तथा अन्य दिव्यांगों या असक्षम दिव्यांगों में से उनके परिजनों को, उनकी काबिलियत के हिसाब से सरकारी नौकरी, रुकी हुई सहारा पेंशन, संधोल, टिहरा, सरकाघाट, बल्दवाड़ा व धर्मपुर में दिव्यांगता शिविर, हॉस्पिटल और सरकारी कार्यालयों में, दिव्यांगों के लिए अलग लाइन की व्यवस्था, लो फ्लोर बसों की मांग तथा दिव्यांगों के लिए विशेष सांस्कृतिक व खेलकूद कार्यक्रम आयोजित करने तथा आर्थिक सहायता देने की मांग की। इस मौके पर, उपाध्यक्ष बालम राम, कर्म सिंह परमार, संगठन मंत्री राज कुमार राणा, टेक चन्द, बृज मोहन, सनी व सीता राम इत्यादि सदस्य मौजूद रहे।

# भांबला में 11 को होगी दूसरी सब जूनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** मंडी जिला की दूसरी जिला स्तरीय सब-जूनियर लड़कों और लड़कियों की बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता 11 जुलाई को बॉल बैडमिंटन ग्राउंड भांबला में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में मंडी जिला के विभिन्न बॉल बैडमिंटन क्लबों की टीमों के लगभग 100 खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। प्रतियोगिता में 2 जनवरी 2011 के बाद जन्मे खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के दौरान अपना आधार कार्ड तथा जन्म प्रमाण पत्र टूर्नामेंट समिति के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के प्रदर्शन, कौशल, फिटनेस और खेल तकनीक का बारीकी से मूल्यांकन कर मंडी जिला की लड़कों एवं लड़कियों की दोनों वर्गों की टीमों के लिए 8-8 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी प्रशिक्षण शिविर के उपरांत राज्य स्तरीय सब-जूनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में मंडी जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। चयन समिति में राकेश भारद्वाज (अध्यक्ष), मदन सिंह ठाकुर, राजेंद्र कुमार तथा मिस टीना शर्मा (सदस्य) शामिल हैं।

**◆ चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में करेंगे मंडी का प्रतिनिधित्व**

प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए टूर्नामेंट, प्रेस एवं ग्राउंड समितियों का गठन भी किया गया है। टूर्नामेंट समिति में जोगिंद्र सिंह, संतोष कुमार, मिस आकांक्षा भारद्वाज तथा अमित शर्मा, प्रेस समिति में सुरेश कुमार, विरेंद्र शर्मा तथा वैभव ठाकुर तथा ग्राउंड समिति में नरेंद्र ठाकुर, महेंद्र सिंह, रितिका राणावत तथा चंद्र कुमार को शामिल किया गया है।

**श्रद्धांजलि** कांग्रेस ने गांधी भवन में आयोजित बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री के योगदान को किया याद

# पुण्यतिथि पर पूर्व सीएम वीरभद्र को दी श्रद्धांजलि

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** जिला कांग्रेस कमेटी मंडी ने पूर्व मुख्यमंत्री राजा वीरभद्र सिंह की पुण्यतिथि पर गांधी भवन में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष चम्पा ठाकुर ने की। उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राजा वीरभद्र सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके योगदान को स्मरण किया। चम्पा ठाकुर ने कहा कि राजा वीरभद्र सिंह छह बार प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे और उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, बागवानी, सड़क तथा अन्य विकास कार्यों के माध्यम से हिमाचल प्रदेश को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि आधुनिक हिमाचल के निर्माण में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने अपने छह दशक लंबे राजनीतिक जीवन में



पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

प्रदेश और देश की जनता का भरपूर स्नेह प्राप्त किया तथा प्रदेश के लोगों के दिलों में विशेष स्थान बनाया। इस अवसर पर अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही, हेमराज ठाकुर, अनिल सेन, भूप सिंह, तोष कुमार, रविंद्र शिल्लई, रमेश ठाकुर, गीतांजलि, भोलू, चमन ठाकुर, जितेंद्र चंदेल, मान सिंह, चमन राही, कर्म चंद भारिया, पद्म सिंह, श्याम राजा, रोशन, किशोरी लाल, संजय शर्मा और दिलीप ठाकुर सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सुंदरनगर पूर्व मुख्यमंत्री को दी श्रद्धांजलि



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह की पुण्यतिथि पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुंदरनगर द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रदेश के विकास में उनके अतुलनीय योगदान को याद किया। सभा में वक्ताओं ने कहा कि राजा वीरभद्र सिंह ने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में हिमाचल प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक ऐतिहासिक कार्य किए, जिन्हें प्रदेश की जनता हमेशा याद रखेगी। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने उनके आदर्शों पर चलने तथा प्रदेश के विकास और कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने के लिए समर्पित होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# सनराइज स्कूल में बताए नशे के दुष्प्रभाव

## एसडीएम ने युवाओं को सकारात्मक सोच अपनाने का दिया संदेश

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के अंतर्गत सनराइज पब्लिक स्कूल ढलवाण में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में उपमंडलाधिकारी (एसडीएम) राजेंद्र कुमार गौतम ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर का निरीक्षण कर विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही आधारभूत सुविधाओं का भी जायजा लिया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नशा समाज और विशेषकर युवा पीढ़ी के भविष्य के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। इससे निपटने के लिए प्रशासन के साथ-साथ समाज, अभिभावकों और शिक्षकों की समान भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के बढ़ते दबाव और असफलता के कारण कई युवा नशे की ओर



सनराइज स्कूल ढलवाण में बच्चों को संबोधित करते एसडीएम राजेंद्र कुमार गौतम।

आकर्षित हो जाते हैं, जबकि असफलता सफलता की ओर बढ़ने का एक महत्वपूर्ण पड़ाव होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से धैर्य, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच बनाए रखने का आह्वान किया। एसडीएम ने अभिभावकों से बच्चों के साथ नियमित संवाद बनाए रखने तथा उनकी गतिविधियों पर सकारात्मक नजर रखने की अपील की। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलकूद, सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया। साथ ही मोबाइल फोन का सीमित और आवश्यक उपयोग करने की सलाह देते हुए कहा कि इसकी लत भविष्य में गंभीर सामाजिक समस्या बन सकती है। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्य गायत्री ठाकुर, स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष किशोर कुमार ठाकुर तथा विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

मृत्यु और विनाश बिना बुलाए ही आया करते हैं, क्योंकि ये हमारे मित्रों के रूप में नहीं शत्रुओं के रूप में आते हैं।

–भगवतीचरण वर्मा

## संपादकीय

# देवभूमि में बढ़ता अपराध

हिमाचल प्रदेश को वर्षों से देवभूमि, शांत प्रदेश और सुरक्षित समाज की पहचान मिली है। यहां की पहाड़ियों की तरह ही लोगों के व्यवहार में भी सादगी, विश्वास और अपनापन दिखाई देता है। यही कारण है कि देश-दुनिया से आने वाले पर्यटक हिमाचल को केवल प्राकृतिक सौंदर्य के लिए नहीं, बल्कि मानसिक शांति और सुरक्षा के अनुभव के लिए भी चुनते हैं। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि पिछले कुछ समय से प्रदेश में सामने आ रही हत्या, गोलीबारी, महिलाओं के विरुद्ध अपराध और हिंसक घटनाओं ने इस शांत छवि को गंभीर चुनौती दी है। सवाल यह है कि क्या वह हिमाचल, जिसकी पहचान कभी कानून के सम्मान और सामाजिक सद्भाव से होती थी, अब अपराधियों के बढ़ते दुस्साहस से जूझने लगा है?

बिलासपुर जिले में मंडी-भराड़ी पुल के समीप दिनदहाड़े युवक पर कुल्हाड़ी से किया गया हमला इसी चिंता को और गहरा करता है। सार्वजनिक स्थान पर हुई इस घटना ने आम लोगों को झकझोर दिया है। सबसे गंभीर पहलू यह है कि वारदात के समय पुलिस की मौजूदगी के बावजूद अपराधी अपने इरादे में सफल रहे। इससे पुलिस की कार्यप्रणाली और अपराधियों में कानून के भय को लेकर स्वाभाविक प्रश्न खड़े होते हैं। किसी भी सभ्य समाज में विवादों का समाधान कानून के माध्यम से होना चाहिए, लेकिन जब मामूली कहासुनी खूनी संघर्ष में बदलने लगे तो यह सामाजिक सोच और व्यवस्था दोनों के लिए खतरे की घंटी है।

बिलासपुर जिले में लगातार सामने आ रही आपराधिक घटनाएं चिंता का विषय हैं। अदालत परिसर के निकट गोलीबारी, पूर्व विधायक बंबर ठाकुर पर हमला, चांदपुर में दंपती की हत्या, वित्तीय विवाद में भेड़पालक की गर्दन काटने जैसी घटनाएं बताती हैं कि अपराधियों के हौसले बढ़ रहे हैं। धार्मिक आस्था के केंद्र नयनादेवी क्षेत्र में मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म और दनोह गांव में महिला की हत्या ने पूरे समाज की अंतरात्मा को झकझोर दिया है।

यह स्थिति केवल एक जिले तक सीमित नहीं है। शिमला, ऊना, कांगड़ा, कुल्लू, सिरमौर, हमीरपुर और सोलन सहित कई जिलों में गंभीर अपराधों के मामले सामने आए हैं। शिमला में संपत्ति विवाद से जुड़ा मनीषा मित्तल हत्याकांड हो या ऊना में गोलीबारी की घटनाएं, ये मामले संकेत देते हैं कि अपराध का स्वरूप बदल रहा है। अब केवल आपसी झगड़े ही नहीं, बल्कि संगठित अपराध, नशे से जुड़ी हिंसा और पारिवारिक विवाद भी जानलेवा रूप लेने लगे हैं।

सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि कई मामलों में अपराधी सार्वजनिक स्थानों पर वारदात को अंजाम देने से भी नहीं डर रहे। इसका अर्थ है कि कानून का भय कमजोर पड़ रहा है। जब अपराधी यह महसूस करने लगें कि वे खुलेआम हिंसा कर सकते हैं, तो इसका सीधा असर आम नागरिकों के विश्वास पर पड़ता है। किसी भी राज्य की मजबूती केवल विकास योजनाओं और आर्थिक प्रगति से नहीं मापी जाती, बल्कि इस बात से भी तय होती है कि वहां आम नागरिक खुद को कितना सुरक्षित महसूस करता है। बढ़ते अपराधों के पीछे नशे का फैलाव, अवैध हथियारों की उपलब्धता, त्वरित न्याय में देरी, व्यक्तिगत रंजिशों का हिंसक रूप लेना और सामाजिक मूल्यों में गिरावट जैसे कई कारण हो सकते हैं। इसलिए केवल पुलिस कार्रवाई पर्याप्त नहीं होगी। अपराध रोकने के लिए एक व्यापक रणनीति की आवश्यकता है, जिसमें पुलिस, प्रशासन, न्याय व्यवस्था और समाज सभी की भूमिका हो।

पुलिस को अपनी कार्यशैली में और अधिक सक्रियता लानी होगी। संवेदनशील मामलों में शिकायतों को गंभीरता से लेना, अपराधियों की निगरानी बढ़ाना, खुफिया तंत्र मजबूत करना और सार्वजनिक स्थानों पर प्रभावी गश्त सुनिश्चित करना जरूरी है। साथ ही, गंभीर अपराधों में त्वरित जांच और दोषियों को शीघ्र सजा दिलाना भी आवश्यक है, ताकि समाज में यह संदेश जाए कि कानून से ऊपर कोई नहीं है।

हिमाचल की सबसे बड़ी पूंजी उसकी शांति और सुरक्षा की छवि है। पर्यटन, जो प्रदेश की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है, इसी भरोसे पर टिका है। यदि देशभर में हिमाचल की पहचान हिंसक घटनाओं के कारण बनने लगेगी तो इसका असर पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा। इसलिए यह केवल अपराध नियंत्रण का मुद्दा नहीं, अपितु प्रदेश की प्रतिष्ठा और भविष्य से जुड़ा प्रश्न है। सरकार और प्रशासन अपराधों को केवल घटनाओं के रूप में न देखें, बल्कि इनके पीछे छिपी सामाजिक चुनौतियों को समझें। अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के साथ-साथ ऐसी व्यवस्था विकसित करनी होगी, जहां अपराध होने से पहले उसे रोकने की क्षमता हो।

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारतीय सिनेमा के अमर शिल्पकार

**गुरु दत्त** भारतीय सिनेमा के उन महान कलाकारों में शामिल हैं, जिन्होंने फिल्मों को केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं बल्कि कला और संवेदनाओं की अभिव्यक्ति बनाया। उनका वास्तविक नाम वसंत कुमार शिवशंकर पादुकोण था।



गुरु दत्त
**जन्म :** 9 जुलाई, 1925
**मृत्यु :** 10 अक्तूबर, 1964

9 जुलाई 1925 को बेंगलुरु में जन्मे गुरु दत्त ने निर्देशक, निर्माता, अभिनेता और लेखक के रूप में अपनी अलग पहचान बनाई। उनकी फिल्मों में साहित्य, संगीत, भावनाओं और मानवीय संवेदनाओं का अद्भुत संगम दिखाई देता है।

गुरु दत्त ने उदय शंकर की नृत्य अकादमी से प्रशिक्षण लिया और अपने फिल्मी करियर की शुरुआत प्रभात स्टूडियो में कोरियोग्राफर के रूप में की। इसके बाद उन्होंने निर्देशन की दुनिया में कदम रखा। 1951 में देवानंद के सहयोग से बनी फिल्म 'बाजी' ने उन्हें सफल निर्देशक के रूप में स्थापित किया। इसके बाद 'जाल', 'सीआईडी', 'प्यासा', 'कागज के फूल' और 'साहब बीबी और गुलाम' जैसी फिल्मों ने उन्हें भारतीय सिनेमा का महान रचनाकार बना दिया। गुरु दत्त की फिल्मों में प्रकाश और छाया का अनोखा प्रयोग, गहरी भावनाएं और सामाजिक विषयों की प्रभावशाली प्रस्तुति देखने को मिलती है। उनकी फिल्म 'प्यासा' को विश्व सिनेमा की बेहतरीन फिल्मों में गिना जाता है। 'कागज के फूल' में उन्होंने सिनेमास्कोप तकनीक का प्रयोग कर भारतीय फिल्म निर्माण को नई दिशा दी। उनकी फिल्मों के गीत कहानी को आगे बढ़ाने के साथ-साथ भावनाओं को भी गहराई देते थे।

गुरु दत्त ने वर्ष 1953 में उन्होंने प्रसिद्ध गायिका गीता राय (गीता दत्त) से विवाह किया। गुरु दत्त एक बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उन्हें संगीत, साहित्य, फोटोग्राफी और लेखन में विशेष रुचि थी। 10 अक्तूबर 1964 को मुंबई में गुरु दत्त का 39 वर्ष की आयु में निधन हो गया।



कविता

### बंधन और मुक्ति

अमित मैहरा (एचएएस)
एडीसी, जिला चंबा (हि.प्र.)

**वो** कहते हैं- प्रेम बांध देता है,
मैंने जाना-यह खोल देता है सब बंधन।
मैं स्वतंत्र हुआ हूं तुम्हें पाकर,
जैसे आकाश अपने ही विस्तार से परिचित हो जाए।
मेरी परिधि, जो कभी सीमित थी,
तुम्हारे स्पर्श से अनंत होने लगी।
मैंने तुम्हारे प्रेम में खुद को जन्म लेते देखा है-
एक नया मैं,जो पहले कभी था नहीं।
मेरा हर श्वास अब तुम्हारा ही नाम लेता है,
जैसे हवा भी कोई प्रार्थना हो,
और मेरे भीतर चलता हो झंझावात।
यदि यह बंधन है- तो यही मेरी मुक्ति है,
यदि यह प्रेम है- तो यही मेरा आविष्कार है।

# बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य : परिवार और विद्यालय



नीलम कुमारी
पीजीटी, कंप्यूटर साइंस, सैनिक स्कूल सुजानपुर (हमीरपुर)

आज बच्चों और युवाओं में आत्महत्या की बढ़ती घटनाएं पूरे समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बन चुकी हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) के आंकड़े बताते हैं कि भारत में प्रत्येक वर्ष हजारों विद्यार्थी आत्महत्या करते हैं। वर्ष 2024 में भारत में छात्रों की आत्महत्या के मामले बढ़कर 14,488 के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए, जो लगातार बढ़ती गंभीर स्थिति को दर्शाता है। देशभर में होने वाली कुल आत्महत्याओं में से लगभग 8.1% मामले छात्रों के हैं; इस संकट का मुख्य कारण पढ़ाई का दबाव, JEE/NEET/UPSC जैसी कठिन प्रतियोगी परीक्षाएं और परिवार की उम्मीदें हैं। औसतन प्रतिदिन लगभग 35 विद्यार्थी अपनी जीवन-लीला समाप्त कर रहे हैं। निश्चित रूप से यह हमारे परिवारों, शिक्षण संस्थानों और समाज के लिए एक गंभीर चेतावनी है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार 15-29 वर्ष आयु वर्ग में आत्महत्या विश्व स्तर पर मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है। दूसरी ओर, यूनिसेफ की विभिन्न रिपोर्टें बताती हैं कि किशोरों में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं, जबकि अधिकांश बच्चों को समय पर मनोवैज्ञानिक सहायता उपलब्ध नहीं हो पाती। ऐसे में यह प्रश्न अत्यंत प्रासंगिक हो जाता है कि आखिर इस स्थिति के लिए जिम्मेदार कौन है-शिक्षण संस्थान, परिवार, समाज या स्वयं बच्चे? वस्तुत: इसका उत्तर किसी एक पक्ष में नहीं, बल्कि सभी की सामूहिक जिम्मेदारी में निहित है। बच्चे की शिक्षा विद्यालय से पहले उसके घर से प्रारंभ होती है। परिवार उसकी पहली पाठशाला है और माता-पिता उसके प्रथम शिक्षक। बच्चा परिवार में रहकर बोलना, चलना, व्यवहार करना, अनुशासन, प्रेम, सम्मान और जीवन-मूल्यों को सीखता है।

यदि परिवार में संवाद, स्नेह और सकारात्मक वातावरण हो तो उसका प्रभाव बच्चे के व्यक्तित्व पर स्पष्ट दिखाई देता है। इसके विपरीत तनावपूर्ण, उपेक्षापूर्ण या अत्यधिक अपेक्षाओं से भरा पारिवारिक वातावरण उसके मानसिक विकास को प्रभावित कर सकता है। प्रत्येक बच्चे की पहली पाठशाला उसका परिवार ही होता है।

आधुनिक मनोविज्ञान भी इस बात की पुष्टि करता है कि जिन बच्चों को बचपन में भावनात्मक सुरक्षा, विश्वास और बिना शर्त स्वीकार्यता मिलती है, वे जीवन की चुनौतियों का सामना अधिक संतुलित ढंग से करते हैं, लेकिन बदलती जीवनशैली, व्यस्तता और बढ़ती प्रतिस्पर्धा ने परिवारों के भीतर संवाद को कम कर दिया है। अनेक घरों में बच्चों से यह पूछा जाता है कि 'आज कितने अंक आए?' लेकिन यह कम पूछा जाता है कि 'आज तुम कैसा महसूस कर रहे हो?' यह परिवर्तन केवल भाषा का नहीं, बल्कि हमारी प्राथमिकताओं का संकेत है।



बच्चों की तुलना भाई-बहनों, रिश्तेदारों या पड़ोस के बच्चों से करना, उनकी हर उपलब्धि को अंकों से जोड़ना तथा असफलता को सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रश्न बना देना उनके मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डालता है। मनोवैज्ञानिकों के अनुसार लगातार तुलना और अत्यधिक अपेक्षाएं बच्चों में आत्म-संदेह, चिंता, अवसाद तथा आत्मसम्मान में कमी का कारण बन सकती हैं। परिवारों को यह स्वीकार करना होगा कि प्रत्येक बच्चा अद्वितीय है और उसकी प्रतिभा किसी एक परीक्षा या अंकपत्र से निर्धारित नहीं होती। विद्यालय और महाविद्यालय केवल पाठ्यक्रम पूरा करने वाले संस्थान नहीं हैं, बल्कि ऐसे सामाजिक संस्थान हैं जहां बच्चों का व्यक्तित्व आकार लेता है। शिक्षक केवल विषय विशेषज्ञ नहीं, बल्कि मार्गदर्शक, प्रेरक और संकट के समय सबसे भरोसेमंद सहारा भी होते हैं। दुर्भाग्यवश आज अनेक विद्यालयों में सफलता का प्रमुख मानदंड परीक्षा परिणाम, बोर्ड मेरिट और प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन बन गया है। परिणामस्वरूप संस्थानों पर बढ़ता प्रदर्शन का दबाव विद्यार्थियों तक पहुंच जाता है। शिक्षण संस्थानों को यह समझना होगा कि उत्कृष्ट परिणाम देने से अधिक महत्वपूर्ण ऐसे विद्यार्थी तैयार करना है जो जीवन की कठिन परिस्थितियों का सामना कर सकें। यदि कोई विद्यार्थी निराशा, अकेलेपन, व्यवहार में अचानक परिवर्तन, पढ़ाई से अरुचि या आत्मग्लानि के संकेत दे रहा है, तो उसे अनुशासनहीनता नहीं, बल्कि समय पर सहायता की जरूरत है। स्कूलों में प्रारंभिक पहचान प्रणाली विकसित कर मानसिक तनाव के संकेतों की पहचान और मनोवैज्ञानिक सहायता मुहैया कराई जानी चाहिए।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार 10-19 वर्ष आयु वर्ग के प्रत्येक सात में से एक किशोर मानसिक स्वास्थ्य समस्या से प्रभावित है तथा 15-29 वर्ष आयु वर्ग में आत्महत्या मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है। वहीं यूनिसेफ की 'विश्व के बच्चों की स्थिति' रिपोर्ट बताती है कि अधिकांश मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की शुरुआत किशोरावस्था में ही हो जाती है, किंतु समय पर पहचान और उपचार के अभाव में वे गंभीर रूप धारण कर लेती हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, CBSE तथा NCER की विभिन्न पहलें शिक्षा को समग्र विकास, जीवन-कौशल और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास हैं, किंतु वास्तविक परिवर्तन तभी संभव है जब इन नीतियों को विद्यालयी संस्कृति का अभिन्न अंग बनाया जाए। अंतत: बच्चों की सफलता का वास्तविक पैमाना उनके अंक नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन, सकारात्मक दृष्टिकोण, नैतिक चरित्र और चुनौतियों का सामना करने की क्षमता है। शिक्षा तभी सार्थक होगी जब वह बच्चों को केवल सफल ही नहीं, बल्कि सुरक्षित, संवेदनशील और जीवन के प्रति आशावान भी बनाए।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# सफलता की खातिर विद्यार्थी समाचार पत्र से करें दिन की शुरुआत



अजय पटियाल
प्रवक्ता, रसायन विज्ञान, सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गढ़ जमूला

यदि विद्यार्थी हर सुबह समाचार पत्र के साथ अपनी शुरुआत करें, तो आने वाला कल निश्चित ही उनके लिए नए अवसरों के द्वार खोल सकता है।

कल्पना कीजिए, दो विद्यार्थी एक ही कक्षा में पढ़ते हैं। दोनों की बुद्धि समान है, दोनों मेहनती भी हैं और दोनों के पास सीखने के समान अवसर भी हैं लेकिन कुछ वर्षों बाद एक विद्यार्थी आत्मविश्वास के साथ हर चर्चा में अपनी बात रखता है, प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होता है, साक्षात्कारों में प्रभाव छोड़ता है और समाज की गतिविधियों से भली-भांति परिचित दिखाई देता है, जबकि दूसरा केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित रह जाता है। दोनों के बीच यह अंतर पैदा करने वाली सबसे सरल और प्रभावशाली आदत क्या हो सकती है? उत्तर है-प्रतिदिन समाचार पत्र पढ़ने की आदत। समाचार पत्र केवल घटनाओं का संग्रह नहीं, बल्कि ज्ञान, जागरूकता और विचारों का जीवंत संसार हैं। इनके प्रत्येक पृष्ठ पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी की नई खोजें, खेल जगत की उपलब्धियां, पर्यावरण की चुनौतियां, शिक्षा की नई पहल, प्रेरणादायक व्यक्तित्वों की कहानियां, अर्थव्यवस्था के बदलते आयाम, संस्कृति और साहित्य की झलक तथा देश-दुनिया की महत्वपूर्ण घटनाएं हमारा इंतजार करती हैं। जो विद्यार्थी इन सबसे जुड़ता है, उसका ज्ञान केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसका दृष्टिकोण व्यापक, संतुलित और परिपक्व बनता है। नियमित समाचार पत्र पढ़ने से सामान्य ज्ञान में उल्लेखनीय वृद्धि होती है।

यही सामान्य ज्ञान आगे चलकर प्रतियोगी परीक्षाओं, साक्षात्कारों, समूह चर्चाओं और विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों में सफलता का आधार बनता है। भाषा पर पकड़ मजबूत होती है, नए शब्दों का भंडार तैयार होता है तथा लेखन और अभिव्यक्ति की क्षमता में निरंतर सुधार आता है। निबंध, भाषण, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी और रचनात्मक लेखन जैसी गतिविधियों में समाचार पत्र पढ़ने वाले विद्यार्थी प्राय: अधिक प्रभावशाली प्रदर्शन करते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि समाचार पत्र हमें केवल जानकारी नहीं देते, बल्कि सोचने, प्रश्न करने, तथ्यों का विश्लेषण करने और सही-गलत का विवेक विकसित करना भी सिखाते हैं। आज का युग सूचना प्रौद्योगिकी का युग है। मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के माध्यम से सूचनाएं तो बहुत तेजी से मिल जाती हैं, लेकिन उनमें से अनेक अधूरी, भ्रामक या अप्रमाणित भी होती हैं। इसके विपरीत समाचार पत्र संपादकीय प्रक्रिया और तथ्य-जांच के बाद समाचार प्रकाशित करते हैं। यही कारण है कि वे विश्वसनीय जानकारी का महत्वपूर्ण स्रोत माने जाते हैं। समाचार पत्र पढ़ने की आदत विद्यार्थियों में धैर्यपूर्वक पढ़ने, समझने, मनन करने और तथ्यों के आधार पर अपनी राय बनाने की क्षमता विकसित करती है। यही गुण भविष्य में उन्हें जिम्मेदार नागरिक और संवेदनशील व्यक्तित्व बनने में सहायता करते हैं।



विद्यालयों और परिवारों की भूमिका इस दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रार्थना सभा में 'आज की प्रमुख खबर', समाचार-वाचन, समाचार-विश्लेषण और सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं जैसी गतिविधियां विद्यार्थियों में समाचार पत्र पढ़ने की रुचि विकसित कर सकती हैं। यदि विद्यार्थी प्रतिदिन केवल 15 से 20 मिनट समाचार पत्र पढ़ने की आदत अपनाएं, तो उनके ज्ञान, भाषा-कौशल, आत्मविश्वोस और विश्लेषणात्मक क्षमता में सकारात्मक बदलाव दिखाई देगा। पुस्तकें परीक्षा में सफलता दिलाती हैं, लेकिन समाचार पत्र जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। इसलिए हर सुबह समाचार पत्र पढ़ने की आदत सफलता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# ...जब 'छात्र शक्ति' एबीवीपी ने राष्ट्र निर्माण का संकल्प लिया



अतुल ठाकुर
स्वतंत्र लेखक, सरकाघाट

हर वर्ष 9 जुलाई का दिन भारत के छात्र आंदोलन के इतिहास में एक महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में याद किया जाता है। यही वह दिन है जब अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) एक संगठित छात्र संगठन के रूप में अस्तित्व में आया। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद का भारत अपनी शिक्षा व्यवस्था, लोकतांत्रिक संस्थाओं और राष्ट्रीय पहचान को नए सिरे से गढ़ रहा था। उस दौर में कुछ युवाओं और शिक्षकों ने यह विचार रखा कि विद्यार्थी केवल भविष्य के नागरिक नहीं हैं, बल्कि वर्तमान में भी राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया के सक्रिय सहभागी हैं।

इसी सोच से 1948 में एक छात्र आंदोलन की शुरुआत हुई, जिसे 9 जुलाई 1949 को दिल्ली में सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत औपचारिक मान्यता मिली। एबीवीपी की स्थापना का उद्देश्य विश्वविद्यालय परिसरों में एक राष्ट्रवादी छात्र विकल्प तैयार करना था। संगठन के शुरुआती नेतृत्व में प्रोफेसर ओम प्रकाश बहल और केशव देव वर्मा जैसे लोग शामिल रहे। प्रारंभिक वर्षों में इसका वैचारिक संबंध राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से रहा, लेकिन समय के साथ इसमें विभिन्न पृष्ठभूमियों के विद्यार्थी भी जुड़े। संगठन ने स्वयं को किसी राजनीतिक दल के छात्र संगठन के रूप में नहीं, बल्कि शिक्षा, समाज और राष्ट्र से जुड़े विषयों पर काम करने वाले स्वतंत्र छात्र संगठन के रूप में प्रस्तुत किया। इसका ध्येय वाक्य- 'ज्ञान, शील और एकता'- इसके मूल विचारों को दर्शाता है।

1958 के बाद यशवंत राव केलकर के नेतृत्व में एबीवीपी को नई दिशा मिली। उन्हें संगठन के विस्तार और संरचना को मजबूत करने वाला प्रमुख व्यक्तित्व माना जाता है। महाराष्ट्र से शुरू हुई संगठनात्मक यात्रा धीरे-धीरे देश के विभिन्न राज्यों तक पहुंची।





इसके बाद एबीवीपी ने कई राष्ट्रीय मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाई। गोवा मुक्ति आंदोलन, 1962 के चीनी आक्रमण के समय नागरिक सहायता कार्य, 1965 के युद्ध के दौरान जनजागरण और 1966 में शुरू हुआ 'स्टूडेंट्स एक्सपीरियंस इन इंटरस्टेट लिविंग' (SEIL) जैसे कार्यक्रम राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के प्रयासों के उदाहरण रहे।

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में 1975 से 1977 के आपातकाल का दौर एबीवीपी के लिए भी एक महत्वपूर्ण अध्याय रहा। संगठन के अनुसार, उसके हजारों कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र की बहाली के लिए आंदोलन किया और बड़ी संख्या में जेल गए। इसके बाद संगठन ने शिक्षा सुधार, भ्रष्टाचार विरोधी अभियानों, असम आंदोलन और अन्य सामाजिक-राष्ट्रीय मुद्दों पर अपनी सक्रियता बढ़ाई। 1990 के दशक तक आते-आते यह देश के कई विश्वविद्यालयों में एक प्रभावशाली छात्र संगठन के रूप में स्थापित हो चुका था।

लगभग आठ दशक की यात्रा के बाद आज एबीवीपी स्वयं को दुनिया के सबसे बड़े छात्र संगठनों में से एक बताता है। संगठन के अनुसार, इसकी सदस्य संख्या लाखों में है और इसकी गतिविधियां देश के हजारों शहरों और कस्बों तक फैली हुई हैं। छात्राओं के लिए 'मिशन साहसी', सेवा कार्यों के लिए 'स्टूडेंट्स फॉर सेवा' और सामाजिक जागरूकता से जुड़े कई अभियान इसके प्रमुख कार्य, मों में शामिल हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान भी संगठन ने राहत और जागरूकता अभियानों में भागीदारी का दावा किया।

एबीवीपी से जुड़े अनेक कार्यकर्ताओं ने राजनीति, समाज सेवा, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हालांकि, संगठन का सफर आलोचनाओं और वैचारिक विवादों से भी जुड़ा रहा है।

बहरहाल, 9 जुलाई का दिन केवल एबीवीपी का स्थापना दिवस नहीं, बल्कि छात्र शक्ति की राष्ट्र निर्माण में भूमिका के संकल्प का प्रतीक है। बदलते समय में शिक्षा, तकनीक और नई पीढ़ी की अपेक्षाओं के बीच संगठन के सामने अपनी पहचान बनाए रखने और नई चुनौतियों से तालमेल बैठाने की जिम्मेदारी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# धरोहर की रंगत: कागज पर जीवंत हुई चंबा की अमर प्रेम दास्तां 'कुंजू-चंचलो'



रीना ठाकुर
(चित्रकार एवं शोधकर्ता)

आधुनिकता के इस दौर में जहां प्राचीन लोक परंपराएं धीरे-धीरे धुंधली होती जा रही हैं, वहीं हिमाचल प्रदेश के चंबा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण रखने का एक सराहनीय प्रयास सामने आया है।


स्थानीय चित्रकार, शोधकर्ता और लेखिका रीना ठाकुर ने चंबा की प्रसिद्ध अमूर्त धरोहर-'कुंजू-चंचलो' के अमर लोकगीत को पारंपरिक कागज पर एक बेहद खूबसूरत लघु चित्र (Miniature Painting) के रूप में जीवंत किया है।

**गीत की आत्मा को मिले नए रंग :** 'कुंजू-चंचलो' का लोकगीत न केवल चंबा बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश की धड़कन है। इस भावुक कर देने वाले गीत की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वर्ष 1985 में महान अभिनेता राज कपूर की फिल्म का सुपरहिट गीत 'हुस्न पहाड़ों का ओ सायबा...' इसी पहाड़ी राग पर आधारित था। लेखिका और चित्रकार रीना ठाकुर ने पारंपरिक कला प्रणाली में नए विषयों का समावेश करते हुए इस प्रसिद्ध लोकगीत को एक अनूठा दृश्य रूप प्रदान किया है।

**चित्रकला में विरह और मिलन का अनूठा संतुलन**उ : 'कुंजू-चंचलो' (एक अमर प्रेम-कहानी) चंबा कलम, आकार- 22-30 सेंटीमीटर की इस कलाकृति में प्रेम की गहराई, मिलन की आतुरता और विरह की वेदना का बेजोड़ संतुलन दिखाई देता है।

**विरह की पीड़ा :** चित्र के एक हिस्से में चंचलो को रावी नदी के किनारे कपड़े धोते हुए और प्रेमी कुंजू द्वारा दिए गए चांदी के बटन (प्रेम के प्रतीक) को देखकर रोते हुए दिखाया गया है।

**चोरी-छिपे मिलन :** चित्र के बाईं ओर दोनों प्रेमियों को समाज की नजरों से बचकर गुप्त रूप से मिलते हुए भी दर्शाया गया है, जो उनके अटूट बंधन को बयां करता है। जीवंत पृष्ठभूमि : कलाकृति को और अधिक प्रासंगिक बनाने के लिए पृष्ठभूमि में चंबा का ऐतिहासिक राजमहल, हरी-भरी पहाड़ियां, शांत बहती रावी नदी और चंबा चौगान का ऐतिहासिक पीपल वृक्ष (गुप्त मिलन-स्थल) दर्शाया गया है।



**भावी पीढ़ियों के लिए अनमोल सौगात :** सूक्ष्म रेखांकन, संतुलित संरचना और प्राकृतिक रंगों के सुंदर प्रयोग के साथ यह चित्र चंबा लघुचित्र शैली की विशिष्ट विशेषताओं का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। इसकी बारीक कलात्मकता और पारंपरिक शैली चंबा की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान को जीवंत रूप में सामने लाती है।

यह चित्र केवल एक कलाकृति नहीं, बल्कि चंबा की गौरवशाली कला परंपरा, इतिहास और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत दस्तावेज है। इसमें स्थानीय जीवन, प्रकृति और परंपराओं की झलक दिखाई देती है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक अनमोल धरोहर के रूप में संरक्षित रहेगी। चंबा लघुचित्र शैली भारतीय कला की समृद्ध परंपराओं में से एक है, जिसमें कल्पनाशीलता, धैर्य और प्राकृतिक सौंदर्य का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। ऐसी कलाकृतियां केवल सौंदर्य का माध्यम नहीं होतीं, बल्कि वे समाज की स्मृतियों और सांस्कृतिक मूल्यों को भी आगे बढ़ाने का कार्य करती हैं। यह प्रयास स्थानीय लोगों में अपनी कला के प्रति गौरव और रुचि बढ़ाने के साथ देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को भी चंबा की संस्कृति को करीब से समझने का अवसर प्रदान करता है। इस प्रकार की पहलें पारंपरिक कलाओं के संरक्षण व उन्हें नई पहचान देने में अहम भूमिका निभाती हैं।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# वेस्टइंडीज ने 23 साल बाद श्रीलंका से जीती टेस्ट सीरीज

**एजेंसी, एंटीगा**

वेस्टइंडीज ने श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज 1-0 से अपने नाम कर ली। एंटीगा में खेला गया दूसरा और अंतिम टेस्ट मुकाबला ड्रॉ रहा, जिससे मेजबान टीम ने 23 वर्षों बाद श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीतने का कारनामा किया। साथ ही फरवरी 2023 के बाद यह वेस्टइंडीज की पहली टेस्ट सीरीज जीत भी है।

पहले टेस्ट में पारी और बड़े अंतर से जीत दर्ज करने के बाद वेस्टइंडीज सीरीज में 1-0 से आगे था। दूसरे मुकाबले में श्रीलंका ने अंतिम दिन तेजी से रन बनाकर जीत की कोशिश की। कप्तान धनंजय डी सिल्वा, सोनल दिनुषा और मिलान रत्नायके ने तेज पारियां खेलीं, जिससे श्रीलंका ने दूसरी पारी 251/9 पर घोषित करते हुए वेस्टइंडीज के सामने 362 रन का लक्ष्य रखा। हालांकि, अंतिम सत्र में वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज जॉन कैंपबेल और ब्रैंडन किंग ने बिना किसी नुकसान के 109 रन जोड़ दिए। दोनों बल्लेबाजों ने अर्धशतक पूरे किए और इसके बाद दोनों टीमों ने ड्रॉ पर सहमति जताई।

इससे पहले श्रीलंका ने पहली पारी में 549/9 घोषित किए थे। लाहिरू उदारा ने 188 रन, सोनल दिनुषा ने 92 और कमिंदु मेंडिस ने 84 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज ने जस्टिन ग्रीव्स के 180 और शाई होप के 112 रन की बदौलत 499 रन बनाए। श्रीलंका के लिए असिथा फर्नांडो ने पहली पारी में पांच विकेट झटके। (अनंत ज्ञान)




# फीफा विश्व कप : क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं 8 टीमें

**एजेंसी, नई दिल्ली**

फीफा विश्व कप अब रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया है। राउंड ऑफ-16 के सभी मुकाबले खत्म होने के बाद क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली आठ टीमों का फैसला हो गया है। खिताब की दौड़ में अब फ्रांस, मोरक्को, स्पेन, बेल्जियम, नॉर्वे, इंग्लैंड, अर्जेंटीना और स्विट्जरलैंड शामिल हैं।

इस विश्व कप में कई बड़े उलटफेर देखने को मिले। पराग्वे ने जर्मनी को हराकर बड़ा उलटफेर किया, जबकि नॉर्वे ने ब्राजील को बाहर कर दिया। वहीं, मोरक्को ने नीदरलैंड्स को हराकर अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। पहली बार विश्व कप में उतरी केप वर्डे की टीम ने भी अपने प्रदर्शन से फुटबॉल प्रशंसकों का ध्यान खींचा। अब सभी की नजरें क्वार्टर फाइनल मुकाबलों पर हैं, जहां टीमों के बीच खिताब के लिए कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। (अनंत ज्ञान)

---

**IN THE COURT OF Sh. GAGGAN DEEP, EXECUTIVE MAGISTRATE-CUM-NAIB TEHSILDAR, DHEERA, DISTRICT KANGRA HIMACHAL PRADESH.**
Date of hearing 15-7-2026
Cae No.813242/2026
**In the matter of-** Jasbir Singh s/o Late Sh Kishori Lal S/O Late Churu, Vill Suri Po Marhoon Tehsil Dheera Distt Kangra HP ...Applicant
**Versus-** General Public, Tehsil Dheera, District Kangra, Himachal Pradesh ...Respondents
**Proclamation regarding correction of name under section 37(i) & (ii) of HPLRA, 1954.**
Whereas, Jasbir Singh s/o Late Sh Kishori Lal S/O Late Churu, Vill Suri Po Marhoon Tehsil Dheera Distt Kangra Hp has filed an application alongwith an affidavit before this court that the name of his grandfather was recorded wrongly in revenue record of Suri and Baleta, mauza Suri, Tehsil Dheera, District Kangra HP as "Chuhru s/o Gulaba". But in other documents such as Adhar card and Parviar Nakal, the correct name has been recorded as "Mahant Ram". Hence, applicant has filed an application for correction of name of his grandfather as "Mahant Ram@ Chuhru S/o Late Gulaba" in the revenue record of mohal Suri and Baleta, mauza Suri, tehsil Dheera, district Kangra HP. Now, therefore, objections, if any are invited from the general public with regard to the correction of name of applicant's grandfather i.e. "Mahant Ram @Chuhru S/o Gulaba". Any person having any objection in this regard may appear in this court on or before 15-7-2026, either personally or through a duly authorized agent or counsel. In case no objection is received within stipulated period, the matter shall be decided as ex-parte without any further opportunity of being heard and final order for correction of name shall be passed, accordingly. Issued under my hand and seal of the court today, 8-07-2026 *Executive Magistrate, Dheera*

---

**Before the Court of AC 2nd Grade-Cum-Executive Magistrate Shahpur Distt. Kangra H.P.**
Bhim Chand S/o Sh. Rasila Ram R/o Village Gorda, P.O. Bhanala, Tehsil Shahpur Distt Kangra H.P. ... Applicant
V/S
General Public & others ...Respondents.
**Sub: Notice for correction of name in Revenue Record of Mohal Gorda.**
Whereas, Sh. Bhim Chand S/o Sh. Rasila Ram R/o Village Gorda, P.O. Bhanala, Tehsil Shahpur, District Kangra H.P. has filed an application in the court of the undersigned in which he has stated that his name was wrongly written as Bhim Sain S/o Rasilu in revenue record of Mohal Gorda, while actual name of applicant is Bhim Chand S/o Rasila Ram. He has also produced copies of his Aadhar Card, Parivar Register and an affidavit in this regard alongwith Nakal Jamabandi for the year 2019-20.
Therefore, the General Public is hereby informed through this notice that if any person having any objection regarding this correction, may file their objections either personally or through an agent in this court on or before 27/08/2026. In case no objection is received by 27/08/2026, it will be presumed that there is no objection to the aforesaid correction and same will be corrected under the relevant Act accordingly.
Given under my hand and seal of the court of this 07-07-2026.
**Assistant Collector 2nd Grade, Shahpur, District Kangra H.P.**

---

**अनंत Classifieds**

## नाम परिवर्तन

मैं, अमित लाल, पुत्र श्री भूपेन्द्र, निवासी गाँव एवं डाकघर रत्ती, तहसील बल्ह, जिला मंडी (हि.प्र.), एतद्द्वारा घोषणा करता हूँ कि मैं बालिग हूँ तथा मैंने अपना नाम अमित शर्मा से परिवर्तित कर अमित लाल रख लिया है। अमित शर्मा एवं अमित लाल दोनों नाम मेरे ही हैं। भविष्य में मेरे सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय, बैंकिंग एवं अन्य अभिलेखों में मेरा नाम अमित लाल ही माना एवं अंकित किया जाए। सभी संबंधित इस परिवर्तन को नोट करें।

---

## कार्यालय ग्राम पंचायत लोट
**विकास खण्ड निरमण्ड, जिला कुल्लू (हि.प्र.)**

### निविदा सूचना

पंचायत बैठक दिनांक 08/07/2026 प्रस्ताव संख्या 03 को अध्यक्ष महोदय की स्वीकृति से प्रस्ताव पारित हुआ कि वितिय वर्ष 2026-2027 के विकास कार्यों के निर्माण हेतू सामग्री खरीद के लिए निविदाएं निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। 1. रेत खदान व क्रशर (प्रति टिपर) 2, बजरी क्रशर 10,20,40 MM (प्रति टिपर). 3. जे0सी0बी0 मशीन (प्रति घंटा) 4, जी0आई0 पाईप सभी प्रकार डाया के, (आई एस आई मार्क) 5,पी0 बी0 सी0 पाईप सभी डाया के 6, जी0आई चादर 35,40 MM 7, ईमारती लकडी प्रति फीट, 8. स्टील फैब्रिकेशन सामग्री लोहा, एंगल व शीटें, 9, साईन बोर्ड पैंटिग व लिखाई 3×4 और 4×5 प्रति बोर्ड, 10, सभी प्रकार की हार्डवेयर सामग्री दीवार व फलोर टाईल प्रति स्केयर मीटर, 11, सीमेंट ढुलान निरमण्ड से सराहर प्रति बैग 12, ईट (2nd Class) 13, सरिया 08,10,12 MM, 14, चक्का टाईल 15, पत्थर टूटा हुआ (प्रति चट्टा) 16, फर्नीचर सभी प्रकार, 17, स्टेशनरी, 18, जलपान इत्यादि उपरोक्त लिखित सामग्री की निविदाएं दिनांक 23-07-2026 को सायं 5:00 बजे तक कार्यालय पंचायत सामुदायिक केन्द्र लोट में पंहुच जानी चाहिए। प्राप्त निविदाएं दिनांक 24-07-2026 को 1:00 बजे पंचायत निविदा कमेटी द्वारा कार्यालय पंचायत सामुदायिक केन्द्र लोट में खोली जाएगी। **शर्तेः**-1. निविदाएं लिफाफे में सील बन्द होनी चाहिए। 2. निविदादाता के पास संबंधित सामग्री का GST No. होना अनिवार्य है। 3 प्रत्येक सामग्री की प्रति इकाई दर (जी0एस0टी0सहित स्पष्ट उलेख सहित) अंकित करना अनिवार्य होगा। 4. सामग्री निर्धारित गुणवता मानकों तथा प्रचलित HPPWD SOR (Latest Edition) एंव संबंधित विभागीय विनिर्देशों के अनुरूप होनी चाहिए। 5, सामग्री की आपूर्ति पंचायत द्वारा जारी Supply Order के अनुसार निर्धारित समय में करनी होगी। 7, पंचायत आवश्यकतानुसार किसी भी सामग्री की मात्रा वढाने या धटाने का अधिकार सुरक्षित रखती है। 8, पंचायत विना किसी कारण बताए किसी भी अथवा सभी निविदाओं को स्वीकार या निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखती है। 9, निविदा के साथ वैध पंजीकरण प्रमाण पत्र PAN.GST पंजीकरण (यदि लागू हो) तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य होगा। 10 विना एम0 फार्म के विना कोई भी बिल मान्य नही होगा। 11, रेत व रोडी का टिपर 150 फीट मान्य होगा। 12, सामग्री गुणवता रहित होने पर स्वीकार्य नहीं होगीं।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत लोट**
**विकास खण्ड निरमण्ड, जिला कुल्लू (हि.प्र.)**

---

## कार्यालय ग्राम पंचायत वाकना
**विकास खंड-कंडाघाट, जिला सोलन (हि.प्र.)**

### निविदा सूचना

ग्राम पंचायत वाकना हेतु कार्यालय उपयोग के लिए निम्नलिखित सामग्री की खरीद की जानी है। इच्छुक अधिकृत विक्रेता/फर्म अपने सीलबंद कोटेशन निर्धारित तिथि एवं समय तक ग्राम पंचायत कार्यालय में Register post द्वारा जमा करवाएँ।

| क्र.सं. | सामग्री | मात्रा |
|---|---|---|
| 1. | लैपटॉप | 01 |
| 2. | डेस्कटॉप कंप्यूटर | (UPS सहित) - 01 |
| 3 | प्रिंटर | 01 |

**शर्तें:-**
1. सभी वस्तुएँ ब्रांडेड एवं वारंटी सहित हों।
2. कोटेशन में GST सहित अंतिम दर अंकित हो।
3. पंचायत किसी भी अथवा सभी कोटेशन स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।
4. कोटेशन जमा करने की अंतिम तिथिः 16/07/2026, समयः 2 बजे तक।

स्थानः ग्राम पंचायत कार्यालय, वाकना

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत वाकना**
**विकास खंड-कंडाघाट, जिला सोलन (हि.प्र.)**

---

**IN THE COURT OF Sh. GAGGAN DEEP, EXECUTIVE MAGISTRATE-CUM-NAIB TEHSILDAR, DHEERA, DISTRICT KANGRA HIMACHAL PRADESH.**
Date of hearing 15-7-2026
Cae No.813229/2026
**In the matter of-** Ram Singh s/o Duni Chand, R/O Mohal Lahar Buhla Mouza & Tehsil Dheera Distt. Kangra HP. ...Applicant
**Versus-** General Public, Tehsil Dheera, District Kangra, Himachal Pradesh ...Respondents
**Proclamation regarding correction of name under section 37(i) & (ii) of HPLRA, 1954.**
Whereas, Ram Singh s/o Duni Chand, R/O Mohal Lahar Buhla Mouza & Tehsil Dheera Distt. Kangra HP.has filed an application alongwith an affidavit before this court that the name of his father has been recorded wrongly, in revenue record of mohal Lahar Buhla, mauza Dheera, Tehsil Dheera, District Kangra HP as "Duniya s/o Sahnu". But in other documents such as Adhar card and Parviar Nakal, the correct name has been recorded as "Duni Chand S/o Late Sahnu". Hence, applicant has filed an application for correction of name of his father as "Duni Chand @ Duniya S/o Late Sahnu" in the revenue record of mohal Lahar Buhla and mauza Dheera, tehsil Dheera, district Kangra HP. Now, therefore, objections, if any are invited from the general public with regard to the correction of name of applicant's father i.e. "Duni Chand alias Duniya s/o Sahnu". Any person having any objection in this regard may appear in this court on or before 15-7-2026, either personally or through a duly authorized agent or counsel. In case no objection is received within stipulated period, the matter shall be decided as ex-parte without any further opportunity of being heard and final order for correction of name shall be passed, accordingly. Issued under my hand and seal of the court today, 8-07-2026 *Executive Magistrate, Dheera*

---

## कार्यालय एवं न्यायालय ग्राम पंचायत वाकना
**विकास खंड-कंडाघाट, जिला सोलन (हि.प्र.)**

### निविदा सूचना

आज दिनांक 27-06-2026 को ग्राम पंचायत वाकना की मासिक बैठक प्रधान श्री मति प्रीति जी की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत वाकना कार्यालय में संपन्न हुई। उपस्थिति पूर्ण रही। निम्न कार्यवाई अमल में लाई गई।

**प्रस्ताव संख्या – 04**

विषयः वित्त वर्ष 2026-27 के लिए समाचार पत्रों के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित करने बाबत।
आज की बैठक में चर्चा उपरांत ग्राम पंचायत वाकना की बैठक में प्रस्ताव रखा गया कि ग्राम पंचायत वाकना में विकास कार्यों हेतु वित्त वर्ष 2026-27 के लिए समाचार पत्रों के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाएं, जिस पर सभी उपस्थित सदस्यों ने सहमति प्रदान की। समाचार पत्रों के माध्यम से प्राप्त निविदाओं को पंचायत बैठक में उपस्थित सदस्यों के समक्ष खोला जाएगा। तत्पश्चात उचित Vendor का चयन कर वित्त वर्ष 2026-27 के लिए ग्राम पंचायत द्वारा पारित किया जाएगा। वस्तुओं का विवरण जिसके लिए निविदाएँ आमंत्रित की जा रही है। * रेत (प्रति फुट), * बजरी (प्रति फुट), * गटका (प्रति फुट), * ईट (प्रति पीस), * इंटरलॉक टाइल 40एमएम,60एमएम, 80एमएम (प्रति पीस), * शटरिंग हेतु लकड़ी (प्रति फुट), * बोल्डर (प्रति पीस), * JCB /Breaker / Hours
**नोटः** निविदाएं ग्राम पंचायत वाकना में दिनांक 19/07/2026 को दोपहर 2:00 बजे तक ग्राम पंचायत वाकना कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। इसके उपरांत कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। कोटेशन 22/7/2026 को खोली व पास की जाएगी ।
अतः प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत वाकना**
**विकास खंड-कंडाघाट, जिला सोलन (हि.प्र.)**

---

## कार्यालय ग्राम पंचायत ठाकुरद्वारा
**विकास खंड देहरा, जिला काँगड़ा, हिमाचल प्रदेश**

### निविदा सूचना

आज की पंचायत बैठक में अध्यक्ष महोदय की स्वीकृति से प्रस्ताव पेश हुआ कि वितीय वर्ष 2026-27 के विकास कार्यो के निर्माण हेतु निर्माण सामग्री की खरीद हेतु निविदाएं आमन्त्रित की जानी है। अतः विचार-विमर्श के पश्चात सर्व-सम्मति से प्रस्ताव पारित हुआ कि निम्नलिखित निर्माण सामग्री की निविदाएं वितीय वर्ष 2026-27 के लिए आमंत्रित की जाती हैं ।

| क्र.सं. | नाम वस्तु |
|---|---|
| 1 | क्रेशर रेता ( दर प्रति घन फुट ) |
| 2 | क्रेशर बजरी 10 MM, 20 MM ( दर प्रति घन फुट ) |
| 3 | क्रेशर बजरा 40 MM ( दर प्रति घन फुट ) |
| 4 | रेता (धुला रेता) ( दर प्रति घन फुट ) |
| 5 | गटका स्टोन 40-75MM प्रति घन फुट |
| 6 | सोलिंग |
| 7 | पत्थर टूटा हुआ (दर प्रति पत्थर ) |
| 8 | सीमेंट कैरिज सिविल सप्लाई देहरा से ठाकुरद्वारा तक |
| 9 | बजरा खड्ड WB |
| 10 | शटरिंग लकड़ी और लोहे की (प्रति वर्ग फुट) |
| 11 | मिक्चर प्रति दिन ( डीजल और पहुंच सहित) |
| 12 | बेंच [लोहा /सीमेंट] प्रति नम्बर |
| 13 | पक्की ईंटे अव्वल व दोयम प्रति नम्बर पहुँच सहित |
| 14 | लोकल किराया प्रति राउंड सीमेंट |
| 15 | साईन बोर्ड सीमेंटेड 3ft × 4ft |
| 16 | पानी का टैंकर पहुँच सहित |
| 17 | साईन बोर्ड लिखाई प्रति बोर्ड |
| 18 | जे.सी.बी.प्रति घन्टा |
| 19 | पत्थर दरयाई |
| 20 | रेता डस्ट |
| 21 | रेता खड्डु |
| 22 | प्रिन्टर |
| 23 | इनवर्टर |

उपरोक्त निर्माण सामग्री की निविदाएं कार्यालय पंचायत सामुदायिक केन्द्र ठाकुरद्वारा में बन्द लिफाफे में दिनांक 22 /07 /2026 तक पहुंच जानी चाहिए इसके बाद कोई भी निविदा नहीं ली जाएगी और दिनांक 23 /07/2026 को समय 12:00 PM बजे कार्यालय पंचायत सामुदायिक केन्द्र ठाकुरद्वारा में कमेटी के समक्ष खोली जाएंगी । आपूर्ति कर्ता को निर्माण सामग्री सभी वार्डो में कार्यस्थल पर पहुंचाना पड़ेगा और आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. नम्बर होना चाहिए बिना जी.एस.टी. के निविदा मान्य नहीं होगी दरों का उल्लेख करते समय [टेक्स इन्क्लुड़] सहित दें साथ में W और X फॉर्म देना भी सुनिशित करें निविदा रद्द करने का अधिकार पंचायत के पास रहेगा और निर्माण सामग्री की गुणवता का विशेष ध्यान रखा जाएगा । इसके अलावा जिस आपूर्तिकर्ता की निविदा स्वीकृत होगी उसका पंचायत के साथ अनुबंध होगा और उसको पंचायत के पास 10000/- रुपए की धरोहर राशि जमा करवानी होगी द्य

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत ठाकुरद्वारा**
**विकास खंड देहरा, जिला काँगड़ा, हिमाचल प्रदेश**

---

## कार्यालय ग्राम पंचायत ग्रीमा
**विकास खंड भरमौर, जिला चंबा (हि. प्र.)**

### निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 6 जुलाई 2026 को ग्राम पंचायत ग्रीमा की बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए मनरेगा एवं अन्य मदों में निष्पादित किए जाने वाले विकास कार्यो मे प्रयुक्त होने वाली निर्माण सामग्री रेत (प्रति घन मीटर) कार्य स्थल पर, पत्थर सप्लाई (प्रतिघन मीटर) कार्य स्थल पर, बजरी (प्रति घनमीटर) कार्यस्थल पर, शैटरिंग (प्रतिफीट) तथा सामग्री ढुलान, इटें प्रति ईंट, ऐंगेल सरिया ढुलान (प्रति क्विन्टल) सीमेन्ट ढुलान (प्रतिवैग) वार्ड स्तर पर निविदाएं आमन्त्रित की जा रही है। अतः इच्छुक व्यक्ति फर्म दिनाक 11-07-2026 को पांच बजे तक कार्यलय ग्राम पंचायत ग्रीमा में अपने लैटर पैड पर सील लिफाफे में पंजीकृत डाक द्वारा व स्वंय पंचायत सचिव ग्राम पंचायत ग्रीमा में जमा करवाएं। 11-07-2026 (11 जुलाई 2026) के बाद कोई भी निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी और इन निविदाओं को 12-07-2026 की (11.00 बजे कार्यालय पंचायत घर ग्रीमा में कमेटी के सामने सार्वजानिक किया जाऐगा। **नियम व शर्ते**- (1) आपूर्तीकर्ता के पास जीएसटी टैन नम्बर अनिवार्य होगा। (2) बिना जी0एस0टी0 पैन नम्बर की निविदा रद्द मानी जाएगी। (3) निविदा बन्द लिफाफे में पंजीकृत डाक द्वारा या पंचायत सचिव के पास जमा होगी। (4) निर्माण सामग्री की आपूर्ती दिन के समय सुबह 10 बजे से 5 बजे तक मान्य होगी ताकि वस्तु की मात्रा व गुववत्ता की जांच हो सके। (5) निर्माण सामग्री मंगवाने के एक सप्ताह के भीतर पहुंचानी होगी। (6) सामग्री की आपूर्ती कार्य स्थल पर ली जाएगी तथा उसका भुगतान कनिष्ठ अभियंता, तकनीकी सहायक के मूल्यांकन के बाद किया जाएगा। (7) आपूतीकर्ता के पंचायत के पास एक लाख रुपये की धरोहर राशि प्लज बनाकर जमा करवाना अनिवार्य होगा। (8) आपूर्तीकर्ता को अपना जीएसटी नं., आधार कार्ड, बैंक खाता कापी जमा करवाने होंगे।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत ग्रीमा**
**विकास खंड भरमौर, जिला चंबा (हि. प्र.)**

---

## कार्यालय ग्राम पंचायत जंडपुर
**विकास खंड पंचरुखी, जिला काँगड़ा (हि. प्र.)**

### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निर्माण सामग्री, कार्यालय उपकरण की आपूर्ति और मशीनरी/सेवाओं को किराए पर लेने के लिए पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों/अधिकृत डीलरों से सीलबंद कोटेशन आमंत्रित किए जाते हैं। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समयः 20/07/2026, दोपहर 03:00 बजे तक डाक के माध्यम से ही प्राप्त की जाएंगी। निविदा खोलने की तिथि और समयः 21/07/2026, दोपहर 12:00 बजे। जमा करने का स्थानः संबंधित ग्राम पंचायत का कार्यालय। निविदा खोलने का स्थानः क्रय समिति (Purchase Committee) एवं उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष सामग्रियों और मदों की संक्षिप्त विवरणीः- विस्तृत निर्धारित प्रपत्र (Performa) जिसमें नीचे दी गई मदें शामिल हैं, संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। **सामग्री का विवरण**- 1-4. 1-4 क्रश्ड सैंड (क्रेशर रेत), लोकल सैंड (स्थानीय रेत), क्रश्ड एग्रीगेट (बजरी 10mm, 20mm, 40mm)- Cft. (घन फीट)। 5-6. ईंट (प्रथम श्रेणी और द्वितीय श्रेणी)- संख्या (Number) 7-9. सोलिंग स्टोन, कट स्टोन (6 इंच और 8 इंच)- Cum (घन मीटर) / संख्या। 10. जेसीबी मशीन (हाइड्रोलिक उत्खनक) द्वारा कटाई/खुदाई- प्रति घंटा (Hour) 11-12. शटरिंग का किराया (लोहा और लकड़ी) - Sqm (वर्ग मीटर) 13-14. इंटरलॉकिंग कंक्रीट पेवर (40mm और 80mm आईएसआई) -Sqm (वर्ग मीटर) 15. नागरिक आपूर्ति (Civil Supply) से पंचायत तक सीमेंट ढुलाई, लोडिंग और अनलोडिंग - प्रति इकाई (Per Unit) 16-17. एग्रीगेट (बजरी 60mm और 90mm)- Cft (घन फीट) 18. इंटरलॉकिंग कंक्रीट पेवर (60mm आईएसआई)- Sqm (वर्ग मीटर) 19. खच्चरों (Mules) द्वारा सड़क किनारे से कार्य स्थल तक सामग्री की ढुलाई -Cft (घन फीट) 20. लेखन सहित साइन बोर्ड (सूचना पट्ट)- संख्या (No.) 21. कंप्यूटर पेरिफेरल (कंप्यूटर सहायक उपकरण) (पंचायत के डिजिटल कार्यों के संचालन हेतु मानक बाहरी आईटी हार्डवेयर घटकों की आपूर्ति। इसमें आधिकारिक विनिर्देश दिशानिर्देशों के अनुसार मल्टी-फंक्शन लेजर प्रिंटर/स्कैनर, अनइंटरप्टिबल पावर सप्लाई (यूपीएस) इकाइयां, बाहरी हार्ड ड्राइव/स्टोरेज मीडिया, कीबोर्ड, माउस और डेस्कटॉप मॉनिटर/डिस्प्ले इकाइयां/ लैपटॉप शामिल हैं)।- संख्या (No.) **मुख्य नियम एवं शर्तें (हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार के नियमानुसार)** * सुरक्षा राशि (Security Deposit): निविदादाताओं को संबंधित ग्राम पंचायत के नाम 15,000/- की सावधि जमा (Fixed Deposit) सुरक्षा राशि के रूप में गिरवी (Pledge) रखनी होगी (अस्वीकृत निविदादाताओं की सुरक्षा राशि वापस कर दी जाएगी)। * स्टेशनरी शुल्कः निविदा के लिए आवेदन करने वाले वेंडरों को स्टेशनरी खर्च के मद में 1,000/- की गैर-रिफंडेबल (नॉन-रिफंडेबल) राशि जमा करनी होगी। * जीएसटी और दरेंः निविदादाता फर्म/वेंडर के पास वैध जीएसटी नंबर होना अनिवार्य है। दरें शब्दों और अंकों दोनों में स्पष्ट रूप से उद्धृत होनी चाहिए, जिसमें जीएसटी और सभी एफ.ओ.आर. (F.O.R.) साइट डिलीवरी शुल्क शामिल हों। * अयोग्यता नियम (धारा 137, हिमाचल प्रदेश पंचायत राज अधिनियम नियम 1997): पंचायत का कोई भी पदाधिकारी (प्रधान, उप-प्रधान, वार्ड सदस्य) या उनके सीधे रक्त संबंध/ परिवार सम्बन्ध (Blood Relation) का कोई भी व्यक्ति उसी ग्राम पंचायत में वेंडर/ठेकेदार के रूप में भाग नहीं ले सकता है। * भुगतान का तरीकाः ठेकेदारों/फर्मों को 100% भुगतान अनिवार्य रूप से केवल PFMS और RTGS डिजिटल प्रणालियों के माध्यम से किया जाएगा। * अस्वीकृतिः सशर्त (Conditional) या अपूर्ण कोटेशन को तुरंत सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा। **नोटः पूर्ण निविदा दस्तावेजों, तकनीकी विशिष्टताओं (Technical Specifications) और आधिकारिक निविदा प्रपत्र के लिए कृपया कार्य दिवसों के दौरान अपने संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय में संपर्क करें।**

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत जंडपुर**
**विकास खंड पंचरुखी,जिला काँगड़ा (हि. प्र.)**

---

## कार्यालय ग्राम पंचायत रजोल
**विकास खंड देहरा, जिला काँगड़ा, हिमाचल प्रदेश**

### निविदा सूचना

ग्राम पंचायत रजोल विकास खंड देहरा में वित वर्ष 2026-27 में VB-G-RAM-G मद,स्वच्छ भारत मिशन,15वां वितोयोग व अन्य सभी मदों के अंतर्गत करवाए जाने बाले विकास कार्यो हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जानी अनिवार्य हैं । अतः इच्छुक व्यक्ति/ फर्म दिनांक 21-07-2026 से पहले किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय ग्राम पंचायत रजोल में अपनी निविदा बंद लिफाफे में स्वयं या डाक के माध्यम से जमा करवा सकते हैं । **सामग्री का विवरण निम्न है ।** 1. रेत क्रशर-प्रति घन मीटर, 2. बजरी क्रशर-प्रति घन मीटर, 3. बजरा क्रशर 40 एमएम ,60 एमएम, 80 एमएम- प्रति घन मीटर,4. रेत करलुई-प्रति घन मीटर, 5. बजरी लोकल -प्रति घन मीटर, 6. पत्थर खाडू -प्रति नग, 7. पत्थर फाड़ा-प्रति नग, 8. ईट प्रथम श्रेणी -प्रति नग, 9. बोल्डर - प्रति घन मीटर, 10. सेटरिंग लकड़ी -प्रति (SFT) या प्रति RMT . 11. सेटरिंग स्टील प्रति (SFT) या प्रति RMT. 12. सेटरिंग स्लैव - प्रति (SFT). 13. ट्रेक्टर किराया खड से कार्य स्थल तक -प्रति फेरा, 14. ट्रेक्टर किराया सड़क से कार्य स्थल तक -प्रति फेरा, 15. लिखाई बोर्ड सामान्य/ VB-G-RAM-G मद फोटो सहित 2’×3’-प्रति बोर्ड, 16. लिखाई बोर्ड VB-G-RAM-G मद फोटो सहित 4’×3’-प्रति बोर्ड, 17. ढूलवाई सीमेंट HPSCS देहरा से -प्रति बैग, 18. स्टील (सरिया ) 8/10/12/16/20MM -प्रति किलोग्राम, 19. पानी कि टंकी प्लास्टिक 2000/1000 लीटर स्थापना सहित -प्रति टंकी, 20. कन्क्रीट पोल 5 फुट , 6 फुट -प्रति फुट, 21. कन्क्रीट बोर्ड VB-G-RAM-G मद लिखाई सहित 4’X3’ -प्रति बोर्ड, 22.लोहा कार्य जेसे सीढ़िया , गेट , रेलिंग आदि -प्रति किलोग्राम, 23. दरवाजा एअलुमिनिम / लकड़ी स्थापना सहित - प्रति नग, 24. खिड़की एअलुमिनिम / लकड़ी स्थापना सहित-प्रति नग, 25. रंग ,रोगन भवन -प्रति SFT, 26. फ्लोर व दीवार टाइल मजदूरी -प्रति SFT, 27. पेंटिंग या समान्य लिखाई -प्रति SFT, 28. JCB कार्य प्रति घंटा -प्रति घंटा, 29. मिक्सचर मशीन -प्रति दिन, 30. मिटी भरान या लेवेलिंग - प्रति ट्रेक्टर / टिपर, 31. टाइल फ्लोर 2’×2’ -प्रति फुट, 32. टाइल फ्लोर 1’×1’ -प्रति फुट, 33. टाइल फ्लोर 1’×1.6’- प्रति फुट, 34. ग्राम पंचायत क्षेत्र में आयरन जाला कूड़ेदान स्थापित करना साइज़ 4’×2’ व 3’×2’ स्टैंड फिटिंग सहित - प्रति नग, 35. Fire Bricks -प्रति नंबर, 36.कंक्रीट ईट -प्रति नंबर, 37. कंक्रीट ब्लाक 4 ‘,6 ‘,8’ -प्रति नंबर, 38. स्टेनलेस स्टील रेलिंग -प्रति किलोग्राम। **नोट :-** दिनांक 21/07/2026 (अपराह्न 5.00 बजे तक) के पश्चात कोई भी निविदा स्वीकार नहीं कि जायेगी । निविदा खोलने का समय : दिनांक 22/07/2026 को कार्यालय ग्राम पंचायत रजोल में सुबह 11.30 बजे । **नियम व शर्ते :-** 1. निविदादाता के पास अपना पंजीकृत जी.एस.टी नंबर होना चाहिए । 2.निर्माण सामग्री कार्य स्थल या जहाँ तक गाडी जाती है, वहां तक पहुंचानी होगी । 3.निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति सात दिन के भीतर नहीं कर पाता है तो निविदादाता पर नियामानुसार कार्यवाही की जाएगी या जुर्माना किया जा सकता है । 4.एक समान दर होने पर सप्लाई आर्डर देने का अधिकार निविदा कमेटी के पास सुरक्षित रहेगा । 5. सामग्री कि गुणवत्ता सही न होने की दशा में निविदा को रद्द भी किया जा सकता है । 6. सप्लाईकर्ता द्वारा पंचायत को उपलब्ध करवाई गई सामग्री का X और रूफॉर्म भी जमा करवाना होगा । यदि X और रूफॉर्म जमा नहीं करवाता है तो उसके लिए सरकार द्वारा निर्धारित दरों पर सप्लाईकर्ता से रॉयल्टी भी काटी जाएगी । 7. एकमुश्त 30,000 /- रूपये का बिल या वार्षिक 1 लाख का भुगतान होने पर सरकारी दरों अनुसार TDS की कटौती की जाएगी । 8.निविदा खोलते समय निविदादाता या कोई प्रॉक्सी मौके पर उपस्थित होना चाहिए अन्यथा वह निविदा नही खोली जाएगी । 9.इसके अतिरिक्त यह भी निर्णय लिया गया कि निविदा जिन समाचार पत्रों में प्रकाशित की जाएगी , इसकी अदायगी ग्राम पंचायत निधि से की जाएगी ।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत रजोल**
**विकास खंड देहरा, जिला काँगड़ा, हिमाचल प्रदेश**

---

## कार्यालय ग्राम पंचायत बाली चौकी
**विकास खंड बाली चौकी, जिला मंडी (हि. प्र.)**

### निविदा सूचना

आज की बैठक में प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किया गया गया है। कि ग्राम पंचायत बाली चौकी में वित्त वर्ष-2026-27 के लिए विभिन्न विकास कार्यो हेतु निष्पादन के लिए कुटेशन / निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। सभी निविदाएं दिनांक 14-07-2026 तक सायः 4:00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत बाली चौकी में पहुँच जानी चाहिए। सभी निविदाएं डाक द्वारा बन्द लिफाफे में प्राप्त की जाएगी। कोई भी निविदाएँ बाई हैंड नहीं ली जाएगी। इसके बाद निर्धारित दिनांक 15.07.2026 को पंचायत कार्यालय में बैठक कमेटी के सामने निविदाएं खोली जाएंगी।

| क्रं.सं. | सामग्री का विवरण | प्रति इकाई |
|---|---|---|
| 1. | रेत क्रशर | प्रतिफुट |
| 2. | रेत दरिया | प्रतिफुट |
| 3. | बजरी | प्रतिफुट |
| 4. | ईंटे मिट्टी के भटठे की | प्रति ईंट |
| 5. | शटरिंग | प्रति वर्गफुट |
| 6. | वैल्डिंग/लोहा तथा सरिया | प्रति किलो |
| 7. | सीमेंट ढलवान किराया लेवर सहित धामण से | पूरी पंचायत में |
| 8. | जेसीबी/एलएनटी | प्रति घनमीटर/प्रति घंटा |
| 9. | मनरेगा व सामान मद के साईन बोर्ड लिखवाई व पेंट सहित 2*3 व 3*4 | प्रति बोर्ड |
| 10. | केट वायर जो एग्रो से कम रेट पर होनी चाहिए | प्रति क्रेट |
| 11. | सीजीआई शीट, फेंसिंग वायर, जीआई पाईप, पीवीसी पाईप, आरसीसी पाईप, पेंट इत्यादि | |
| 12. | पत्थर किराया | प्रति टिप्पर/प्रति ट्रैक्टर |

**नियम व शर्तें:-** 1. निविदादाता के पास अपना पैन व जीएसटी नं होना चाहिए। 2. आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम फार्म होने अनिवार्य हैं। 3. कार्य सामग्री कार्य स्थल तक जहां तक गाडी जाती है उपलब्ध करवानी होगी। 4. निविदादाताओं को पास व रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास रहेगा। 5. शर्त पूरी न होने पर कुटेशन रद्द की जाएगी।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत बाली चौकी**
**विकास खंड बाली चौकी, जिला मंडी (हि. प्र.)**

---

## कार्यालय ग्राम पंचायत ब्याड़ा
**विकास खंड पंचरुखी, तह. पालमपुर, जिला काँगड़ा (हि. प्र.)**

### निविदा सूचना

बैठक में प्रधान महोदय जी ने व उपस्थित सदस्यों ने बताया कि वितीय बर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न मदों के कार्यो हेतु सामग्री क्रय की जानी है जिस के लिए निविदा आमंत्रित की जानी है जिसका ब्यौरा निम्न प्रकार से है :- 1. रेत क्रेशर -CFT. 2. स्थानीय रेत- CFT. 3. 10mm और 20 mm बजरी -CFT. 4. 40mm बजरी -CFT. 5. ईट प्रथम श्रेणी-NO. 6. ईट द्वितीय श्रेणी - NO. 7. सोलिंग स्टोन - CFT. 8. कटा हुआ पत्थर 6inch- NO. 9. Jcb मशीन हैड्रोलिक एक्सवेटर द्वारा खुदाई व कटाई- प्रति घंटा, 10. लोहे की सटरिंग- प्रति वर्ग मीटर, 11. लकड़ी की सटरिंग का किराया शुल्क-प्रति वर्ग मीटर, 12. कट स्टोन 8inch-CFT. 13. Inter lock पेवर 40mm (ISI )-वर्गमीटर, 14. Inter lockपेवर 80 mm (ISI)- वर्गमीटर, 15. सिविल स्टोर से पंचायत घर तक सीमेंट ढुल्वाई (लोडिंग +अनलोडिंग )-प्रति बेग, 16. एग्रीगेट 60MM- CFT. 17. एग्रीगेट 90mm-CFT, 18. Inter lock पेवर 60 mm (ISI)- वर्गमीटर 19. खच्चरों द्वारा सडक किनारे से कार्य स्थल तक सामग्री का परिवहन -CFT, 20. लेखन सहित साईन बोर्ड -संख्या (No.), 21. कंप्यूटर पेरिफेरल (कंप्यूटर सहायक उपकरण) (पंचायत के डिजिटल कार्यो के संचालन हेतु मानक बाहरी आईटी हार्डवेयर घटकों की आपूर्ति। इसमें आधिकारिक विनिर्देश दिशानिर्देशों के अनुसार मल्टी-फंक्शन लेजर प्रिंटर/स्कैनर, अनइंटरप्टिबल पावर सप्लाई (यूपीएस) इकाइयां, बाहरी हार्ड ड्राइव/स्टोरेज मीडिया, कीबोर्ड, माउस और डेस्कटॉप मॉनिटर/डिस्प्ले इकाइयां/ लैपटॉप शामिल हैं)- संख्या (No.). इच्छुक फर्मो /ठेकेदारों से अनुरोध है कि वह उपयुक्त सामग्री /वस्तुओं की आपूर्ति के लिए अपने सीलबंद कुटेशन पंजीकृत डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से 23 जुलाई 2026 को दोपहर 3:00बजे तक सम्बन्धित ग्राम पंचायत में जमा करे कुटेशन 24 जुलाई 2026 को दोपहर 12 :00 प्रतिभागियों या उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्बन्धित ग्राम पंचायत की खरीद समिति के समक्ष खोली जाएगी ।

**नियम और शर्ते** – 1. सशर्त कुटेशन को स्वीकार नहीं किया जाएगा । 2. फर्म /विक्रेता के पास GST NO होना चाहिए । 3. उदधृत दरो में GST ओर अन्य सभी शुल्क शामिल होने चाहिए। 4. फर्मो /विक्रेताओं को 100%भुगतान PFMS व RTGS के माध्यम से किया जायेगा । 5. दरें सम्बन्धित ग्राम पंचायत के कार्य स्थल के निकटम F.O.R. के अनुसार होनी चाहिए । 6. फर्मो /विक्रेताओं को अपनी दरें स्पष्ट रूप से अंको व शब्दों में बतानी होगी । 7. ठेकेदारों /फर्मो से दरें सम्बन्धित ग्राम पंचायत द्वारा जारी प्रपत्र में प्राप्त की जाएगी । 8. विक्रेता के रूप में आवेदन करने बाली फर्मो /विक्रेताओं को सम्बन्धित ग्राम पंचायत में सुरक्षा राशी के रूप में 15000/- (पन्द्राह हज़ार रूपये ) की स्थायी राशी गिरवी रखनी होगी जिन विक्रेताओं का प्रस्ताव स्वीकृत हो जायेगा उनकी सुरक्षा राशी बयाना राशी के रूप में रखी जाएगी और जिनका प्रस्ताव अस्वीकृत हो जायेगा उनकी सुरक्षा राशी वापस कर दी जाएगी यदि स्वीकृत प्रस्ताव वाली फर्म विक्रेता अनुवंध की शर्तो को पूरा करने में विफल रहती है तो उसका अनुवंध रद्द किया जा सकता है और उनकी सुरक्षा राशी जब्त कर ली जाएगी। 9. विक्रेता के रूप में आवेदन करने बाली फर्म /विक्रेता को स्टेशनरी खर्चो के लिए 1000/- (एक हजार रूपये )जमा करने होंगे और यह रासी अप्रतिदेय है । 10. जो कुटेशन नियमों और शर्तो का पालन नहीं करते , उन्हें अस्वीकार कर दिया जायेगा । 11. सभी कुटेशन सम्बन्धित ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा किये जाने चाहिए । 12. हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम नियम 1997 की धारा 137 के अनुसार पंचायत का कोई भी पदाधिकारी (प्रधान ,उप-प्रधान ,बार्ड सदस्य या उसके रक्त सम्बन्ध का कोई भी अन्य व्यक्ति ) उसी ग्राम पंचायत में विक्रेता नहीं हो सकता । **नोटः पूर्ण निविदा दस्तावेजों, तकनीकी विशिष्टताओं (Technical Specifications) और आधिकारिक निविदा प्रपत्र के लिए कृपया कार्य दिवसों के दौरान अपने संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय में संपर्क करें।**

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत ब्याड़ा**
**विकास खंड पंचरुखी, तह. पालमपुर, जिला काँगड़ा (हि. प्र.)**

---

## कार्यालय ग्राम पंचायत अप्पर रजोट
**विकास खंड पंचरुखी, तह. बैजनाथ, जिला काँगड़ा (हि. प्र.)**

### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निर्माण सामग्री, कार्यालय उपकरण की आपूर्ति और मशीनरी/सेवाओं को किराए पर लेने के लिए पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों/अधिकृत डीलरों से सीलबंद कोटेशन आमंत्रित किए जाते हैं। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समयः 22/07/2026, दोपहर 03:00 बजे तक । निविदा खोलने की तिथि और समयः 23/07/2026, दोपहर 12:00 बजे। जमा करने का स्थानः संबंधित ग्राम पंचायत का कार्यालय। निविदा खोलने का स्थानः क्रय समिति (Purchase Committee) एवं उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष सामग्रियों और मदों की संक्षिप्त विवरणीः- विस्तृत निर्धारित प्रपत्र (Performa) जिसमें नीचे दी गई मदें शामिल हैं, संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। **सामग्री का विवरण**- 1-4. 1-4 क्रश्ड सैंड (क्रेशर रेत), लोकल सैंड (स्थानीय रेत), क्रश्ड एग्रीगेट (बजरी 10mm, 20mm, 40mm)- Cft. (घन फीट)। 5-6. ईंट (प्रथम श्रेणी और द्वितीय श्रेणी)- संख्या (Number) 7-9. सोलिंग स्टोन, कट स्टोन (6 इंच और 8 इंच)- Cum (घन मीटर) / संख्या। 10. जेसीबी मशीन (हाइड्रोलिक उत्खनक) द्वारा कटाई/खुदाई- प्रति घंटा (Hour) 11-12. शटरिंग का किराया (लोहा और लकड़ी) - Sqm (वर्ग मीटर) 13-14. इंटरलॉकिंग कंक्रीट पेवर (40mm और 80mm आईएसआई) -Sqm (वर्ग मीटर) 15. नागरिक आपूर्ति (Civil Supply) से पंचायत तक सीमेंट ढुलाई, लोडिंग और अनलोडिंग - प्रति इकाई (Per Unit) 16-17. एग्रीगेट (बजरी 60mm और 90mm)- Cft (घन फीट) 18. इंटरलॉकिंग कंक्रीट पेवर (60mm आईएसआई)- Sqm (वर्ग मीटर) 19. खच्चरों (Mules) द्वारा सड़क किनारे से कार्य स्थल तक सामग्री की ढुलाई -Cft (घन फीट) 20. लेखन सहित साइन बोर्ड (सूचना पट्ट)- संख्या (No.) 21. कंप्यूटर पेरिफेरल (कंप्यूटर सहायक उपकरण) (पंचायत के डिजिटल कार्यों के संचालन हेतु मानक बाहरी आईटी हार्डवेयर घटकों की आपूर्ति। इसमें आधिकारिक विनिर्देश दिशानिर्देशों के अनुसार मल्टी-फंक्शन लेजर प्रिंटर/स्कैनर, अनइंटरप्टिबल पावर सप्लाई (यूपीएस) इकाइयां, बाहरी हार्ड ड्राइव/स्टोरेज मीडिया, कीबोर्ड, माउस और डेस्कटॉप मॉनिटर/डिस्प्ले इकाइयां/ लैपटॉप शामिल हैं)।- संख्या (No.) **मुख्य नियम एवं शर्तें (हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार के नियमानुसार)** * सुरक्षा राशि (Security Deposit): निविदादाताओं को संबंधित ग्राम पंचायत के नाम 15,000/- की सावधि जमा (Fixed Deposit) सुरक्षा राशि के रूप में गिरवी (Pledge) रखनी होगी (अस्वीकृत निविदादाताओं की सुरक्षा राशि वापस कर दी जाएगी)। * स्टेशनरी शुल्कः निविदा के लिए आवेदन करने वाले वेंडरों को स्टेशनरी खर्च के मद में 1,000/- की गैर-रिफंडेबल (नॉन-रिफंडेबल) राशि जमा करनी होगी। * जीएसटी और दरेंः निविदादाता फर्म/वेंडर के पास वैध जीएसटी नंबर होना अनिवार्य है। दरें शब्दों और अंकों दोनों में स्पष्ट रूप से उद्धृत होनी चाहिए, जिसमें जीएसटी और सभी एफ.ओ.आर. (F.O.R.) साइट डिलीवरी शुल्क शामिल हों। * अयोग्यता नियम (धारा 137, हिमाचल प्रदेश पंचायत राज अधिनियम नियम 1997): पंचायत का कोई भी पदाधिकारी (प्रधान, उप-प्रधान, वार्ड सदस्य) या उनके सीधे रक्त संबंध/ परिवार सम्बन्ध (Blood Relation) का कोई भी व्यक्ति उसी ग्राम पंचायत में वेंडर/ठेकेदार के रूप में भाग नहीं ले सकता है। * भुगतान का तरीकाः ठेकेदारों/फर्मों को 100% भुगतान अनिवार्य रूप से केवल PFMS और RTGS डिजिटल प्रणालियों के माध्यम से किया जाएगा। * अस्वीकृतिः सशर्त (Conditional) या अपूर्ण कोटेशन को तुरंत सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा। **नोटः पूर्ण निविदा दस्तावेजों, तकनीकी विशिष्टताओं (Technical Specifications) और आधिकारिक निविदा प्रपत्र के लिए कृपया कार्य दिवसों के दौरान अपने संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय में संपर्क करें।**

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत अप्पर रजोट**
**विकास खंड पंचरुखी, तह. बैजनाथ, जिला काँगड़ा (हि. प्र.)**

---

## कार्यालय ग्राम पंचायत भिरड़ी
**विकास खंड पंचरुखी, जिला काँगड़ा (हि. प्र.)**

### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निर्माण सामग्री, कार्यालय उपकरण की आपूर्ति और मशीनरी/सेवाओं को किराए पर लेने के लिए पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों/अधिकृत डीलरों से सीलबंद कोटेशन आमंत्रित किए जाते हैं। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समयः 22 जुलाई 2026, दोपहर 03:00 बजे तक । निविदा खोलने की तिथि और समयः 23 जुलाई 2026, दोपहर 12:00 बजे। जमा करने का स्थानः संबंधित ग्राम पंचायत का कार्यालय। निविदा खोलने का स्थानः क्रय समिति (Purchase Committee) एवं उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष सामग्रियों और मदों की संक्षिप्त विवरणी। **सामग्री का विवरण**- 1-4. 1-4 क्रश्ड सैंड (क्रेशर रेत), लोकल सैंड (स्थानीय रेत), क्रश्ड एग्रीगेट (बजरी 10mm, 20mm, 40mm)- Cft. (घन फीट)। 5-6. ईंट (प्रथम श्रेणी और द्वितीय श्रेणी)- संख्या (Number) 7-9. सोलिंग स्टोन, कट स्टोन (6 इंच और 8 इंच)- Cum (घन मीटर) / संख्या। 10. जेसीबी मशीन (हाइड्रोलिक उत्खनक) द्वारा कटाई/खुदाई- प्रति घंटा (Hour) 11-12. शटरिंग का किराया (लोहा और लकड़ी) - Sqm (वर्ग मीटर) 13-14. इंटरलॉकिंग कंक्रीट पेवर (40mm और 80mm आईएसआई) -Sqm (वर्ग मीटर) 15. नागरिक आपूर्ति (Civil Supply) से पंचायत तक सीमेंट ढुलाई, लोडिंग और अनलोडिंग - प्रति इकाई (Per Unit) 16-17. एग्रीगेट (बजरी 60mm और 90mm)- Cft (घन फीट) 18. इंटरलॉकिंग कंक्रीट पेवर (60mm आईएसआई)- Sqm (वर्ग मीटर) 19. खच्चरों (Mules) द्वारा सड़क किनारे से कार्य स्थल तक सामग्री की ढुलाई -Cft (घन फीट) 20. लेखन सहित साइन बोर्ड (सूचना पट्ट)- संख्या (No.) 21. कंप्यूटर पेरिफेरल (कंप्यूटर सहायक उपकरण) (पंचायत के डिजिटल कार्यों के संचालन हेतु मानक बाहरी आईटी हार्डवेयर घटकों की आपूर्ति। इसमें आधिकारिक विनिर्देश दिशानिर्देशों के अनुसार मल्टी-फंक्शन लेजर प्रिंटर/स्कैनर, अनइंटरप्टिबल पावर सप्लाई (यूपीएस) इकाइयां, बाहरी हार्ड ड्राइव/स्टोरेज मीडिया, कीबोर्ड, माउस और डेस्कटॉप मॉनिटर/डिस्प्ले इकाइयां/ लैपटॉप शामिल हैं)।- संख्या (No.) **मुख्य नियम एवं शर्तें (हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार के नियमानुसार)** * सुरक्षा राशि (Security Deposit): निविदादाताओं को संबंधित ग्राम पंचायत के नाम 15,000/- की सावधि जमा (Fixed Deposit) सुरक्षा राशि के रूप में गिरवी (Pledge) रखनी होगी (अस्वीकृत निविदादाताओं की सुरक्षा राशि वापस कर दी जाएगी)। * स्टेशनरी शुल्कः निविदा के लिए आवेदन करने वाले वेंडरों को स्टेशनरी खर्च के मद में 1,000/- की गैर-रिफंडेबल (नॉन-रिफंडेबल) राशि जमा करनी होगी। * जीएसटी और दरेंः निविदादाता फर्म/वेंडर के पास वैध जीएसटी नंबर होना अनिवार्य है। दरें शब्दों और अंकों दोनों में स्पष्ट रूप से उद्धृत होनी चाहिए, जिसमें जीएसटी और सभी एफ.ओ.आर. (F.O.R.) साइट डिलीवरी शुल्क शामिल हों। * अयोग्यता नियम (धारा 137, हिमाचल प्रदेश पंचायत राज अधिनियम नियम 1997): पंचायत का कोई भी पदाधिकारी (प्रधान, उप-प्रधान, वार्ड सदस्य) या उनके सीधे रक्त संबंध/ परिवार सम्बन्ध (Blood Relation) का कोई भी व्यक्ति उसी ग्राम पंचायत में वेंडर/ठेकेदार के रूप में भाग नहीं ले सकता है। * भुगतान का तरीकाः ठेकेदारों/फर्मों को 100% भुगतान अनिवार्य रूप से केवल PFMS और RTGS डिजिटल प्रणालियों के माध्यम से किया जाएगा। * अस्वीकृतिः सशर्त (Conditional) या अपूर्ण कोटेशन को तुरंत सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत भिरड़ी**
**विकास खंड पंचरुखी, जिला काँगड़ा (हि. प्र.)**

**मंजू शर्मा मौत मामला**

◆ आरोपियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई न होने पर खोला मोर्चा, पूरे शहर में निकाली विशाल रोष रैली

# कुल्लू में फिर उग्र आंदोलन, न्याय के लिए सड़कों पर उतरा भारी जनसैलाब

## हजारों प्रदर्शनकारियों ने घेरा डीसी और एसपी दफ्तर, शासन-प्रशासन के खिलाफ जबरदस्त नारेबाजी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में प्रसूता मंजू शर्मा की मौत के मामले ने एक बार फिर तूल पकड़ लिया है। मौत के 18 दिन बाद भी आरोपियों पर कोई ठोस कार्रवाई न होने से आक्रोशित सामाजिक संगठनों और स्थानीय जनता ने बुधवार को प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। सुबह से ही ढालपुर का ऐतिहासिक रथ मैदान भारी संख्या में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों से पट गया। बारिश के बावजूद लोगों का हौसला कम नहीं हुआ और पूरे शहर में एक विशाल रोष रैली निकाली गई, जिसने बाद में पुलिस अधीक्षक व उसके बाद डीसी कार्यालय का घेराव किया।

भीड़ के उग्र तेवरों को देखते हुए प्रशासन पहले से अलर्ट था।



कुल्लू के रथ मैदान में उमड़ा जनसैलाब। अनंत ज्ञान

उपायुक्त ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट तैनात कर रखे थे, जबकि एसपी दफ्तर के मुख्य गेट पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। जैसे ही जनसैलाब सचिवालय पहुंचा, माहौल बेहद तनावपूर्ण हो गया। उसके बाद में प्रतिनिधिमंडल एसपी कुल्लू से मिला और उनके द्वारा की गई शिकायत पर अभी तक कोई कार्रवाई न होने पर रोष व्यक्त किया। इस दौरान तो पीड़ित परिवार के आंसू देखकर कुछ पलों के लिए पुलिस कप्तान भी निशब्द नजर आए।

**डीसी को सौंपा ज्ञापन, रखी मांगें:** तनावपूर्ण माहौल के बीच प्रदर्शनकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर एक मांग पत्र सौंपा। मांग की कि डॉ. अनु और संबंधित दोषी स्टाफ नर्सों के खिलाफ तत्काल सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए। प्रसूता मंजू शर्मा की मौत के मामले की निष्पक्ष व उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। इंसाफ की मांग कर रहे समाजसेवियों और आम जनता पर दर्ज की गई 'झूठी एफआईआर' को तुरंत वापस लिया जाए। इस मौके पर उन्होंने इस मामले को लेकर सीबीआई जांच की मांग रखी।

### 'पैसे नहीं, न्याय चाहिए, नेताओं के संरक्षण में हैं आरोपी'

**ढालपुर** मैदान में जब मंजू के पति सतीश और उसकी बहन ने रोते हुए अपनी आपबीती सुनाई तो वहां मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गईं। सतीश कुमार ने सनसनीखेज आरोप लगाते हुए कहा, 'मुझे कई फोन आ रहे हैं कि डॉक्टरों पर एफआइआर नहीं होती, आप बेकार की लड़ाई लड़ रहे हैं। मैं अपनी बच्ची को खुद पाल लूंगा, मुझे मेरी पत्नी की मौत का इंसाफ चाहिए। उन्होंने आरोप लगते हुए कहा की आरोपी डॉक्टर को बड़े राजनीतिक नेताओं का संरक्षण प्राप्त है। वहीं, आंदोलन की अगुवाई कर रहे समाजसेवी बलदेव ठाकुर उर्फ बंटी सिराजी और संजय चौहान ने सरकार व पुलिस तंत्र को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि 21 जून को मंजू की मौत डॉ. अनु और स्टाफ नर्सों की घोर लापरवाही से हुई थी। हैरानी की बात हैं कि पीड़ित परिवार की शिकायत पर 18 दिन बाद भी डॉक्टरों पर केस दर्ज नहीं हुआ, जबकि इंसाफ की मांग करने वाले समाजसेवियों पर प्रशासन ने महज 5 मिनट में एफआईआर कर दी। उन्होंने ने यह भी आरोप लगाया कि इस न्याय की आवाज को दबाने के लिए प्रशासन के दबाव में उनके फेसबुक अकाउंट तक सस्पेंड करवा दिए गए हैं।

## 11 को लाहौल-स्पीति दौरे पर आएंगे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा के 11 जुलाई को प्रस्तावित लाहौल-स्पीति दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इस दौरान केंद्रीय मंत्री केलांग में भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के तहत स्थापित होने वाले हाई एल्टीट्यूड रिसर्च सेंटर का शिलान्यास करेंगे। दौरे की तैयारियों की समीक्षा के लिए मंगलवार को उपमंडलाधिकारी केलांग कुनिका एकर्स की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ कार्यक्रम की व्यवस्थाओं, सुरक्षा, यातायात और अन्य आवश्यक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। एसडीएम ने सभी विभागों को समयबद्ध ढंग से अपनी जिम्मेदारियां पूरी करने और आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। सुरक्षा एजेंसियों को भारत सरकार एवं राज्य सरकार के वीवीआईपी सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं करने को कहा।

# लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान प्राथमिकता : भुवनेश्वर



लोगों की समस्याओं को सुनते विधायक भुवनेश्वर। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** मनाली विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने लोक निर्माण विभाग कटराईं के विश्राम गृह में विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए लोगों से भेंट की और उनकी समस्याओं एवं शिकायतों को विस्तार से सुना।

जनसुनवाई में मुख्य रूप से लोक निर्माण विभाग और वन विभाग से संबंधित विकासात्मक कार्य, सड़कों की स्थिति और स्थानीय जनता से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। विधायक भुवनेश्वर ने जनता की शिकायतों को बेहद संवेदनशीलता से सुनते हुए अधिकतर मामलों में मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी कर त्वरित निपटारे के आदेश दिए। इसके साथ ही, वन विभाग और लोक निर्माण विभाग से जुड़े अन्य लंबित कार्यों को भी आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए ताकि आम जनता को किसी भी तरह की असुविधा न हो। विधायक ने कहा कि मनाली विधानसभा क्षेत्र के हर नागरिक के सुख-दुख में सदैव साथ खड़े रहना और क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित करना ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# खेगसू सब्जी मंडी में सेब सीजन की दस्तक 'टाइड मैन' सेब 2100 रुपए प्रति पेटी बिका

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** क्षेत्र में सेब सीजन की शुरुआत हो गई है। बुधवार को आनी के खेगसू स्थित सब्जी मंडी में टाइड मैन वैरायटी का उच्च गुणवत्ता वाला सेब 2100 रुपये प्रति पेटी के भाव से बिका। यह स्टैंडर्ड साइज की 21 किलोग्राम क्षमता वाली पेटी थी। सब्जी मंडी खेगसू में शॉप नंबर-4 स्थित मोहिंद्रा फ्रूट कंपनी के संचालक मोहिंदर ठाकुर ने बताया कि यह सेब आनी क्षेत्र के खुडी जल देहुरी के एक बागवान का था। बागवान की कुल 56 पेटियां टाइड मैन वैरायटी की मंडी में पहुंचीं, जिनमें से 14 पेटियां उत्कृष्ट गुणवत्ता की थीं।

इन पेटियों को 2100 रुपए प्रति पेटी का भाव मिला, जबकि शेष 42 पेटियां उनकी गुणवत्ता के अनुसार 1200 से 1600 रुपए प्रति पेटी के बीच बिकीं। मोहिंदर ठाकुर ने कहा कि सेब का बेहतर मूल्य उसकी गुणवत्ता, आकार, रंग, ग्रेडिंग और पैकिंग पर निर्भर करता है। उन्होंने बागवानों से आग्रह किया कि अधिक दाम प्राप्त करने के लिए ए-ग्रेड और बी-ग्रेड सेब को एक साथ पैक न करें। अच्छी गुणवत्ता वाले सेब की अलग पैकिंग और ग्रेडिंग करें तथा बी-ग्रेड फल को अलग रखें, ताकि खरीदारों का विश्वास बना रहे और उचित मूल्य मिल सके। उन्होंने बताया कि हालांकि अभी सेब सीजन धीमी गति में शुरू हुआ है, लेकिन सेब के साथ-साथ सब्जी मंडी खेगसू में नाशपाती की आवक भी शुरू हो गई है। आने वाले दिनों में सेब की आवक बढ़ने के साथ मंडी में कारोबार भी गति पकड़ने की उम्मीद है।



खेगसू सब्जी मंडी में पहुंचे टाइड मैन सेब। अनंत ज्ञान

## जगन युवक मंडल की सराहनीय पहल पनगां पंचायत में रोपे देवदार के 60 पौधे



पौधरोपण करते जगन युवक मंडल के सदस्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** ग्राम पंचायत पनगां के अंतर्गत जगन युवक मंडल के सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए 60 देवदार के पौधे रोपित किए।

इस पौधरोपण अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में हरियाली बढ़ाना, प्राकृतिक संतुलन को मजबूत करना तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करना है।

इस पुनीत कार्य में ग्राम पंचायत पनगां की प्रधान शालू तथा वन रक्षक अभिषेक नेगी भी उपस्थित रहे और उन्होंने युवाओं के इस प्रयास की सराहना की।

वहीं, रेंज ऑफिसर एंजिल शर्मा के मार्गदर्शन एवं वन विभाग के सहयोग से यह अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। युवक मंडल ने वन विभाग का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण के लिए ऐसे जनहितकारी अभियान जारी रखने का संकल्प लिया।

# बारिश के साथ लौटी घाटी की रौनक

अनंत ज्ञान

**मनाली।** मनाली में लगातार पड़ रही उमस भरी गर्मी के बाद पिछले दो दिनों से रुक-रुककर हो रही हुई बारिश से मनाली का मौसम खुशनुमा हो गया है। बारिश के बाद घाटी में ठंडी हवाएं चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है और लोगों को गर्मी से बड़ी राहत मिल रही है। दो दिनों से दोपहर बाद आसमान में काले बादल मंडराने लगते हैं और देखते ही देखते हल्की फुल्की बारिश शुरू हो जाती है।

बारिश से ब्यास नदी, हिडिंबा मंदिर, माल रोड और सोलंग घाटी का नजारा और भी खूबसूरत हो गया। मौसम के करवट लेने पर पर्यटक बारिश का लुत्फ उठाते हुए माल रोड पर घूमते और फोटो खिंचवाते नजर आ रहे हैं।

**कारोबारियों को पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद:** स्थानीय कारोबारियों का कहना है कि सुहावने मौसम के चलते पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी की उम्मीद है। हालांकि इन दिनों पर्यटकों की संख्या में कमी आई है, लेकिन उम्मीद है कि वीकेंड में फिर से पर्यटकों की आवाजाही में बढ़ोतरी होगी। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष रोशन ठाकुर ने बताया कि सुहाबना मौसम होने से होटलों में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी।





सुहावने मौसम के बीच माल रोड पर घूमते पर्यटक। अनंत ज्ञान

### ब्यास व सहायक नदियों से दूर रहने की अपील

**मौसम** विभाग के अनुसार आने वाले दो दिनों तक घाटी में हल्की से मध्यम बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है। मनाली उपमंडलाधिकारी ( नागरिक) गुंजित सिंह चीमा ने बताया कि बारिश के कारण ब्यास नदी और आसपास के नदी-नालों का जलस्तर कभी भी बढ़ सकता है। उन्होंने पर्यटकों और अन्य लोगों से अपील की है कि खराब मौसम में ब्यास व इसकी सहायक नदियों से दूर रहें। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने जगह-जगह चेतावनी बोर्ड लगाए हुए हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि रोहतांग और अटल टनल की और भी जाते हुए यातायात नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि बारिश का मौसम है पहाड़ी से पत्थर गिरने का खतरा रहता है, इसलिए ध्यानपूर्वक ही गाड़ी चलाएं।

# जिला व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने पूर्व सीएम स्व. वीरभद्र को श्रद्धासुमन अर्पित कर किया याद



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर बुधवार को जिला मुख्यालय कुल्लू स्थित कांग्रेस पार्टी कार्यालय में एक विशेष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी और ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारियों सहित भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और अपने प्रिय नेता को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस भावपूर्ण श्रद्धांजलि समारोह की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल ठाकुर ने की। श्रद्धांजलि सभा के दौरान उपस्थित कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा के समापन पर उपस्थित सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा दिखाए गए जनसेवा के मार्ग और उनके उच्च आदर्शों पर चलने का सामूहिक संकल्प लिया। इस दौरान नेताओं ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे वीरभद्र सिंह के जीवन से प्रेरणा लें और समाज व प्रदेश की उन्नति के लिए निरंतर समर्पित होकर कार्य करें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभिन्न वक्ताओं ने वीरभद्र सिंह के लंबे राजनैतिक जीवन, निस्वार्थ जनसेवा और हिमाचल प्रदेश के सर्वगीण विकास में उनके ऐतिहासिक योगदान को याद किया। पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कुल्लू के अध्यक्ष उत्तम शर्मा ने कहा है कि स्व.वीरभद्र सिंह हिमाचल प्रदेश के विकास के महापुरुष थे। प्रदेश के निर्माण और इसके चहुंमुखी विकास में उनका योगदान हमेशा अविस्मरणीय रहेगा।

## आनी के पुराने बस अड्डे पर अब फ्री नहीं होंगी गाड़ियां पार्क, लगेगी पार्किंग फीस

**अनंत ज्ञान आनी।** उपमंडल मुख्यालय आनी के पुराने बस स्टैंड की पार्किंग अब फ्री नहीं होगी, बल्कि इसका शुल्क लिया जाएगा। उपमंडल रेडक्रॉस समिति इस पार्किंग स्थल का संचालन करेगी। एक वर्ष के लिए यह पार्किंग स्थल नीलाम किया जाएगा। जिसके लिए निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। यह जानकारी एसडीएम आनी एवं उपमंडल स्तरीय रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष लक्ष्मण कनेट ने दी। उन्होंने बताया कि पार्किंग शुल्क पूर्व निर्धारित दरों के अनुसार लिया जाएगा, जिसमें 0 से 3 घंटे तक 40 रुपए, 3 से 6 घंटे तक 50 रुपए तथा रात्रि पार्किंग 120 रुपए निर्धारित की गई है। पार्किंग की नीलामी के लिए उपमंडल रेडक्रॉस सोसाइटी आनी में आमंत्रित निविदाएं 15 जुलाई को खोली जाएंगी। गौर रहे कि आनी के पुराने बस अड्डे पर लोगों द्वारा निशुल्क परमानेंट पार्किंग की जाती है, जिसके कारण जहां पुराने बस अड्डे में ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा जाती है , वहीं ग्राम पंचायत आनी की सशुल्क पार्किंग में फीस देख गाड़ियां पार्क करने वाले वाहन मालिकों में भी असंतोष फैलने लगा था। वहीं पुराने बस अड्डे में अपने विभिन्न कार्यों से आने वाले लोग बीच सड़क में गाड़ियां पार्क करने को मजबूर थे, जिनके पुलिस द्वारा चालान काटे जाते रहे हैं। लेकिन अब पुराने बस अड्डे की पार्किंग को पेड पार्किंग बनाए जाने से जहां रेडक्रॉस सोसाइटी को धनराशि मिलेगी। वहीं, गाड़ियों का जमावड़ा भी कम होगा।

◆ **उपमंडल रेडक्रॉस समिति करेगी संचालन**

# गड़सा घाटी के हुरला नाले में फ्लैश फ्लड, राउली पुल बहा

◆ **10 घरों का संपर्क कटा, प्रशासन की अनदेखी से भड़के ग्रामीण**

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** मानसून के सक्रिय होते ही कुल्लू जिला में प्राकृतिक आपदाओं का दौर शुरू हो गया है। गड़सा घाटी के ठेला के समीप हुरला नाले में मंगलवार देर शाम फ्लैश फ्लड आने से भारी तबाही हुई। अचानक आए मलबे से भरे तेज बहाव में मिट्टी, पत्थर और चट्टानें बहकर आईं, जिसकी चपेट में आने से राउली पुल पूरी तरह ध्वस्त हो गया। गौरतलब है कि यह पुल वर्ष 2023 की बाढ़ में भी क्षतिग्रस्त हुआ था, लेकिन इस बार आई आपदा में पूरी तरह बह गया। पुल टूटने से नाले के पार रहने वाले करीब 8 से 10 परिवारों का संपर्क मुख्य मार्ग से कट गया है। ग्रामीणों के अनुसार अब बच्चों के स्कूल जाने और मरीजों को अस्पताल पहुंचाने की समस्या खड़ी हो गई है।

उपायुक्त कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा ने बताया कि हुरला नाले में बादल फटने की सूचना मिली है। प्रशासन ने टीमें मौके पर भेजकर नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है। प्रभावित क्षेत्रों में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों के लिए जिले में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।



उधर, ग्रामीणों ने प्रशासन और एनएचपीसी पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पुल की खराब हालत को लेकर पहले ही शिकायतें की गई थीं, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। वहीं पतलीकूहल के समीप कशेरी नाले में जलस्तर बढ़ने से गांव का पैदल मार्ग बह गया, जिससे कई ग्रामीण नाले के दूसरी ओर फंस गए। प्रशासन ने लोगों से नदी-नालों से दूर रहने की अपील की है।

## मेरा युवा भारत पोर्टल पर 15 अगस्त तक चलेगा विशेष पंजीकरण अभियान : प्रतिभा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जिला युवा अधिकारी प्रतिभा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा युवाओं को सरकारी योजनाओं, स्वयंसेवी गतिविधियों, कौशल विकास एवं विभिन्न अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से 'मेरा युवा भारत ' पोर्टल पर विशेष पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिले के 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के सभी युवा 15 अगस्त तक ऑनलाइन माध्यम से अपना पंजीकरण करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य लाहौल एवं स्पीति जिले के अधिक से अधिक युवाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, रोजगार के अवसरों, नेतृत्व विकास कार्यक्रमों, खेल गतिविधियों तथा अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों से सीधे जोड़ना है। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर पंजीकरण के उपरांत युवाओं को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर समय-समय पर विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों एवं अवसरों से संबंधित जानकारी और अपडेट प्राप्त होंगे। साथ ही, इस मंच के माध्यम से युवाओं को स्वयंसेवा, कौशल विकास, सामुदायिक सेवा, खेल गतिविधियों तथा राष्ट्र निर्माण से जुड़ी पहलों में भागीदारी का अवसर भी मिलेगा। उन्होंने लाहौल एवं स्पीति जिले के सभी पात्र युवाओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर https//mybharat.gov.in/ पर जाकर अपना पंजीकरण अवश्य कराएं। पंजीकरण करते समय यूथ टाइप में 'MY Bharat' का चयन करना सुनिश्चित करें, ताकि वे मंत्रालय द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों का अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकें।

# 7 पदों पर होगी सेवानिवृत्त राजस्व अधिकारियों की पुन: नियुक्ति

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू वन वृत्त में राजस्व विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए पुनर्रोजगार का सुनहरा अवसर उपलब्ध हुआ है। वन विभाग ने नायब तहसीलदार, कानूनगो और पटवारी के कुल सात रिक्त पदों को भरने के लिए 18 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए हैं। प्रारंभिक नियुक्ति एक वर्ष के लिए होगी, जिसे आवश्यकता और कार्य प्रदर्शन के आधार पर आगे बढ़ाया जा सकता है।

मुख्य अरण्यपाल कुल्लू संदीप शर्मा ने बताया कि प्रधान मुख्य वन अरण्यपाल और राजस्व विभाग के दिशा-निर्देशों के तहत एक नायब तहसीलदार, दो कानूनगो तथा चार पटवारियों की पुनर्नियुक्ति की जाएगी। चयनित उम्मीदवारों की तैनाती कुल्लू, सराज, पार्वती और लाहुल वन प्रभागों में की जाएगी। इन अधिकारियों और कर्मचारियों की सेवाएं वन भूमि के सीमांकन, अतिक्रमण मामलों के निस्तारण, राजस्व रिकॉर्ड के अद्यतन और अन्य राजस्व संबंधी कार्यों में ली जाएंगी। आवेदन करने के लिए उम्मीदवार का हिमाचल प्रदेश राजस्व विभाग में सेवानिवृत्ति से पहले कम से कम पांच वर्ष का कार्यानुभव होना अनिवार्य है। साथ ही उनके विरुद्ध कोई विभागीय या अनुशासनात्मक कार्रवाई लंबित नहीं होनी चाहिए। आवेदन के साथ मूल विभाग का अनापत्ति एवं सेवा प्रमाणपत्र तथा सरकारी अस्पताल से जारी मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र संलग्न करना होगा। 3 जुलाई 2026 को आवेदक की आयु 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। इच्छुक एवं पात्र सेवानिवृत्त अधिकारी और कर्मचारी निर्धारित प्रारूप में अपने आवेदन 18 जुलाई से पहले कार्यालय अरण्यपाल, वन वृत्त कुल्लू में जमा कर सकते हैं। आवेदन प्रपत्र कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस पर प्राप्त किए जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 01902-222490 पर संपर्क किया जा सकता है।

**राहत** पेंशन, शिक्षा और स्वास्थ्य सहायता से श्रमिक परिवारों को नई उम्मीद दे रहा कल्याण बोर्ड

# श्रमिकों के सपनों को मिला सहारा, कल्याण बोर्ड बना भरोसे का साथी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** प्रदेश के विकास में निर्माण श्रमिकों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। मनरेगा, सड़कों, पुलों, भवनों और विभिन्न विकास परियोजनाओं को आकार देने वाले ये श्रमिक लंबे समय तक असंगठित क्षेत्र का हिस्सा रहे, जहां सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक संरक्षण की कमी एक बड़ी चुनौती थी।

ऐसे में हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड लाखों श्रमिक परिवारों के लिए आशा, सुरक्षा और सम्मान का आधार बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने श्रमिक कल्याण को प्राथमिकता देते हुए बोर्ड की योजनाओं को अधिक प्रभावी और जनोन्मुख बनाया है। आज यह बोर्ड केवल आर्थिक सहायता प्रदान करने वाली संस्था नहीं, बल्कि श्रमिकों के जीवन के हर महत्वपूर्ण पड़ाव पर सहयोगी की भूमिका निभा रहा है।

कुल्लू के सेऊबाग के किशन (68 वर्ष) और रोपड़ी के गुने राम (67 वर्ष) जैसे अनेक कामगार इसकी जीवंत मिसाल हैं। जीवन भर मेहनत-मजदूरी करने के बाद जब उम्र के कारण काम करना कठिन हो गया, तब बोर्ड से मिलने वाली मासिक पेंशन उनके लिए सम्मानजनक जीवन का सहारा बनी। इन्हीं की तरह अरछांडि के तोत राम, बबेली के मेहर चंद, ढालपुर के राम सिंह, पुइद के त्रिलोक चंद, गड़सा के भेड़ी देवी और नेउली के घंटु राम को भी इस वर्ष बुढापा पेंशन प्राप्त हो रही है। यह सहायता राशि सरकार की संवेदनशील सोच और श्रमिकों के प्रति जिम्मेदारी का भाव झलकता है। बोर्ड की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह श्रमिक और उसके परिवार दोनों को सुरक्षा प्रदान करता है। बच्चों की शिक्षा से लेकर उच्च तकनीकी एवं व्यावसायिक पढ़ाई तक आर्थिक सहायता, बेटियों के लिए एफडीआर योजना, विवाह सहायता, मातृत्व लाभ, स्वास्थ्य उपचार, गंभीर बीमारी सहायता और मृत्यु की स्थिति में परिवार को आर्थिक संबल जैसी योजनाएं श्रमिक परिवारों के भविष्य को सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।



कुल्लू के सेऊबाग के कामगार किशन और रोपड़ी के गुने राम। अनंत ज्ञान

विशेष रूप से स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में दी जा रही सहायता श्रमिक परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। आर्थिक तंगी के कारण जहां पहले बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती थी, वहीं अब हजारों विद्यार्थी बोर्ड की सहायता से अपने सपनों को साकार कर रहे हैं। इसी प्रकार गंभीर बीमारी की स्थिति में मिलने वाली सहायता परिवारों को आर्थिक संकट से बचाने का काम कर रही है। सरकार ने पंजीकरण प्रक्रिया को भी सरल और सुलभ बनाया है। मात्र दस रुपये के पंजीकरण शुल्क और न्यूनतम अंशदान के माध्यम से कोई भी पात्र निर्माण श्रमिक इस सुरक्षा कवच का हिस्सा बन सकता है। यह दर्शाता है कि सरकार का उद्देश्य अधिक से अधिक कामगारों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से श्रमिकों और उनके परिवारों को नई तकनीकों और रोजगारपरक प्रशिक्षण से जोड़ना भी एक दूरदर्शी पहल है। इससे न केवल उनकी कार्यक्षमता बढ़ रही है, बल्कि बेहतर आय के अवसर भी उपलब्ध हो रहे हैं। वास्तव में भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड ने यह साबित किया है कि यदि योजनाओं का क्रियान्वयन संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ किया जाए तो वे समाज के सबसे कमजोर वर्गों के जीवन में भी बड़ा परिवर्तन ला सकती हैं। यह बोर्ड आज हजारों श्रमिक परिवारों के लिए आर्थिक सहायता से कहीं बढ़कर सम्मान, आत्मविश्वास और सामाजिक सुरक्षा का प्रतीक बन चुका है। प्रदेश सरकार की यह पहल इस बात का प्रमाण है कि विकास केवल आधारभूत ढांचे के निर्माण से नहीं, बल्कि उन हाथों की सुरक्षा और सम्मान से भी मापा जाता है जो विकास की इमारत खड़ी करते हैं।

## कुल्लू जिले की नवगठित पंचायतों के लिए ग्राम सभा बैठकों का शेड्यूल जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला पंचायत अधिकारी दया राम ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज अधिनियम के तहत कुल्लू जिले की नवगठित ग्राम पंचायतों में वर्ष 2026 की जुलाई और अक्तूबर माह की ग्राम सभा बैठकों का शेड्यूल जारी कर दिया है। इस कार्यक्रम के अनुसार विकास खंड निरमंड के कुंडाकोड में 13 जुलाई व 16 अक्तूबर व कशोली में 20 जुलाई व 24 अक्तूबर, आनी के तांदी में 13 जुलाई व 16 अक्तूबर तथा भुंतर के शियाह में 13 जुलाई व 16 अक्टूबर और शिलिहार-2 व कोठी भलाण में 27 जुलाई व 31 अक्तूबर को बैठकें होंगी।

इसके अतिरिक्त, बंजार के बिहार में 27 जुलाई व 31 अक्तूबर नगर के कन्याल में 20 जुलाई व 24 अक्तूबर व शिल्हा हलाण में 27 जुलाई व 31 अक्तूबर और कुल्लू खंड के तियुन व पाहनाला में 27 जुलाई व 31 अक्तूबर को ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा।

## ठियोग के बेटे संजय ठाकुर ने सियाचिन में गाड़े जीत के झंडे

# 5588 मीटर पर लहराया तिरंगा

*अनंत ज्ञान, सोलन । जिला शिमला के ठियोग उपमंडल की नाहोल पंचायत के दारोल गांव निवासी संजय ठाकुर ने सियाचिन ग्लेशियर क्षेत्र में 5588 मीटर ऊंची एमटी जसवंत टॉप को सफलतापूर्वक फतह कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। विजय सिंह के पुत्र संजय ठाकुर ने जम्मू-कश्मीर के लेह स्थित प्रतापपुर बेस से करीब 120 किलोमीटर की पैदल कठिन यात्रा पूरी करते हुए 6 जुलाई की सुबह 6:50 बजे एमटी जसवंत टॉप पर तिरंगा फहराकर सफलता हासिल की। अत्यंत प्रतिकूल मौसम, बर्फीले रास्तों और कठिन परिस्थितियों के बीच उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की। संजय ठाकुर की इस उपलब्धि पर उनके परिवार, क्षेत्रवासियों और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। लोगों ने इसे हिमाचल प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।*


*संजय ठाकुर एमटी जसवंत चोटी पहुंचने के बाद।*

### संजय ठाकुर के सफल अभियान

**संजय** ठाकुर इससे पहले भी कई उच्च हिमालयी अभियानों का हिस्सा रह चुके हैं। उन्होंने माउंट मचोई (5400 मीटर), माउंट हरमुख (5500 मीटर), माउंट कनामो (5974 मीटर), माउंट जोगिन-3 (6130 मीटर), माउंट जोगिन-1 (6400 मीटर) तथा माउंट मुकुट (7242 मीटर) सहित कई दुर्गम चोटियों पर सफलतापूर्वक अभियान पूरे किए हैं।

## 'एक परिवहन, एक नियम' की मांग को लेकर सड़क पर ऑटो चालक

### ऑटो चालकों का सवालः नियम सिर्फ हमारे लिए क्यों?

अनंत ज्ञान

**सोलन।** ऑटो चालकों ने परिवहन व्यवस्था में कथित दोहरे मापदंड पर सवाल उठाते हुए प्रशासन से सभी प्रकार के व्यावसायिक परिवहन पर समान नियम लागू करने की मांग की है। उनका कहना है कि एक ओर ऑटो चालकों को रूट परमिट, फिटनेस, दस्तावेजों की जांच और विभिन्न नियमों का कड़ाई से पालन करना पड़ता है, जबकि दूसरी ओर निजी वाहनों का व्यावसायिक उपयोग और बाइक टैक्सी सेवाएं बिना समान स्तर के नियमन के संचालित होती दिखाई देती हैं।

ऑटो चालकों का कहना है कि वे सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर निर्धारित नियमों के तहत संचालन करते हैं, लेकिन निजी वाहनों के कथित व्यावसायिक उपयोग और ऐप आधारित बाइक टैक्सी सेवाओं पर अपेक्षित निगरानी नहीं होने से उनके रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

चालकों ने प्रशासन से मांग की कि यदि किसी भी प्रकार का वाहन व्यावसायिक रूप से यात्रियों को परिवहन सेवा दे रहा है, तो उसके लिए भी वही नियम और मानक लागू किए जाएं जो ऑटो चालकों पर लागू हैं। उनका कहना है कि सभी के लिए समान नियम लागू होने से प्रतिस्पर्धा निष्पक्ष होगी और परिवहन व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी।

ऑटो चालकों ने कहा कि वे किसी नई परिवहन सेवा के विरोधी नहीं हैं, लेकिन सभी सेवाओं के लिए समान नियम और समान अनुपालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने प्रशासन से इस मामले में स्पष्ट नीति बनाकर निष्पक्ष कार्रवाई करने की मांग की, ताकि परिवहन क्षेत्र में सभी को समान अवसर मिल सके।

## लंबित भुगतान पर होमगार्ड जवानों का फूटा गुस्सा, उठाई आवाज

# कंधे से कंधा मिलाकर ड्यूटी, फिर भी मानदेय को करना पड़ रहा इंतजार

अनंत ज्ञान

**कृष्ण रघुवंशी, अर्की।** हिमाचल प्रदेश के होमगार्ड जवानों ने लंबित मानदेय, भत्तों और अन्य सेवा लाभों के भुगतान में हो रही देरी पर नाराजगी जताते हुए सरकार से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। गृह रक्षक कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष जोगिंदर सिंह चौहड़िया ने कहा कि होमगार्ड जवान पुलिस और अग्निशमन विभाग के साथ कानून-व्यवस्था बनाए रखने, मेलों, चुनावों, वीवीआईपी सुरक्षा तथा प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं के दौरान प्रथम प्रतिक्रिया बल के रूप में लगातार सेवाएं दे रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें समय पर मानदेय और भत्तों का भुगतान नहीं मिल रहा है।

- **विधानसभा सुरक्षा पंचायत चुनाव और मणिमहेश ड्यूटी का मानदेय अब तक लंबित**
- **टीए/डीए, ईपीएफ, पेंशन सहित मूलभूत सेवा लाभों से वंचित होने का आरोप**
- **गृह रक्षक कल्याण संघ ने मुख्यमंत्री से लंबित भुगतान और एरियर जल्द जारी करने की मांग की**

उन्होंने बताया कि फरवरी-मार्च में विधानसभा सुरक्षा ड्यूटी और उसके बाद पंचायत चुनावों में तैनात जवानों को अब तक मानदेय और भत्तों का भुगतान नहीं हुआ है। वहीं पिछले वर्ष मणिमहेश यात्रा के दौरान ड्यूटी पर तैनात जवानों के बस किराये का भुगतान भी लंबित है। उनका कहना है कि होमगार्ड जवानों को स्वयंसेवक मानकर टीए/डीए, चिकित्सा प्रतिपूर्ति, ईपीएफ, पेंशन और अन्य मूलभूत सेवा लाभों से वंचित रखा गया है। उन्हें पूरे महीने में केवल चार दिन का अवकाश मिलता है, जिससे पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करना कठिन हो रहा है।

गृह रक्षक कल्याण संघ ने मुख्यमंत्री और होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के महानिदेशक से लंबित मानदेय, भत्तों तथा वर्ष 2016 के संशोधित वेतनमान के शेष एरियर का जल्द भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि जवानों को उनका वैध देय समय पर मिल सके।

## न्यूज ब्रीफ

### क्रेच कार्यकर्ता व क्रेच सहायिका के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** बाल विकास परियोजना सोलन के तहत क्रेच कार्यकर्ता और क्रेच सहायिका के रिक्त पदों को भरने के लिए 16 जुलाई को सुबह 10 बजे बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय, सोलन में साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। बाल विकास परियोजना अधिकारी कविता गौतम ने बताया कि आंगनबाड़ी सह क्रेच केंद्र थाना-2 (डाइट के निकट), पर्यवेक्षक वृत्त सोलन शहरी में दोनों पदों के लिए एक-एक रिक्ति है। इच्छुक उम्मीदवारों को 14 जुलाई शाम 5 बजे तक सादे कागज पर अपना आवेदन पूर्ण विवरण सहित कार्यालय में जमा करना होगा। क्रेच कार्यकर्ता के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं तथा क्रच सहायिका के लिए 10वीं पास निर्धारित है। अभ्यर्थी की आयु 18 से 35 वर्ष तथा परिवार की वार्षिक आय 50 हजार रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदन के साथ आयु, शैक्षणिक योग्यता, निवास, आय, जाति तथा अन्य आवश्यक प्रमाणपत्र संलग्न करना अनिवार्य है। साक्षात्कार के दिन सभी मूल दस्तावेज साथ लाने होंगे।

### जनसंपर्क अभियान के साथ कजियारा में गठित हुआ महिला मंडल

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** ग्राम पंचायत दानोघाट के प्रधान दूनीचंद शर्मा ने कजियारा गांव से अपने जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की। अभियान का शुभारंभ उन्होंने माता मनसा देवी और मंढोड़ देवता के मंदिर में माथा टेककर आशीर्वाद लेने के साथ किया। इसके बाद उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर पंचायतवासियों का आभार जताया और कहा कि जनता ने उन पर जो विश्वास व्यक्त किया है, उस पर वे पूरी निष्ठा के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने पंचायत के समग्र विकास, जनहित के कार्यों और लोगों की समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का भरोसा दिलाया। इस दौरान महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए कजियारा गांव में लंबे समय बाद महिला मंडल का गठन किया गया। प्रधान ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिला मंडल सामाजिक विकास, स्वच्छता, महिला जागरूकता और जनकल्याणकारी गतिविधियों में अहम भूमिका निभाएगा।

### डीसीएम स्कूल के 80 साल पूरे, स्वास्थ्य सेवा से मनाया स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, अर्की।** डीसीएम लैंड ऑफ गॉड्स स्कूल, अर्की ने अपनी स्थापना के 80 वर्ष पूरे होने के अवसर पर एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। स्कूल की प्रिंसिपल रीना पांटा ने बताया कि शिविर में क्षेत्र के लगभग 500 लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाई, विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श लिया और निःशुल्क दवाइयों का लाभ उठाया। शिविर में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं दीं। ऑर्थोपेडिक्स विभाग से डॉ. भास्कर मोहन पाटिल (एचओडी), मेडिसिन विभाग से डॉ. सर्वेश और डॉ. पंकज, गायनेकोलॉजी विभाग से डॉ. सानिध्य, फिजियोथेरेपी विभाग से डॉ. नितेश वर्मा, पीडियाट्रिक्स विभाग से डॉ. दिव्या राणा, नेत्र रोग विभाग से डॉ. अंतरा और श्रेया नारंग तथा ईएनटी विभाग से डॉ. आदित्य ठाकुर ने लोगों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया।

### एक्यूप्रेशर स्वास्थ्य शिविर में उमड़ी भीड़ सैकड़ों मरीजों ने लिया उपचार का लाभ

**अनंत ज्ञान, चायल।** ग्राम पंचायत चायल में पिछले एक सप्ताह से आयोजित निःशुल्क एक्यूप्रेशर स्वास्थ्य शिविर में चायल सहित आसपास की पंचायतों के सैकड़ों महिला-पुरुष स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। शिविर में विभिन्न प्रकार की पुरानी एवं जटिल बीमारियों का प्राकृतिक पद्धति से उपचार किया जा रहा है। शिविर में सेवाएं दे रहे डॉ. ईशू और डॉ. शैम्पी वर्मा ने बताया कि सबसे अधिक मरीज जोड़ों के दर्द, घुटनों के दर्द, सर्वाइकल, कमर दर्द तथा अन्य शारीरिक समस्याओं के आए थे। उन्होंने बताया कि एक्यूप्रेशर एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से लोगों को बिना दवा के राहत देने का प्रयास किया गया जिसमे मरीजों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। उपचार करा रही आशा ठाकुर, कांता ठाकुर, सुषमा और रीना ने बताया कि वे पिछले सप्ताह भर से नियमित रूप से शिविर में उपचार ले रहे थे। उनका कहना है कि उपचार से उन्हें पहले की तुलना में काफी राहत महसूस हुई तथा स्वास्थ्य में लगातार सुधार हुआ।

# विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी से क्षेत्रीय अस्पताल में बंद पड़े नेत्र ऑपरेशन

### मरीजों को करना पड़ रहा रेफर, निजी अस्पतालों में इलाज करवाने को मजबूर

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में लंबे समय से नेत्र रोग विशेषज्ञों की कमी के कारण आंखों के ऑपरेशन प्रभावित हैं। अस्पताल में लाखों रुपये की लागत से स्थापित आधुनिक आई-ओटी और नेत्र ओपीडी होने के बावजूद मरीजों को इन सुविधाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। ऑपरेशन के लिए उपलब्ध कराए गए आधुनिक उपकरण भी उपयोग न होने के कारण निष्क्रिय पड़े हैं। अस्पताल में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मोतियाबिंद और अन्य नेत्र रोगों से पीड़ित मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। इनमें रोजाना करीब 8 से 10 ऐसे मरीज होते हैं, जिन्हें सर्जरी की आवश्यकता होती है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के चलते इन मरीजों को परवाणू, आईजीएमसी शिमला और पीजीआई चंडीगढ़ रेफर करना पड़ रहा है। इन संस्थानों में पहले से लंबी प्रतीक्षा सूची होने के कारण विशेषकर बुजुर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को अतिरिक्त परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।




जानकारी के अनुसार अस्पताल प्रशासन ने करीब एक वर्ष पहले आधुनिक फेको तकनीक से मोतियाबिंद ऑपरेशन शुरू करने के लिए फेको मशीन उपलब्ध कराने का प्रस्ताव सरकार को भेजा था। इसके बाद कई बार अनुस्मारक (रिमाइंडर) भी भेजे गए, लेकिन अब तक मशीन उपलब्ध नहीं हो सकी है। इसके कारण अस्पताल में आधुनिक मोतियाबिंद सर्जरी शुरू नहीं हो पाई है।

> **अस्पताल** में नेत्र रोग विशेषज्ञ की कमी थी, लेकिन अब विशेषज्ञ चिकित्सक ने कार्यभार संभाल लिया है। बंद पड़े नेत्र ऑपरेशन जल्द दोबारा शुरू किए जाएंगे। साथ ही फेको मशीन की मांग सरकार को भेजी जा चुकी है और मशीन उपलब्ध होते ही आधुनिक तकनीक से मोतियाबिंद के ऑपरेशन भी शुरू कर दिए जाएंगे।
>
> **डॉ. राकेश पंवार, चिकित्सा अधीक्षक, क्षेत्रीय अस्पताल**

## सोलन कॉलेज ने बाहरा विवि के साथ किया एमओयू

अनंत ज्ञान

**सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन और बाहरा विश्वविद्यालय, शिमला के बीच शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुसंधान एवं उद्योगोन्मुख शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू पर राजकीय महाविद्यालय सोलन की प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली तथा बाहरा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. (प्रो.) ऋषि पाल नैंटा ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर बाहरा विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार विनीत कुमार (सेवानिवृत्त आईएफएस) और डीन (एकेडमिक अफेयर्स) डॉ. सुमिता सूद भी मौजूद रहीं।

- **विद्यार्थियों को मिलेंगे नए शैक्षणिक अवसर**

समझौते के तहत दोनों संस्थान विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक सहयोग को नई दिशा देंगे। इसके अंतर्गत संयुक्त अनुसंधान, कौशल विकास कार्यक्रम, बहुविषयक शिक्षण, अकादमिक आदान-प्रदान तथा उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए मिलकर कार्य किया जाएगा।

प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक सहयोग से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, व्यावहारिक अनुभव और बदलते वैश्विक रोजगार परिदृश्य के अनुरूप नए अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह एमओयू दोनों संस्थानों के बीच दीर्घकालिक शैक्षणिक साझेदारी को मजबूत करेगा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## राजगढ़ : सिरमौर गोरखा एसोसिएशन ने श्रमदान से मोक्ष धाम का किया जीर्णोद्धार

अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** सामाजिक सेवा एवं जनकल्याण के कार्यों में अग्रणी रहने वाली सिरमौर गोरखा एसोसिएशन, राजगढ़ शाखा ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए राजगढ़ स्थित फॉरेस्ट कॉलोनी में बने मोक्ष धाम की मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया। यह सेवा अभियान सामूहिक श्रमदान और सदस्यों के सहयोग से संपन्न हुआ, जिसमें एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मरम्मत कार्य के दौरान भवन की आवश्यक देखभाल, सुधार एवं अन्य जरूरी कार्य किए गए, जिससे मोक्ष धाम की स्थिति पहले से बेहतर और सुरक्षित हो गई। एसोसिएशन के सदस्यों वीरेंद्र, धनलाल, करण और नरेश ने कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक स्थलों का संरक्षण समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे कार्यों से आपसी भाईचारा, एकता और सेवा भावना को मजबूती मिलती है।

- **सामूहिक सहयोग से धार्मिक स्थल का हुआ संरक्षण और सौंदर्यीकरण**
- **एसोसिएशन ने भविष्य में भी जनहित कार्य जारी रखने का लिया संकल्प**

इस अवसर पर एसोसिएशन ने सभी सहयोगी सदस्यों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने अपना समय और श्रम देकर अभियान को सफल बनाया। विशेष रूप से महेंद्र का धन्यवाद किया गया, जिन्होंने मरम्मत कार्य के लिए आवश्यक स्टील शीट उपलब्ध करवाकर महत्वपूर्ण सहयोग दिया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि संस्था भविष्य में भी सामाजिक, धार्मिक और जनहित से जुड़े कार्यों को निरंतर जारी रखेगी। उन्होंने समाज के लोगों से ऐसे सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की, ताकि सहयोग और समर्पण की भावना को और मजबूत किया जा सके।

# भूमि पूजन के साथ शुरू हुआ कंडा-लुणु सड़क निर्माण कार्य, ग्रामीणों में खुशी

### लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह का लोगों ने जताया आभार

अनंत ज्ञान

**शिमला।** शिमला ग्रामीण के तहत ग्राम पंचायत धरोगड़ा के अंतर्गत बहुप्रतीक्षित कंडा-लुणु सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ बुधवार को भूमि पूजन के साथ किया गया। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों तथा क्षेत्र के बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। भूमि पूजन कार्यक्रम में ग्राम पंचायत धरोगड़ा की प्रधान पुष्पा ठाकुर, उपप्रधान केवल राज वर्मा, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ जय कुमार शर्मा, वार्ड सदस्य कांता वर्मा, पूर्व बीडीसी सदस्य दीप्ति, पूर्व प्रधान खमेश कश्यप, पूर्व उपप्रधान दीपराम वर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता जगदीश वर्मा, महेश्वर वर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

इस अवसर पर लुणु और लम्बा-खेत क्षेत्र के लोगों ने सड़क निर्माण के लिए 25 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान करने पर शिमला ग्रामीण के विधायक एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह का आभार व्यक्त किया।


कंडा-लुणु सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ पर जन प्रतिनिधि अनंत ज्ञान

ग्रामीणों ने कहा कि सड़क बनने से लुणु, लम्बा-खेत और रियोगा सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी। विशेष रूप से किसानों और बागवानों को अपनी उपज समय पर मंडियों तक पहुंचाने में काफी सुविधा होगी, जिससे परिवहन संबंधी समस्याएं कम होंगी।

स्थानीयों लोगों ने मंत्री से सड़क निर्माण कार्य को निर्धारित समय में पूरा करवाने की मांग करते हुए कहा कि यह सड़क क्षेत्र के विकास व ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। निर्माण कार्य में सहयोग देने वाले सभी जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों का भी धन्यवाद किया।

## 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत सोलन का पौधरोपण अभियान

**अनंत ज्ञान, सोलन।** वन महोत्सव सप्ताह के अवसर पर राजकीय महाविद्यालय सोलन के ईको-लिटरेसी क्लब, पर्यावरण विज्ञान विभाग तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई ने हिमाचल प्रदेश विज्ञान , प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद (हिमकॉस्टे), शिमला के सहयोग से ग्राम गलानग (ग्राम पंचायत सन्होल, जटोली) में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान का समन्वय डॉ. तन्वी कपूर और डॉ. त्रिवेणी ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों, एनएसएस स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए देवदार और चीड़ के कुल 40 पौधे रोपे गए। प्रतिभागियों ने पौधों की नियमित देखभाल और उनके संरक्षण का भी संकल्प लिया।

## कृषि क्षेत्र में योगदान को सलाम, पांच दशक की कृषि सेवा का सम्मान

# पद्मश्री प्रो. प्रेम लाल गौतम को नौणी विवि का 'साइटेशन ऑफ ऑनर' सम्मान

अनंत ज्ञान

**नौणी।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी ने अपने विशिष्ट पूर्व छात्र, पूर्व संकाय सदस्य और प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक पद्मश्री प्रो. प्रेम लाल गौतम को भारतीय कृषि, कृषि अनुसंधान, शिक्षा और कृषि नीति निर्माण में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए विश्वविद्यालय के सर्वोच्च सम्मानों में से एक 'साइटेशन ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया।




मंगलवार को आयोजित विशेष समारोह में कुलपति प्रो. एचएस बवेजा ने सेवानिवृत्त प्राध्यापकों, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों की उपस्थिति में प्रो. गौतम को यह सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर प्रो. गौतम और उनकी पत्नी कमला गौतम का पारंपरिक हिमाचली रीति-रिवाजों के साथ स्वागत किया गया। प्रो. प्रेम लाल गौतम विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के पूर्व छात्र रहे हैं और वानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। पांच दशक से अधिक के अपने प्रतिष्ठित करियर में उन्होंने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उप महानिदेशक, राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो के निदेशक, पौध किस्म एवं कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण तथा राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण के अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। वर्तमान में वह डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति हैं।

कुलपति प्रो. बवेजा ने कहा कि प्रो. गौतम का सम्मान विश्वविद्यालय के लिए गर्व का क्षण है और उनकी उपलब्धियां विद्यार्थियों व शोधकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। प्रो. गौतम ने सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों से अनुशासन, मेहनत और नवाचार को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

## मक्की व धान की फसल का बीमा करवाने की अंतिम तिथि 15 जुलाई

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला सोलन में पुनरोत्थान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों के लिए मक्की, धान और टमाटर की फसलों का बीमा करवाने की सुविधा उपलब्ध है। कृषि उपनिदेशक डॉ. देव राज कश्यप ने बताया कि मक्की और धान के बीमा की अंतिम तिथि 15 जुलाई, जबकि टमाटर के लिए 31 जुलाई निर्धारित की गई है। किसान लोकमित्र केंद्रों या ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि मक्की और धान के लिए 60 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर बीमित राशि तय की गई है, जिसके लिए 96 रुपए प्रति बीघा प्रीमियम देना होगा। वहीं टमाटर के लिए 2 लाख रुपए प्रति हेक्टेयर बीमित राशि और 800 रुपए प्रति बीघा प्रीमियम निर्धारित है। योजना के तहत सूखा, कम वर्षा, बाढ़, ओलावृष्टि, भूमि कटाव, फसल कटाई के बाद दो सप्ताह तक होने वाले नुकसान व स्थानीय प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान को कवर किया जाता है।

## शूलिनी यूनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी, वैज्ञानिकों ने साझा किए शोध के नए आयाम

# नेचुरल और एप्लाइड साइंसेज पर वैश्विक मंथन

अनंत ज्ञान

**सोलन।** शूलिनी यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज, ई-युवा (E-YUVA) सेंटर और iHUB शूलिनी के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को 'नेचुरल और एप्लाइड साइंसेज में तरक्की' विषय पर एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में भारत सहित विभिन्न देशों के वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और विद्यार्थियों ने भाग लेकर मॉलिक्यूलर मेडिसिन, कैंसर बायोलॉजी, फाइटोकेमिस्ट्री, ड्रग डिस्कवरी तथा अन्य उभरते अनुसंधान क्षेत्रों में हो रही नवीन प्रगति पर विचार साझा किए। कार्यक्रम का उद्देश्य वैश्विक वैज्ञानिक सहयोग को बढ़ावा देना तथा अनुसंधान के नए आयामों पर चर्चा करना रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शूलिनी यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रो. पी. के. खोसला ने कहा कि स्वास्थ्य, फार्मास्युटिकल विज्ञान और सतत विकास से जुड़ी चुनौतियों का समाधान अंतरराष्ट्रीय सहयोग, ज्ञान के आदान-प्रदान और नवाचार आधारित अनुसंधान के माध्यम से ही संभव है। उन्होंने विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों के बीच मजबूत साझेदारी की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इससे वैज्ञानिक खोजों को समाजोपयोगी तकनीकों और प्रभावी समाधानों में बदला जा सकता है।




फैकल्टी ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज के डीन एवं ई-युवा सेंटर के मुख्य समन्वयक डॉ. दीपक कुमार ने प्राकृतिक उत्पादों की दवा खोज में बढ़ती भूमिका और वैश्विक शोध सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि औषधीय पौधों और प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित अनुसंधान भविष्य की प्रभावी और सुरक्षित दवाओं के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। संगोष्ठी में थाईलैंड की माए फाह लुआंग यूनिवर्सिटी के प्रो. सूरत लाफूखियो ने एनोनेसिया प्रजाति के फाइटोकेमिकल्स और उनकी जैविक गतिविधियों पर व्याख्यान देते हुए दवा विकास में उनकी संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं एसोसिएट डीन डॉ. कितिफोंग खोंगफिनितबुंजोंग ने मधुमक्खियों के स्वास्थ्य, उनसे प्राप्त उत्पादों तथा रोग प्रबंधन में हो रहे नवीन शोध पर प्रकाश डाला। शूलिनी यूनिवर्सिटी के डॉ. अरुण कुमार ने संभावित कैंसररोधी यौगिकों के डिजाइन और संश्लेषण से संबंधित अपने शोध निष्कर्ष प्रस्तुत किए।

## न्यूज ब्रीफ

### सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों के समाधान के लिए 31 जुलाई तक करें ऑनलाइन आवेदन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊना की सचिव शिखा लखनपाल ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों को आपसी सुलह एवं मध्यस्थता के माध्यम से सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 जुलाई कर दी गई है। उन्होंने कहा कि यह पहल आम नागरिकों को त्वरित, सरल एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय परिसर में समाधान समारोह-2026 का शुभारंभ 21 अप्रैल से हो चुका है। इस अभियान के अंतर्गत 21, 22 एवं 23 अगस्त को सर्वोच्च न्यायालय परिसर में विशेष लोक अदालतों का आयोजन किया जाएगा, जहां आपसी सहमति एवं मध्यस्थता के माध्यम से लंबित मामलों का समाधान किया जाएगा। शिखा लखनपाल ने बताया कि इच्छुक पक्षकारों की सुविधा के लिए एक सरल गूगल फॉर्म तैयार किया गया है, जो सर्वोच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। उन्होंने पात्र पक्षकारों से आग्रह किया कि वे 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर अपने मामलों को विशेष लोक अदालत में शामिल करवाकर इस अवसर का लाभ उठाएं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मानसिक विकार एवं मानसिक मंदता से प्रभावित व्यक्तियों के लिए निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्ति अथवा उनके परिजन नालसा के टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 पर संपर्क कर इस सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### जेएनवी पेखुबेला में प्रवेश के लिए करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, पेखुबेला में शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा छठी में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली चयन परीक्षा के लिए पात्र विद्यार्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विद्यालय के प्राचार्य राज कुमार ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए वही विद्यार्थी पात्र होंगे, जिनका जन्म 1 मई 2015 से पहले तथा 31 जुलाई 2017 के बाद न हुआ हो। इसके अलावा अभ्यर्थी वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2026-27 में जिला ऊना के किसी मान्यता प्राप्त सरकारी अथवा गैर-सरकारी विद्यालय में कक्षा पांचवीं का नियमित विद्यार्थी होना चाहिए तथा जिला ऊना का वास्तविक निवासी (बोनाफाइड) होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है। अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से आग्रह किया गया है कि वे अंतिम तिथि 31 जुलाई से पहले आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लें, ताकि अंतिम समय में किसी प्रकार की परेशानी न हो। प्रवेश परीक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं ऑनलाइन आवेदन के लिए अभ्यर्थी नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट एवं पंजीकरण पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी 7973621508, 9797622247 एवं 9816096188 पर संपर्क कर सकते हैं।

### कल पांच मिनट के लिए थम जाएगा ऊना

**अनंत ज्ञान, ऊना।** टीबी और चिट्टे के खिलाफ एकजुटता का संदेश देने के लिए स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जिला प्रशासन 10 जुलाई को जिलेभर में विशेष जनसंकल्प अभियान चलाएगा। दोपहर 12 बजे से 12:05 बजे तक सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों, पंचायती राज संस्थाओं, शहरी निकायों, स्वास्थ्य संस्थानों तथा अन्य सरकारी एवं सार्वजनिक संस्थानों में अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी और आमजन एक साथ टीबी मुक्त एवं नशा मुक्त ऊना के निर्माण का सामूहिक संकल्प लेंगे। इस दौरान पूरे जिले में पांच मिनट के लिए सामान्य गतिविधियां थम जाएंगी और जनस्वास्थ्य तथा नशामुक्ति के प्रति एकजुटता का संदेश दिया जाएगा। उपायुक्त जतिन लाल ने सभी विभागाध्यक्षों, उपमंडल अधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों तथा संबंधित विभागों को अभियान में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय पर सभी संस्थानों में टीबी के लक्षण, समय पर जांच, निःशुल्क उपचार तथा उपचार को बीच में न छोड़ने के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा। साथ ही चिट्टा और अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशे से दूर रहने का संदेश दिया जाएगा तथा उपस्थित सभी लोगों को सामूहिक संकल्प दिलाया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए एंटी-चिट्टा अभियान चला रही है।

# दुष्प्रचार से नहीं रुकेगी बल्क ड्रग पार्क की रफ्तार : मुकेश

## नंगल खुर्द में नेस्ले इंडिया एवं एसएम सहगल फाउंडेशन के सहयोग से एकीकृत ग्रामीण विकास परियोजना का किया शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बुधवार को हरोली विधानसभा क्षेत्र के नंगल खुर्द में नेस्ले इंडिया एवं एसएम सहगल फाउंडेशन के सहयोग से एकीकृत ग्रामीण विकास परियोजना का शुभारंभ किया। हरोली विकास खंड के नंगल कलां, नंगल खुर्द, गोंदपुर जयचंद, हरोली, दुलैहड़ और बाथड़ी गांवों में संचालित होने वाली इस परियोजना के माध्यम से जल संरक्षण, स्वच्छता, कृषि, पोषण, शिक्षा, स्कूल उन्नयन, कौशल विकास और सामुदायिक सशक्तीकरण के क्षेत्र में कार्य किए जाएंगे। परियोजना से 6 गांवों के 9 हजार से अधिक लोगों को लाभ मिलेगा।

इस अवसर पर नेस्ले इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मनीष तिवारी, एस.एम. सहगल फाउंडेशन की ट्रस्टी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंजलि मखीजा तथा नेस्ले इंडिया के कॉर्पोरेट अफेयर्स के निदेशक कुंवर हिम्मत सिंह भी उपस्थित रहे। उपमुख्यमंत्री ने हरोली में चल रही प्रमुख विकास परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि लगभग 2,200 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किए जा रहे बल्क ड्रग पार्क की पहली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी इसी वर्ष सितंबर में आयोजित करने की तैयारी है। उन्होंने संयुक्त निदेशक उद्योग को निर्देश दिए कि इसके लिए सभी प्रबंध समयबद्ध ढंग से पूरे किए जाएं, ताकि सितंबर में यह समारोह हर हाल में आयोजित हो सके। उन्होंने बताया कि सीवरेज, पेयजल तथा बॉयलर सहित आधारभूत ढांचे से जुड़े करीब 1,000 करोड़ रुपये के कार्यों के टेंडर पहले ही जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग इस महत्वाकांक्षी परियोजना को लेकर दुष्प्रचार कर रहे हैं, लेकिन इससे बल्क ड्रग पार्क की रफ्तार नहीं रुकेगी। प्रदेश सरकार इस परियोजना को हर हाल में साकार करेगी और इसके निर्माण से पूरे क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर बदलेगी तथा हिमाचल के औद्योगिक विकास को नई दिशा मिलेगी। उपमुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पोषण एवं स्वच्छता संबंधी जागरूकता के लिए तैयार 'न्यूट्रिशन बुकलेट' का विमोचन भी किया। नेस्ले इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मनीष तिवारी ने कहा कि गांवों का विकास उनके लिए व्यक्तिगत प्रतिबद्धता का विषय है। परियोजना के तहत महिलाओं, किसानों, युवाओं, शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ मिलकर कृषि, पोषण, जल संरक्षण, शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्रों में स्थायी परिवर्तन लाने का प्रयास किया जाएगा।



नंगल खुर्द में एकीकृत ग्रामीण विकास परियोजना का शुभारंभ करने के बाद जनसभा को संबोधित करते उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री।

### हरोली सीसीटीवी निगरानी से सुसज्जित

**उपमुख्यमंत्री** ने कहा कि पूरे हरोली विधानसभा क्षेत्र को आधुनिक सीसीटीवी नेटवर्क से जोड़ा गया है। प्रमुख चौकों, चौराहों और सीमावर्ती क्षेत्रों में करीब 200 हाईटेक कैमरे लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में सीसीटीवी की मदद से चोरी की घटनाओं में शामिल लोगों को शीघ्र पकड़ा गया है। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था असामाजिक तत्वों के लिए साफ संदेश है कि हरोली में उनकी हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। अब यहां अपराध करने की कोशिश करने वालों के लिए बच निकलना संभव नहीं होगा।

### नेस्ले से टाहलीवाल इकाई के विस्तार का आग्रह

**उपमुख्यमंत्री** ने नेस्ले इंडिया प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नेस्ले विश्व की अग्रणी खाद्य एवं पेय कंपनियों में से एक है, जिसकी देश-दुनिया में मजबूत पहचान है। उन्होंने कहा कि जब वे हिमाचल प्रदेश हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष थे, तब इस भूमि का अधिग्रहण आवासीय कॉलोनी के लिए किया गया था। इसी दौरान टाहलीवाल में नेस्ले संयंत्र स्थापित करने का प्रस्ताव आया, जिसके बाद यह भूमि उद्योग की स्थापना के लिए उपलब्ध कराई गई। उन्होंने कहा कि पिछले करीब 16 वर्षों में इस संयंत्र ने क्षेत्र के औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने नेस्ले इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मनीष तिवारी से टाहलीवाल इकाई के विस्तार का आग्रह करते हुए कहा कि उनकी इच्छा है कि देशभर में नेस्ले की जितनी भी इकाइयां हैं, उनमें सबसे अधिक उत्पादन टाहलीवाल इकाई से हो। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रदेश सरकार विस्तार के लिए हरसंभव सहयोग देगी। साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि कंपनी अपनी अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता और मानकों को बनाए रखते हुए सीएसआर योजनाओं को स्थानीय जरूरतों और ग्रामीण परिस्थितियों के अनुरूप तैयार करे, ताकि उनका लाभ गांवों तक और अधिक प्रभावी ढंग से पहुंच सके।

## साइबर सेल की त्वरित कार्रवाई से ठगी के शिकार व्यक्ति को वापस मिले 8 लाख

अनंत ज्ञान

**ऊना।** जिला पुलिस ऊना की त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के चलते साइबर ठगी के शिकार एक व्यक्ति को ठगी गई पूरी 8 लाख रुपये की राशि वापस मिल गई। शिकायतकर्ता ने 24 अप्रैल 2026 को राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 के माध्यम से साइबर सेल, जिला पुलिस ऊना में शिकायत दर्ज करवाई थी। साइबर सेल ने संबंधित बैंकों, वित्तीय संस्थानों तथा अन्य एजेंसियों के साथ तत्काल समन्वय स्थापित कर कार्रवाई शुरू की। समयबद्ध प्रयासों के परिणामस्वरूप ठगी गई पूरी राशि को होल्ड करवाकर शिकायतकर्ता को सफलतापूर्वक वापस दिलाया गया। पुलिस के अनुसार जनवरी 2026 से अब तक साइबर सेल जिला ऊना ने साइबर ठगी के 155 मामलों में कुल 23 लाख 50 हजार 996 रुपये की ठगी गई राशि पीड़ितों को वापस दिलाने में सफलता हासिल की है। पुलिस का कहना है कि यह उपलब्धि साइबर अपराधों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई, तकनीकी दक्षता और संबंधित एजेंसियों के साथ बेहतर समन्वय का परिणाम है। पुलिस अधीक्षक ऊना ने लोगों से अपील की है कि 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर आने वाले किसी भी फोन कॉल, वीडियो कॉल या ऑनलाइन संदेश पर विश्वास न करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी पुलिस, सीबीआई, ईडी, आयकर विभाग या अन्य सरकारी एजेंसी फोन अथवा वीडियो कॉल के माध्यम से किसी व्यक्ति को 'डिजिटल अरेस्ट' नहीं करती। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति डराकर या धमकाकर धनराशि ट्रांसफर करने के लिए कहे तो तुरंत कॉल काट दें, किसी भी प्रकार की राशि ट्रांसफर न करें और तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

## डिजिटल प्रणाली को और सशक्त बनाने पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, ऊना।** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई-2.0) के प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन के उद्देश्य से संचालित विशेष पंजीकरण अभियान के तहत बुधवार को जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय, ऊना में एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला कार्यक्रम अधिकारी हरीश कुमार ने की। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बाल विकास परियोजना अधिकारियों, वृत्त पर्यवेक्षकों तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को नवीन डिजिटल प्रणाली एवं तकनीकी प्रक्रियाओं से दक्ष बनाकर योजना के शत-प्रतिशत प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना था। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य केवल तकनीकी जानकारी प्रदान करना ही नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि जिले की प्रत्येक पात्र गर्भवती एवं धात्री महिला तक योजना का लाभ समयबद्ध एवं सुगमता से पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने की दिशा में भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके सफल क्रियान्वयन में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## लोहारा अपर और लडोली में बताईं सरकार की योजनाएं

अनंत ज्ञान

**ऊना।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष प्रचार अभियान के पहले चरण के दूसरे दिन आज मंगलवार को आरके कलामंच, चिंतपूर्णी ने अंब उपमंडल की ग्राम पंचायत लोहारा अप्पर के गुरेट और लडोली पंचायत के भरवां उर्फ कंगरूही में अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित लोगों को सरकारी योजनाओं बारे जागरूक किया।

कलाकारों ने गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से स्थानीय ग्रामीणों को प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के कल्याणार्थ चलाई जा रही योजनाओं, जनकल्याणकारी नीतियों, उपलब्धियों तथा नशामुक्त अभियान से अवगत करवाया। कार्यक्रम में कलाकारों ने जानकारी दी कि अन्तर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत यदि स्वर्ण जाति का कोई युवक अथवा युवती अनुसूचित जाति वर्ग में विवाह करता/करती है तो प्रदेश सरकार द्वारा दंपत्ति को 50 हज़ार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। यह योजना समाज से छुआछूत जैसी कुरीतियों को समाप्त करने के उद्देश्य से चलाई गई है। इसके लिए दंपत्ति को जाति प्रमाण पत्र, हिमाचली प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र, जन्मतिथि प्रमाण पत्र, राशन कार्ड की प्रति, आधार कार्ड, विवाह का फोटो तथा संबंधित जिला कल्याण अधिकारी से अनापत्ति प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त, नाट्यदल के कलाकारों ने बताया कि अनुवर्ती कार्यक्रम योजना के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र लाभार्थियों को आजीविका के साधन उपलब्ध करवाने के लिए सरकार की ओर से आर्थिक सहायता दी जाती है।

## विद्यार्थी लक्ष्य तय कर मेहनत और अनुशासन से बढ़ें आगे : रानौत

अनंत ज्ञान

**स्वारघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दावट में खंड परियोजना अधिकारी प्रताप सिंह रानौत ने विद्यार्थियों के साथ प्रेरणादायक संवाद किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों की समस्याओं, जरूरतों और शैक्षणिक अनुभवों की जानकारी लेकर उनके समाधान के लिए मार्गदर्शन दिया।

विद्यालय परिवार ने इस अवसर पर रानौत को सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य संजीव ठाकुर सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मजारी के प्रधानाचार्य सुरजीत ठाकुर और राजकीय उच्च पाठशाला मंडयाली के मुख्याध्यापक राजकुमार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

रानौत ने विद्यार्थियों के अनुशासन, आत्मविश्वास और अपनी बात प्रभावी ढंग से रखने की क्षमता की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय की सकारात्मक शैक्षणिक गतिविधियों, प्रधानाचार्य के नेतृत्व और स्टाफ की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, कौशल विकास, रचनात्मक सोच और बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को तैयार करने की जानकारी दी। साथ ही स्पष्ट लक्ष्य, समय का सदुपयोग, अनुशासन और निरंतर मेहनत के महत्व पर जोर दिया।

### शहीद अश्वनी कुमार क्रिकेट टूर्नामेंट पर कोटधार-11 का कब्जा

**अनंत ज्ञान घुमारवीं।** झबोला यूथ क्लब की ओर से आयोजित शहीद अश्वनी कुमार क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ हुआ। प्रतियोगिता के फाइनल में कोटधार-11 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए झाबोला-11 को हराकर खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक जीतराम कटवाल ने विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए झबोला यूथ क्लब के आयोजन की सराहना की और क्लब को 10 हजार रुपये की सहयोग राशि प्रदान की। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में आयोजक मंडल के सदस्यों सचिन, लकी, अजय आदि का विशेष योगदान रहा। क्लब ने सभी खिलाड़ियों, दर्शकों और सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

### बिलासपुर में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर त्रिलोक जम्वाल ने उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर मंडी-भराड़ी पुल के समीप दिनदहाड़े युवक पर कुल्हाड़ी से हुए जानलेवा हमले को लेकर विधायक त्रिलोक जम्वाल ने प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर में लगातार हो रही आपराधिक घटनाएं जिले की बिगड़ती कानून-व्यवस्था की ओर इशारा कर रही हैं।

जम्वाल ने कहा कि वह पिछले काफी समय से बिलासपुर में कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर लगातार चिंता जता रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और आम लोगों में असुरक्षा का माहौल बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि कभी दिनदहाड़े फायरिंग की घटनाएं सामने आती हैं तो कभी सरेआम कुल्हाड़ी से जानलेवा हमले हो रहे हैं। ऐसी घटनाएं पुलिस और प्रशासन के लिए गंभीर चुनौती हैं। उन्होंने कहा कि मंडी-भराड़ी पुल पर हुई घटना बेहद चिंताजनक है और इसकी निष्पक्ष एवं गहन जांच होनी चाहिए। यदि अपराधियों पर समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो कानून का डर पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। विधायक ने पुलिस प्रशासन से मांग की कि इस मामले में शामिल सभी आरोपियों की शीघ्र पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए तथा कानून के तहत कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## हटवाड़ स्कूल में बोले धर्माणी, शिक्षा के साथ व्यक्तित्व विकास भी जरूरी

अनंत ज्ञान



स्कूल स्टाफ व बच्चों के साथ राजेश धर्माणी। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटवाड़ में आयोजित संवाद कार्यक्रम में विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ व्यक्तित्व विकास पर भी समान रूप से ध्यान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अनुशासन, नैतिक मूल्य, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास जीवन में सफलता की कुंजी हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों को एनसीसी, एनएसएस, स्काउट-गाइड, खेलकूद, सांस्कृतिक एवं अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा मोबाइल और सोशल मीडिया का सकारात्मक उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि निरंतर मेहनत, धैर्य और सकारात्मक सोच से ही लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। धर्माणी ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को गुणवत्तापूर्ण, तकनीक आधारित और रोजगारोन्मुखी बनाने के लिए व्यापक सुधार कर रही है।

सरकारी स्कूलों में सीबीएसई पैटर्न, अंग्रेजी माध्यम, नवाचार नीति, 'समीक्षा' और 'शिक्षा साथी' ऐप तथा 'समर्थ' योजना जैसे कदम शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में सहायक बन रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने करियर, प्रतियोगी परीक्षाओं, तकनीकी शिक्षा और व्यक्तित्व विकास से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका मंत्री ने विस्तार से उत्तर देते हुए उन्हें आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

## बिलासपुर कॉलेज में बंदरों के हमले से छात्रा घायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बुधवार सुबह करीब 10 बजे संगीत विभाग के समीप बीए प्रथम वर्ष की छात्रा मानसी पर बंदरों ने अचानक हमला कर उसे काट लिया। घटना के बाद परिसर में अफरा-तफरी मच गई। महाविद्यालय के सुरक्षा कर्मी राकेश कुमार ने तत्परता दिखाते हुए छात्रा को बंदरों से बचाया और तुरंत प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल को सूचना दी। प्राचार्य के निर्देश पर छात्रा को क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। प्राचार्य डॉ. कटवाल ने बताया कि कॉलेज परिसर में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ रहा है। आए दिन छात्र-छात्राएं और कर्मचारी इनके हमलों का शिकार हो रहे हैं, जिससे पढ़ाई का माहौल भी प्रभावित हो रहा है। घटना की सूचना जिला प्रशासन को दे दी गई है।

## संयुक्त संघर्ष मोर्चा बिलासपुर इकाई की बैठक 11 को : आचार्य

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक संयुक्त संघर्ष मोर्चा जिला बिलासपुर की बैठक आगामी 11 जुलाई को घुमारवीं के अंबेडकर भवन में जिला प्रधान सेवानिवृत्त डीएसपी सीताराम कौंडल की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी।

महामंत्री आचार्य नंद लाल ने बताया कि इस बैठक में जिला कार्यकारिणी, जिला के सभी खंड स्तरीय कार्यकारिणी सदस्य, अनुसूचित जाति से संबंधित अन्य सभी संगठन के पदाधिकारी वर्ग, महिला मंडल एवं समाज का बुद्धिजीवी वर्ग व यूथ विंग के सभी पदाधिकारी व सदस्य इसमें भाग लेंगे। बैठक में सबके साथ विचार सांझा करके यह सुनिश्चित किया जाएगा कि स्वतंत्रता दिवस मनाने की रूप रेखा को अंतिम रूप किस प्रकार दिया जाएगा।

इसके अलावा संगठन को मजबूत करने के लिए खंड स्तर पर सदस्यता अभियान के साथ रूपरेखा पर भी मंथन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शोषित, वंचित एवं पीड़ित लोगों को न्याय दिलाने के लिए संघर्षरत संयुक्त संघर्ष मोर्चा की कार्यप्रणाली पर भी चर्चा होगी।

## बिलासपुर में 60 आरसेटी ट्रेनरों का कौशल प्रमाणन शुरू : उपायुक्त

अनंत ज्ञान



डोमेन स्किल ट्रेनर सर्टिफिकेशन कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागी।

**ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर के यूको आरसेटी परिसर में बुधवार को नेशनल एकेडमी ऑफ रुडसेटी, बेंगलुरु के तत्वावधान में राज्य स्तरीय आठवें डोमेन स्किल ट्रेनर सर्टिफिकेशन कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त राहुल कुमार ने किया। कार्यक्रम में प्रदेशभर के विभिन्न आरसेटी संस्थानों से आए 60 डोमेन स्किल ट्रेनरों की तकनीकी दक्षता, व्यावसायिक ज्ञान और प्रशिक्षण क्षमता का राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप मूल्यांकन एवं प्रमाणन किया गया।

उपायुक्त ने कहा कि प्रशिक्षकों की गुणवत्ता ही कौशल विकास कार्यक्रमों की सफलता का आधार है। प्रमाणित प्रशिक्षक युवाओं, महिलाओं और इच्छुक उद्यमियों को बेहतर प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाएंगे, जिससे प्रदेश में नए उद्यमी तैयार होंगे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

हिमाचल प्रदेश आरसेटी संस्थानों की राज्य नियंत्रक डॉ. अंबिका साहू ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षकों को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रमाणित कर कौशल प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि आरसेटी के माध्यम से ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार आधारित प्रशिक्षण दिया जाता है, इसलिए प्रशिक्षकों का दक्ष होना आवश्यक है।

कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने बताया कि एक डोमेन स्किल ट्रेनर प्रतिवर्ष विभिन्न ट्रेडों के चार से पांच प्रशिक्षण बैच संचालित कर लगभग 400 से 500 युवाओं को प्रशिक्षण देता है। प्रमाणन कार्यक्रम में मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन, डेयरी, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, पर्यटन, कंप्यूटरीकृत लेखांकन, फास्ट फूड उद्यमिता, जूट उत्पाद निर्माण सहित 20 रोजगारपरक ट्रेड शामिल हैं। इस अवसर पर डिप्टी नेशनल कंट्रोलर पद्मावती, लीड बैंक मैनेजर चंद्रशेखर, यूको आरसेटी निदेशक अजय शर्मा सहित विभिन्न आरसेटी संस्थानों के प्रशिक्षक और अधिकारी उपस्थित रहे।

### पेंशनर्स ने जीवन प्रमाण पत्र की नई व्यवस्था का किया विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** वरिष्ठ नागरिक सभा बिलासपुर ने हिमाचल प्रदेश सरकार की जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की नई व्यवस्था पर आपत्ति जताई है। सभा के प्रधान डॉ. जेएन मिश्रा और महासचिव मस्तराम वर्मा ने संयुक्त बयान में कहा कि पेंशनर्स के लिए एप के माध्यम से प्रमाण पत्र जमा करना व्यवहारिक नहीं है।

उन्होंने कहा कि कई वरिष्ठ नागरिकों के पास स्मार्टफोन नहीं हैं या उन्हें डिजिटल प्रक्रिया की जानकारी नहीं है। लोकमित्र केंद्रों के माध्यम से यह प्रक्रिया पूरी करवाना भी पेंशनर्स के लिए अतिरिक्त परेशानी है। सभा ने सरकार से मांग की है कि नई व्यवस्था को वापस लेकर पुरानी प्रणाली बहाल की जाए। सभा के प्रतिनिधिमंडल ने इस संबंध में कोषागार अधिकारी से भी मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया है।

वहीं, चिकित्सा बिलों को लेकर भी पेंशनर्स ने चिंता जताई है। सभा ने बताया कि कुछ मामलों में डॉक्टर द्वारा बिल पास किए जाने के बाद भी दवाइयों की आवश्यकता का अलग प्रमाण पत्र मांगा जा रहा है। इस मुद्दे पर पहले भी उपायुक्त और मुख्य चिकित्सा अधिकारी से चर्चा की गई, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया। सभा ने सरकार से पेंशनर्स की समस्याओं को देखते हुए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की है।

## श्री नयना देवी क्षेत्र में महीने में 4 बार आएगी रसोई गैस : सैणी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** श्री नयना देवी क्षेत्र के गैस उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है। अब क्षेत्र में गैस सिलेंडर की आपूर्ति करने वाली गाड़ी महीने में केवल दो बार नहीं, बल्कि चार बार पहुंचेगी। उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गैस एजेंसी ने गैस वितरण का नया शेड्यूल लागू किया है। इसके तहत अब हर माह 7, 15, 23 और 30 तारीख को गैस आपूर्ति वाहन निर्धारित क्षेत्रों में सिलेंडर वितरण करेगा।

अब तक क्षेत्र में गैस की गाड़ी केवल 15 और 30 तारीख को ही पहुंचती थी। ऐसे में कई उपभोक्ता किसी कारणवश निर्धारित तिथि पर सिलिंडर नहीं ले पाते थे, जिससे उन्हें अगले चक्र तक इंतजार करना पड़ता था। नए शेड्यूल के लागू होने से उपभोक्ताओं को अधिक सुविधा मिलेगी और गैस की उपलब्धता भी पहले से बेहतर होगी।

सैनी गैस एजेंसी के संचालक टीसी सैनी ने बताया कि उपभोक्ताओं की लगातार मिल रही मांग और सुविधा को ध्यान में रखते हुए गैस वितरण की आपूर्ति बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इससे लोगों को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध हो सकेगा और अनावश्यक परेशानी से भी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि गैस आपूर्ति वाहन स्वाहण, जनाली, श्री नयना देवी, बस्सी, टोबा, बैहल, भाखड़ा सहित आसपास के अन्य क्षेत्रों में नियमित रूप से गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाता है। इन क्षेत्रों में एजेंसी के करीब तीन हजार उपभोक्ता हैं, जिन्हें इस नई व्यवस्था का सीधा लाभ मिलेगा।

सैनी ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की कि गैस सिलेंडर लेने से करीब दो दिन पहले अपना ओटीपी अवश्य प्राप्त कर लें, ताकि वितरण के समय किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके अलावा उन्होंने सुरक्षा के दृष्टिकोण से समय-समय पर गैस रेगुलेटर की जांच कराने और आवश्यकता पड़ने पर उसे बदलवाने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के सहयोग से गैस वितरण व्यवस्था को और अधिक सुचारु एवं सुरक्षित बनाया जा सकता है।

एच डी एफ सी बैंक
हम समझें आपकी दुनिया
पंजीकृत कार्यालयः एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, पश्चिम मुंबई। साहिब कॉम्प्लेक्स, जीएफ, मौसा 59/82 एवं 61/85, सेरी बाजार, निकट इंदिरा मार्केट, मंडी, हि.प्र.

**कब्जा नोटिस**

**सरफेसी अधिनियम की धारा 13(4) नियम 8 एवं 9 के अंतर्गत (अचल संपत्ति के लिए)**

चूंकि अधोहस्ताक्षरकर्ता, एचडीएफसी बैंक लि. का अधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) एवं उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित धारा 13(2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, दिनांक 18.12.2025 को एक मांग सूचना जारी कर ऋणी को सूचित किया थाः (1.) **विजय सिंह पुत्र देव राज (आवेदक) पताः निवासी गांव एवं डाकघर नंगल खुर्द, तहसील हरोली, जिला ऊना, हि.प्र. पिनकोड 174301 (2.) अनीता रानी पत्नी विजय सिंह (सह-आवेदक) पताः निवासी गांव एवं डाकघर नंगल खुर्द, तहसील हरोली, जिला ऊना, हि.प्र. पिनकोड 174301 (3.) बलवीर सिंह पुत्र केवल चंद (गारंटर) पताः निवासी गांव एवं डाकघर नंगल खुर्द, तहसील हरोली, जिला ऊना, हि.प्र.** उक्त सूचना में वर्णित राशि **रु. 57,25,000/-** की सूचना प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था। ऋणी द्वारा उक्त राशि का भुगतान न किए जाने के कारण, एतद्द्वारा ऋणी/गारंटर तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) तथा उक्त नियमों के नियम 8 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक **04 जुलाई 2026** को नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। ऋणी विशेष रूप से तथा आम जनता को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि वे उक्त संपत्ति के साथ कोई लेन-देन न करें। संपत्ति के साथ किया गया कोई भी लेन-देन एचडीएफसी बैंक लि. के प्रभार के अधीन होगा, जिसकी बकाया राशि दिनांक 04 जुलाई 2026 को रु. 60,95,409/- तथा उस पर ब्याज, खर्चे एवं अन्य प्रभार **शामिल है।** **अचल संपत्ति का विवरणः** आवासीय मकान स्थित मोहल नंगल खुर्द खाता खतौनी संख्या 317/412, खसरा संख्या 860/1, क्षेत्रफल 0-00-50 हेक्टेयर खाता खतौनी संख्या 312/407, खसरा संख्या 2999/839, क्षेत्रफल 0-01-60 हेक्टेयर खाता खतौनी संख्या 311 मिन/406 मिन, खसरा संख्या 840, क्षेत्रफल 0-01-60 हेक्टेयर खाता खतौनी संख्या 311 मिन/406 मिन, खसरा संख्या 3000/839, क्षेत्रफल 01-01-10 हेक्टेयरस्थितः मोहाल नंगल खुर्द सीमाएंः (विलेख के अनुसार)ः मोहालः नंगल खुर्द, स्थानः आवासीय पूर्वः खाली भूमि, उत्तरः खाली भूमि, दक्षिणः सड़क साथ में भवन, सभी उपर संरचनाएं, फिटिंग्स तथा रास्तों, सड़कों एवं भागों के सभी अधिकार।

अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
**दिनांकः 04.07.2026, स्थानः ऊना, हि.प्र.** एचडीएफसी बैंक लि.

## न्यूज ब्रीफ

### होमगार्ड जवानों ने लंबित मानदेय भुगतान की उठाई मांग

अनंत ज्ञान, अजीत सिंह, डलहौजी। गृह रक्षक कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष जोगिंदर सिंह चौहड़िया ने कहा कि होमगार्ड जवान पुलिस और अग्निशमन विभाग के साथ लगातार सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उन्हें मानदेय और भत्ते समय पर नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि विधानसभा सुरक्षा, पंचायत चुनाव और मणिमहेश यात्रा ड्यूटी का भुगतान अभी लंबित है। संघ ने मुख्यमंत्री और होमगार्ड विभाग के महानिदेशक से शीघ्र भुगतान की मांग की है। उन्होंने टीए/डीए, चिकित्सा सुविधा, ईपीएफ, पेंशन और अन्य सेवा लाभ उपलब्ध करवाने तथा 2016 वेतनमान एरियर का भुगतान करने की भी मांग उठाई।

### ट्राइबल भवन और ग्रीन टैक्स मुद्दे पर सौंपा मांगपत्र

अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा। भरमौर-पांगी विधायक डॉ. जनकराज की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को उपायुक्त चम्बा से मुलाकात कर ट्राइबल भवन चम्बा और ग्रीन टैक्स से जुड़े मुद्दों को लेकर मांगपत्र सौंपा। विधायक ने कहा कि ट्राइबल भवन जनजातीय समाज की पहचान, सम्मान और सुविधाओं से जुड़ा विषय है। उन्होंने ग्रीन टैक्स से क्षेत्रवासियों को हो रही परेशानियों के समाधान की मांग की। डॉ. जनक राज ने प्रशासन से दोनों मामलों को जनहित और जनजातीय अधिकारों को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकता से हल करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं को लगातार मजबूती से उठाया जाएगा।

### परिहार, उदयपुर में कल बंद रहेगी बिजली

अनंत ज्ञान, चंबा। चंबा शहर और आसपास के क्षेत्रों में 10 जुलाई को बिजली उपभोक्ताओं को पूरे दिन बिजली कटौती का सामना करना पड़ेगा। सुबह 9:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक भनोता, परिहार और उदयपुर फीडरों से जुड़े क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान परिहार, नर्सरी, चीमा, उदयपुर, ढांप, बाघणू, डुला, गोठली, धलेई, रिंडा, सरू, चिलबांगला, भनोता, चनेड, पंजोह, कोलरी, कियाणी, राजनगर, सिड़कुंड, शक्तिदेहरा सहित आसपास के कई गांव प्रभावित होंगे।

# भाजपा ने किया पांगी की 22 सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन

## विकास कार्यों में तेजी लाने और रिक्त पदों को भरने की उठाई मांग

अनंत ज्ञान

रोशन लाल, किलाड़ (पांगी)। पांगी घाटी की वर्षों से लंबित जनसमस्याओं को लेकर भाजपा पांगी मंडल ने मंडल अध्यक्ष सतीश कुमार के नेतृत्व में आवासीय आयुक्त, पांगी को 22 सूत्री मांगपत्र सौंपकर विभिन्न विकास कार्यों में तेजी लाने की मांग उठाई। ज्ञापन में बिजली, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और जनजातीय हितों से जुड़े मुद्दों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई। भाजपा ने कहा कि दुर्गम क्षेत्र होने के बावजूद पांगी घाटी आज भी कई बुनियादी सुविधाओं से वंचित है।



आवासीय आयुक्त पांगी को सौंपा 22 सूत्री मांगपत्र। अनंत ज्ञान

ज्ञापन में घाटी में नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, राजकीय महाविद्यालय किलाड़ में बंद किए गए विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय को पुनः शुरू करने, साच पास सड़क, एसकेटीटी सड़क तथा प्रस्तावित पठानकोट-चंबा-किलाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्यों में तेजी लाने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। इसके अलावा ट्राइबल सब प्लान का पूरा बजट जारी करने, नई एचआरटीसी बसें उपलब्ध कराने, अस्पतालों एवं सरकारी कार्यालयों में रिक्त पद भरने, 102 व 108 एम्बुलेंस सेवाओं को सुदृढ़ करने, किलाड़ सीवरेज परियोजना शुरू करने तथा रसोई गैस की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही। भाजपा ने बीबीजी योजना में स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता देने, साच एवं किलाड़ पावर हाउस के आउटसोर्स कर्मचारियों की सेवाएं जारी रखने, मिंधल माता मंदिर की पेयजल समस्या का स्थायी समाधान करने, वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) के लंबित मामलों का निपटारा करने तथा सड़क सुविधा से वंचित गांवों को सड़क नेटवर्क से जोड़ने की भी मांग उठाई।

### बग्गा डैम-कलेला सड़क निर्माण को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान, चंबा। बग्गा डैम से कलेला गांव तक सड़क निर्माण को मांग को लेकर बुधवार को ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल ने डीसी चंबा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों से सड़क सुविधा के अभाव में उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दौरान रास्ते खराब होने से आवाजाही पूरी तरह प्रभावित हो जाती है। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क न होने से आपातकालीन स्थिति में मरीजों को अस्पताल पहुंचाना मुश्किल होता है। इसके अलावा बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। निर्माण सामग्री पहुंचाने और किसानों को अपनी उपज बाजार तक ले जाने में भी बाधाएं आती हैं। उन्होंने बताया कि बग्गा डैम के जलभराव क्षेत्र के कारण बारिश में समस्या और बढ़ जाती है। प्रशासन से मांग की कि बग्गा डैम से कलेला गांव तक सड़क निर्माण को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति देकर जल्द कार्य शुरू करवाया जाए।

# छतराड़ी मंदिर के समीप सूखा पेड़ बना खतरा, हटाने की उठाई मांग

अनंत ज्ञान

ओपी शर्मा, छतराड़ी। विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक शिव शक्ति माता छतराड़ी मंदिर के समीप खड़ा सूखा पेड़ श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों के लिए चिंता का कारण बना हुआ है। मंदिर से कुछ ही दूरी पर स्थित यह पेड़ कई वर्षों से सूखा खड़ा है और कभी भी गिरकर बड़ा हादसा कर सकता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि राधा अष्टमी के बाद यहां राज्य स्तरीय चार दिवसीय छतराड़ी मेले का शुभारंभ होगा, जिसमें प्रदेश सहित बाहरी राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचेंगे।



इसके अलावा सामान्य दिनों में भी श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए आते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि तेज बारिश, आंधी या बर्फबारी के दौरान पेड़ गिरने का खतरा बना रहता है। उन्होंने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि मेले से पहले पेड़ का निरीक्षण करवाकर इसे सुरक्षित तरीके से हटाया जाए। जानकारी के अनुसार मंदिर पुरातत्व विभाग के अधीन आता है और इसका रखरखाव भी विभाग द्वारा किया जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते कार्रवाई होने से संभावित दुर्घटना को टाला जा सकता है।

# वीरभद्र सिंह के दिखाए मार्ग पर आगे बढ़ेगा हिमाचल: सुरजीत भरमौरी



अनंत ज्ञान, चंबा। हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह की पुण्यतिथि पर बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी चंबा द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा प्रदेश के विकास और जनकल्याण में उनके अतुलनीय योगदान को याद किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत भरमौरी ने जानकारी साझा करते हुए कहा कि राजा वीरभद्र सिंह ने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में हिमाचल प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य किया। उनके नेतृत्व में प्रदेश में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई और अन्य आधारभूत सुविधाओं का अभूतपूर्व विस्तार हुआ, जिसका लाभ आज भी प्रदेश की जनता को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राजा वीरभद्र सिंह केवल एक जननेता नहीं, बल्कि हिमाचल के विकास की पहचान थे। उनका सरल व्यक्तित्व, दूरदर्शी सोच और जनता के प्रति समर्पण उन्हें हमेशा लोगों के दिलों में जीवित रखेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता उनके बताए आदर्शों और जनसेवा के मार्ग पर चलकर प्रदेश के विकास और जनता की सेवा के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत नेता को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# 3.26 करोड़ की परियोजना अंतिम चरण में 70-75 फीसदी निर्माण पूरा: कनव बड़ोत्रा

अनंत ज्ञान

राहुल सहगल, चंबा। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) चंबा मंडल के अधिशासी अभियंता कनव बड़ोत्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि सुल्तानपुर में लगभग 3 करोड़ 26 लाख रुपए की लागत से निर्माणाधीन हेलीपोर्ट का कार्य तेज गति से आगे बढ़ रहा है। परियोजना का करीब 70 से 75 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।



विभाग इस महत्वाकांक्षी परियोजना को निर्धारित समय पर पूरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा निर्माण कार्य लगातार जारी है। विभाग की पूरी कोशिश रहेगी कि हेलीपोर्ट का निर्माण सितंबर तक पूरा कर लिया जाए। उन्होंने बताया कि हेलीपोर्ट के अस्तित्व में आने के बाद चंबा की वर्षों पुरानी बेहतर हवाई संपर्क की उम्मीद साकार होगी। भौगोलिक दृष्टि से दुर्गम और सीमित सड़क संपर्क वाले चंबा को इससे पूरे हिमाचल प्रदेश के साथ तेज और सुगम हवाई कनेक्टिविटी मिलेगी। इससे लोगों की आवाजाही आसान होने के साथ-साथ पर्यटन, निवेश, स्वास्थ्य सेवाओं, आपदा प्रबंधन और प्रशासनिक कार्यों को भी अभूतपूर्व गति मिलने की उम्मीद है। यही कारण है कि इस परियोजना को चंबा के भविष्य को नई दिशा देने वाले 'गेम चेंजर' के रूप में देखा जा रहा है। कनव बड़ोत्रा ने कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्ता मानकों का पूरा ध्यान रखते हुए किया जा रहा है। विभाग का लक्ष्य केवल समय पर परियोजना पूरी करना ही नहीं, बल्कि इसे उच्च गुणवत्ता के साथ जनता को समर्पित करना भी है। उन्होंने विश्वास जताया कि यदि मौसम और अन्य परिस्थितियां अनुकूल रहीं तो सितंबर तक चंबा को यह बहुप्रतीक्षित हवाई सुविधा मिलने की दिशा में बड़ा कदम पूरा हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खु ने भी इस वर्ष के बजट में चंबा की भौगोलिक दूरी और कमजोर कनेक्टिविटी को गंभीर चुनौती बताते हुए इस दिशा में विशेष प्राथमिकता देने की बात कही थी। अब निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंच चुका है और हेलीपोर्ट के पूरा होने के बाद चंबा विकास के एक नए दौर में प्रवेश करेगा। यह परियोजना न केवल जिले को हवाई संपर्क का नया विकल्प देगी, बल्कि पर्यटन उद्योग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने, निवेश को आकर्षित करने और आपातकालीन परिस्थितियों में राहत एवं बचाव कार्यों को अधिक प्रभावी बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### भटवाड़ा बस अड्डा व सड़क मार्ग मलबे से प्रभावित, स्थायी हल की मांग



अनंत ज्ञान, धरवाला। भारी बारिश के बाद चूड़ी-भटवाड़ा सड़क मार्ग और भटवाड़ा बस अड्डा मलबे एवं दलदल से प्रभावित हो गया। नाले से बहकर आई मिट्टी और गाद बस अड्डे में जमा होने से वाहनों की आवाजाही बाधित हुई। कई स्थानों पर सड़क पर फैले दलदल के कारण यातायात जोखिमपूर्ण बन गया। स्थिति को देखते हुए लोक निर्माण विभाग ने मशीनरी लगाकर मलबा हटाने का कार्य शुरू किया। विभाग की कार्रवाई के बाद चूड़ी-राड़ी-भटवाड़ा मार्ग सहित चलेही, गुड़ासा और भाख्या की ओर जाने वाले रास्तों को यातायात के लिए बहाल कर दिया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि पहली ही बरसात में नाले से भारी मात्रा में मलबा बहकर बस अड्डे तक पहुंच गया, जिससे सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों ने मौसम विभाग की चेतावनियों का पालन करने और वाहनों को सुरक्षित स्थानों पर खड़ा करने की अपील की। ग्रामीणों ने प्रशासन से स्थायी सुरक्षा उपाय करने की मांग की है।

# भरमौर में छात्र कनिष्क कुमार एक दिन के लिए बना एसडीएम



अनंत ज्ञान, भरमौर। उपमंडल प्रशासन भरमौर द्वारा छात्रों में प्रशासनिक कार्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 'एक दिन उपमंडल अधिकारी' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरमौर के मेधावी छात्र कनिष्क कुमार को एक दिन के लिए उपमंडल अधिकारी बनाया गया। कनिष्क कुमार पुत्र सुभाष कुमार, निवासी मलकोता, ने दसवीं कक्षा में भरमौर उपमंडल में सर्वाधिक अंक प्राप्त किए थे। एडीएम भरमौर विकास शर्मा ने कार्यालय पहुंचने पर छात्र का शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया तथा प्रशासनिक कार्यप्रणाली की जानकारी दी। विद्यार्थी एसडीएम ने विभिन्न फाइलों का अवलोकन किया, जन शिकायतें सुनीं और अधिकारियों की समीक्षा बैठक में भाग लिया। उन्होंने तहसील, न्यायालय, राजस्व और विकास कार्यों से संबंधित प्रक्रियाओं को समझा। कनिष्क ने इस अनुभव को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि इससे उन्हें प्रशासनिक जिम्मेदारियों को करीब से जानने का अवसर मिला। एडीएम विकास शर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और लोकसेवा की भावना को बढ़ावा देते हैं।

# राज्यपाल ने 'द गोल्डन एरा' पत्रिका का किया विमोचन



अनंत ज्ञान

गुरनाम सागर, चंडीगढ़। राज्यपाल, पंजाब और प्रशासक, यूटी चंडीगढ़ ने बुधवार को राजभवन में पीसीएस (सेवानिवृत्त) एसोसिएशन की आधिकारिक पत्रिका 'द गोल्डन एरा' के तीसरे संस्करण का विमोचन किया। पीसीएस (सेवानिवृत्त) एसोसिएशन के अध्यक्ष और 'द गोल्डन एरा' के संपादक डॉ. बलबीर सिंह ढोल ने सूचित किया कि यह पत्रिका सेवानिवृत्त पीसीएस अधिकारियों की उपलब्धियों और सफलता की कहानियों को प्रदर्शित करती है तथा समाज सेवा, जन कल्याण और समाज की बेहतरी के लिए विभिन्न पहलों में उनके निरंतर योगदान को रेखांकित करती है। यह समुदाय सेवा के प्रति एसोसिएशन की प्रतिबद्धता और सेवानिवृत्त अधिकारियों व आम जनता के कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों को भी दर्शाती है। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. बलबीर सिंह ढोल के नेतृत्व में पीसीएस (सेवानिवृत्त) एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल में गुरजीत सिंह बाहिया, चेयरमैन, एसपीएस मरार, वाइस चेयरमैन, एनएस बराड़, कार्यकारी सदस्य, जरनैल सिंह, कार्यकारी सदस्य और ओपी पोपली, कार्यकारी सदस्य शामिल थे। राज्यपाल ने सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने, सेवानिवृत्त लोक सेवकों की विरासत को संजोने और उन्हें राष्ट्र निर्माण व सामुदायिक सेवा में सक्रिय रूप से जुड़े रहने के लिए प्रेरित करने में पीसीएस (सेवानिवृत्त) एसोसिएशन के समर्पित प्रयासों की सराहना की।

### सिरसा: चोरी की घटनाओं से परेशान लोगों ने चौकी के बाहर दिया धरना

अनंत ज्ञान, सिरसा। जिले के गांव जमाल क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाओं से परेशान ग्रामीणों और व्यापारियों ने बुधवार को पुलिस प्रशासन के खिलाफ विरोध जाहिर करते हुए जमाल पुलिस चौकी के बाहर धरना दिया। विरोधस्वरूप गांव जमाल में दुकानें भी बंद रखी गईं। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों ने कहा कि लगातार हो रही चोरी की वारदातों से आमजन और दुकानदारों में भय का माहौल बना हुआ है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की कि चोरी की घटनाओं का शीघ्र खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए तथा क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाकर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

धरने की सूचना मिलते ही जमाल चौकी प्रभारी रामकुमार तथा नाथूसरी चौपटा थाना प्रभारी प्रदीप कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों से बातचीत की और भरोसा दिलाया कि सभी मामलों की गहन जांच की जा रही है तथा जल्द ही आरोपियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। यदि जल्द ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# पार्क अस्पताल मोहाली में 16 घंटे के नवजात शिशु की हुई जीवन रक्षक सर्जरी




अनंत ज्ञान

गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर। मोहाली के पार्क अस्पताल में दुर्लभ बीमारी जन्मजात डायाफ्रामिक हर्निया (सीडीएच) से पीड़ित 16 घंटे के नवजात शिशु की सफल जीवनरक्षक सर्जरी की गई। सीडीएच एक गंभीर जन्मजात विकार है, जिसमें डायाफ्राम में छेद होने के कारण पेट के अंग छाती में पहुंच जाते हैं और फेफड़ों के विकास व सांस लेने की प्रक्रिया पर असर पड़ता है। गर्भावस्था के दौरान अल्ट्रासाउंड से इस बीमारी का पता चला था। जन्म के बाद बच्चे को सांस लेने में परेशानी हुई, जिसके बाद उसे तुरंत नियोनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट में भर्ती कर वेंटिलेटर सपोर्ट दिया गया। जांच में पता चला कि बच्चे का लिवर, गॉलब्लैडर और आंतों के कुछ हिस्से छाती की दाहिनी ओर चले गए थे, जिससे फेफड़े दब गए थे। स्थिति स्थिर होने के बाद पीडियाट्रिक सर्जन डॉ. हर्षिता कौर ने सफल सर्जरी की। सर्जरी के दौरान पेट के अंगों को वापस सही स्थान पर रखा गया और डायाफ्राम में मौजूद करीब 3×2 सेंटीमीटर के छेद की रिपेयर किया गया। सर्जरी के बाद बच्चे को विशेष निगरानी में रखा गया। अब बच्चा वेंटिलेटर से बाहर है और सामान्य रूप से दूध ले रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, बच्चे के स्वास्थ्य में लगातार सुधार हो रहा है।

### फरीदाबाद: हाथ से गिरी पिस्टल गोली चलने से युवक घायल

अनंत ज्ञान, फरीदाबाद। छांयसा थाना क्षेत्र के अटाली गांव में एक व्यक्ति लाइसेंसी पिस्तौल से चली गोली लगने से घायल हो गया। घटना के बाद परिवार में अफरा-तफरी मच गई। घायल को तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, अटाली गांव निवासी 40 वर्षीय सुरेंद्र चौधरी मंगलवार देर शाम अपनी लाइसेंसी पिस्टल को हाथ में लिए हुए थे। इसी दौरान अचानक पिस्टल हाथ से फिसलकर जमीन पर गिर गई। जैसे ही पिस्टल नीचे गिरी, उससे गोली चल गई।

गोली सुरेंद्र चौधरी के पैर में जा लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर वहीं गिर पड़े। गोली चलने की तेज आवाज सुनकर परिवार के लोग घबरा गए और तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने सुरेंद्र चौधरी को तुरंत पास के एक निजी अस्पताल में पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उनका इलाज शुरू किया। फिलहाल उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है और अस्पताल में उनका उपचार जारी है। घटना की सूचना अस्पताल प्रशासन द्वारा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही छांयसा थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और घायल सुरेंद्र चौधरी से घटना के बारे में जानकारी ली। इसके बाद पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि अटाली गांव में एक व्यक्ति अपनी ही लाइसेंसी पिस्तौल से चली गोली लगने से घायल हुआ है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि हथियार हाथ से गिरने के बाद गोली चली। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

# गुरुग्राम में बरसात के पानी में डूबा नागरिक अस्पताल का वार्ड व ओपीडी

अनंत ज्ञान



गुरुग्राम। दो दिन से हो रही बरसात का पानी सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल में भर गया। अस्पताल की ओपीडी और बेसमेंट में वार्ड बरसाती पानी में डूब गए। आनन-फानन में वार्ड को ऊपर की मंजिल पर शिफ्ट किया गया। ओपीडी से पानी निकालने के लिए कर्मचारी मशक्कत करते रहे। हालांकि, यह कोई स्थायी समाधान नहीं है। हर साल ऐसे हालात होने के बाद भी अस्पताल प्रशासन इस समस्या के प्रति गंभीर नहीं है।

बारिश शुरू होते ही अस्पताल के बेसमेंट में दीवारों से पानी फव्वारा बनकर बहने लगा। स्टाफ व मरीजों को इससे काफी परेशानी हुई। थोड़ी सी बारिश आते ही पूरा बेसमेंट तालाब जैसा बन गया। पिछले कई सालों से बरसात में यही स्थिति बनती है।

अस्पताल प्रशासन की ओर से हर बार अस्थायी तौर पर वार्ड शिफ्ट कर दिए जाते हैं, लेकिन पानी के रिसाव को रोकने का कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किया गया। इसी तरह से अस्पताल के ग्राउंड फ्लोर पर भी जलभराव हो गया। ओपीडी भी पानी में डूबी नजर आई। कर्मचारी पानी को निकालते दिखे। सूत्रों के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में अस्पताल के रेनोवेशन और मरम्मत पर लाखों रुपए खर्च किए जा चुके हैं। बावजूद इसके दीवारों से रिसाव और बेसमेंट में जलभराव की समस्या जस की तस बनी हुई है।

अगर समय रहते समाधान नहीं हुआ तो अस्पताल की आलीशान इमारत के लिए यह खतरे की घंटी है। लगातार पानी भरने और रिसाव से इमारत की नींव कमजोर हो सकती है। ऐसे में भविष्य में इमारत के कंडम होने तक की नौबत आ सकती है। मरीजों के इलाज के लिए बनी जगह में ही अगर पानी भर जाएगा तो संक्रमण का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

### रेवाड़ी: घर के बाहर खेल रही मासूम को कार ने कुचला, मौत

अनंत ज्ञान, रेवाड़ी। जिले के औद्योगिक कस्बा धारुहेड़ा के सेक्टर-चार में बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में करीब तीन वर्षीय मासूम बच्ची की जान चली गई। घर के बाहर खेल रही बच्ची को तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया। हादसे के बाद बच्ची को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद कार चालक वाहन सहित अस्पताल से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

पुलिस के अनुसार सेक्टर-तीन निवासी किशन कांत की करीब तीन वर्षीय बेटी आन्या बुधवार सुबह घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान तेज गति से आई एक कार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि मासूम गंभीर रूप से घायल हो गई।

स्थानीय लोगों की मदद से कार चालक ही घायल बच्ची को तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचा, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बच्ची की मौत की सूचना मिलते ही चालक कार लेकर अस्पताल से फरार हो गया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।

# 'लोक मिलनी' कार्यक्रम में विधायक कुलवंत ने सुनीं लोगों की समस्याएं

अनंत ज्ञान

गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर। पंजाब सरकार की ओर से चलाए जा रहे 'लोक मिलनी' कार्यक्रम के तहत मोहाली विधानसभा क्षेत्र के बड़माजरा, जुझार नगर और तड़ौली-हुसैनपुर गांवों में विधायक कुलवंत सिंह ने लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि सरकार का उद्देश्य लोगों तक सीधे पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं और प्रशासन को इन्हें समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।




कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते विधायक कुलवंत सिंह।

उन्होंने कहा कि 'लोक मिलनी' कार्यक्रमों में लोगों की बढ़ती भागीदारी सरकार के प्रति विश्वास को दर्शाती है। सरकार, पार्टी कार्यकर्ता और प्रशासन मिलकर जनसेवाओं को लोगों के घर-द्वार तक पहुंचाने के लिए काम कर रहे हैं। विधायक ने बताया कि मोहाली विधानसभा क्षेत्र में कई विकास परियोजनाएं चल रही हैं, जिनसे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने अब तक 68,500 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दी हैं। उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं का जिक्र करते हुए बताया कि पंजाब में करीब 1,000 आम आदमी क्लीनिक स्थापित किए गए हैं, जिनमें मोहाली क्षेत्र के 10 क्लीनिक शामिल हैं। यहां लोगों को निशुल्क जांच और दवाइयां उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

कुलवंत सिंह ने बताया कि जुझार नगर, बड़माजरा और अन्य क्षेत्रों में सड़क, नाली, आंगनबाड़ी केंद्र और श्मशान घाट सहित विभिन्न विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपये की योजनाएं स्वीकृत की गई हैं। उन्होंने कहा कि मोहाली विधानसभा क्षेत्र को विकास के मामले में पंजाब का अग्रणी क्षेत्र बनाने का लक्ष्य है।

# नूंह में पेयजल संकट, गुस्साए लोगों ने पुन्हाना में लगाया जाम

अनंत ज्ञान

नूंह। नूंह जिले के पुन्हाना शहर में पिछले तीन वर्षों से चली आ रही पेयजल समस्या को लेकर बुधवार को वार्ड नंबर 8 और 9 के लोगों का गुस्सा सड़क पर फूट पड़ा। सैकड़ों की संख्या में महिलाओं, पुरुषों और युवाओं ने जुरेहड़ा रोड पर जाम लगाकर सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के चलते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि उनके वार्ड में लंबे समय से पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है। क्षेत्र में बिछाई गई पुरानी पेयजल पाइपलाइन कई स्थानों से क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिसके कारण घरों तक पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पानी नहीं पहुंच पा रहा। लोगों का आरोप है कि टूटी पाइपलाइन के कारण दूषित पानी की आपूर्ति हो रही है, जिससे बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है और दैनिक जरूरतों को पूरा करना भी मुश्किल हो गया है। वार्डवासियों ने बताया कि वे कई बार जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी (पब्लिक हेल्थ) विभाग के अधिकारियों को लिखित और मौखिक रूप से शिकायत दे चुके हैं, लेकिन अब तक समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। उनका आरोप है कि हर बार केवल आश्वासन दिया जाता है, जबकि मौके पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। जाम की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और प्रदर्शनकारियों से बातचीत शुरू की। पुन्हाना शहर प्रभारी कुंदन सिंह ने लोगों को समझाकर शांत कराया। वहीं जन स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी सुहेल खान ने जल्द पेयजल समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया। आश्वासन मिलने के बाद करीब आधे घंटे बाद प्रदर्शनकारियों ने जाम समाप्त कर दिया और यातायात सामान्य हो सका।

## न्यूज ब्रीफ

### विक्रमादित्य सिंह ने पुष्पांजलि अर्पित कर पिता के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश के छह बार मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह की पुण्यतिथि पर मंगलवार को शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान स्थित उनकी प्रतिमा पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें नमन किया। उनके साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं तथा बड़ी संख्या में लोगों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान वीरभद्र सिंह के प्रदेश के विकास, जनकल्याण और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें आधुनिक हिमाचल के शिल्पकार के रूप में श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि स्वर्गीय वीरभद्र सिंह का जीवन जनसेवा, विकास और हिमाचल के हितों के प्रति समर्पण का प्रतीक था। उन्होंने कहा कि उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए प्रदेश के सर्वांगीण विकास और जनता की सेवा के संकल्प को आगे बढ़ाया जाएगा।

### उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन आज पहुंचेंगे शिमला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के 10 जुलाई को प्रस्तावित शिमला दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ दौरे की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में हेलीपैड पर सुरक्षित हेलीकॉप्टर लैंडिंग एवं उड़ान, सुरक्षा घेरा, बैरिकेडिंग, स्वच्छता, संचार व्यवस्था तथा विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। उपायुक्त ने सभी विभागों को भारत सरकार और राज्य सरकार के निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुरूप समयबद्ध तरीके से सभी व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही की गुंजाइश नहीं रहनी चाहिए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग को चिकित्सा दल, एम्बुलेंस, चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ, जीवन रक्षक दवाइयों और आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### खाली कांच की बोतल लौटाने पर मिलेगा पैसा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश बागवानी उपज विपणन एवं प्रसंस्करण निगम ने पर्यावरण संरक्षण और कचरा प्रबंधन को मजबूत बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए कांच की खाली बोतलों के लिए बायबैक योजना शुरू कर दी है। नई मानक संचालन प्रक्रिया के तहत अब एचपीएमसी के उत्पादों की इस्तेमाल की गई कांच की बोतलें वापस करने पर उपभोक्ताओं, खुदरा विक्रेताओं और वितरकों को आर्थिक प्रोत्साहन मिलेगा। निगम का उद्देश्य रीसाइक्लिंग की संस्कृति को बढ़ावा देना, कांच के कचरे को कम करना और प्रदेश में स्वच्छ एवं हरित वातावरण के निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। योजना के तहत उपभोक्ताओं को 200 मिलीलीटर की प्रत्येक खाली कांच की बोतल लौटाने पर एक रुपये तथा 600 मिलीलीटर की बोतल पर दो रुपये दिए जाएंगे। वहीं, संग्रहण और आपूर्ति श्रृंखला से जुड़े रिटेलर्स तथा डिस्ट्रीब्यूटर्स को विभिन्न चरणों के अनुसार प्रति बोतल चार रुपये तक का प्रोत्साहन मिलेगा। एचपीएमसी ने प्रदेशवासियों, रिटेलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील करते हुए कहा है कि यह योजना केवल आर्थिक लाभ तक सीमित नहीं है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल है।

### शिक्षा मंत्री से मिले अंशकालिक जलवाहक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के हजारों अंशकालिक जलवाहकों के लिए राहत भरी उम्मीद की किरण दिखाई देने लगी है। हिमाचल प्रदेश अंशकालिक जलवाहक संघ के पदाधिकारियों ने बुधवार को प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से शिष्टाचार भेंट कर लंबे समय से लंबित प्रमुख मांगों को उनके समक्ष विस्तार से रखा। संघ ने विशेष रूप से 11 वर्ष का सेवाकाल पूरा करने वाले अंशकालिक जलवाहकों को नियमित करने की मांग उठाई और कहा कि वर्षों से बेहद कम मानदेय पर सेवाएं दे रहे कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए सरकार को अब ठोस निर्णय लेना चाहिए। संघ ने भरोसा जताया कि प्रदेश सरकार कर्मचारियों के हित में सकारात्मक पहल करेगी। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने संघ के प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना तथा उनकी मांगों पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया।

### आवास प्लस पोस्ट-डिलीशन मॉड्यूल लागू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत पात्र परिवारों के चयन को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और त्रुटिरहित बनाने के लिए हिमाचल प्रदेश ग्रामीण विकास विभाग ने आवास प्लस प्रणाली में पोस्ट-डिलीशन मॉड्यूल लागू कर दिया है। केंद्र सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप शुरू की गई इस व्यवस्था के माध्यम से स्थायी प्रतीक्षा सूची (परमानेंट वेट लिस्ट) को अंतिम रूप देने से पहले ग्राम सभाओं को लाभार्थियों के नामों और पात्रता का व्यापक सत्यापन करने का अवसर मिलेगा। विभाग का मानना है कि इससे वास्तविक जरूरतमंद परिवारों तक योजना का लाभ अधिक प्रभावी ढंग से पहुंच सकेगा तथा चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित होगी। ग्रामीण विकास विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि डिलीशन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ग्राम सभाएं सिस्टम द्वारा तैयार प्राथमिकता सूची की समीक्षा करेंगी और पात्रता एवं प्राथमिकता के निर्धारित मानकों के आधार पर आवश्यक संशोधनों की सिफारिश कर सकेंगी। प्रत्येक संशोधन का कारण ऑनलाइन दर्ज करना अनिवार्य होगा, जिससे पूरी प्रक्रिया जवाबदेह बनी रहेगी।

### हिमाचल में इस माह में भी कम बरसेंगे बादल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जुलाई का पहला सप्ताह गुजरने को है, मगर देवभूमि की वादियों में मानसून अब भी अपनी पूरी रवानी के साथ नहीं उतर पाया है। मौसम विज्ञान विभाग शिमला का ताजा पूर्वानुमान संकेत दे रहा है कि पूरे जुलाई माह में हिमाचल के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से कम वर्षा होने की संभावना है। ऐसे में खेतों में बोवाई की रफ्तार सुस्त पड़ने लगी है, बागवान आसमान की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रहे हैं और जल स्रोतों के भविष्य को लेकर भी चिंता गहराने लगी है। मौसम का यह मिजाज पेयजल योजनाओं, जलविद्युत उत्पादन, पर्यटन और पहाड़ की पूरी अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। यही वजह है कि प्रदेश में मानसून की चाल अब आम लोगों के साथ-साथ वैज्ञानिकों और प्रशासन की भी निगाहों का केंद्र बन गई है। मौजूदा हालात की बुनियाद जून के अंतिम सप्ताह में ही पड़ गई थी। सामान्यतः 25 जून तक प्रदेश में प्रवेश करने वाला दक्षिण-पश्चिम मानसून इस वर्ष छह दिन की देरी से 1 जुलाई को हिमाचल पहुंचा। देर से दस्तक देने के बाद भी मानसून वह रफ्तार और दम नहीं दिखा सका जिसकी उम्मीद की जा रही थी। अब जुलाई के लिए भी सामान्य से कम बारिश का अनुमान इस चिंता को और गहरा कर रहा है।

# करोड़ों रुपए की अर्थव्यवस्था को कहीं ठेस न पहुंचा दे कच्चा सेब

## बेहतर दामों की होड़ में बाजार में बेचा जा रहा अधपका और रंग चढ़ा सेब

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सेब का उत्पादन भले ही सामान्य वर्षों की तुलना में अबकी बार कम रहने की संभावना है, मगर सीजन की शुरुआत से ही बाजार में उत्साहजनक भाव मिल रहे हैं। यही बेहतर दाम अब कुछ बागवानों को जल्दबाजी की ओर धकेल रहे हैं। समय से पहले अधपके सेब तोड़कर मंडियों में भेजने और कुछ स्थानों पर कृत्रिम रंग का इस्तेमाल कर उन्हें आकर्षक बनाने की प्रवृत्ति धीरे-धीरे बढ़ती दिखाई दे रही है। यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी तो इसका खामियाजा केवल कुछ बागवानों को नहीं, बल्कि पूरे हिमाचल के सेब उद्योग को भुगतना पड़ सकता है।

जानकारी के अनुसार हिमाचली सेब की पहचान उसके स्वाद, मिठास, गुणवत्ता और विश्वसनीयता से बनी है। वर्षों की मेहनत और बागवानों के विश्वास ने देशभर के उपभोक्ताओं के बीच यह पहचान स्थापित की है। लेकिन यदि बाजार में बड़ी संख्या में अधपका, बेस्वाद और कम गुणवत्ता वाला सेब पहुंचने लगा तो सबसे पहले उपभोक्ता का भरोसा डगमगाएगा। जब खरीदार को पहली खेप में खराब अनुभव मिलता है तो वह अगली बार हिमाचली सेब खरीदने से पहले कई बार सोचता है। इसका असर धीरे-धीरे पूरे बाजार पर दिखाई देता है।

सेब व्यापारियों का भी मानना है कि शुरुआती सीजन की गुणवत्ता ही पूरे वर्ष के बाजार का रुख तय करती है। यदि पहली खेप उत्कृष्ट रही तो मांग लगातार बनी रहती है और दाम भी मजबूत रहते हैं। लेकिन यदि शुरुआत खराब हुई तो बाद में उच्च गुणवत्ता वाला सेब आने पर भी खरीदार उतना उत्साह नहीं दिखाता। यही कारण है कि पिछले वर्षों में भी गुणवत्ता प्रभावित होने पर बाजार में कीमतों पर दबाव देखने को मिला था।

सबसे अधिक चिंता कृत्रिम तरीके से रंग चढ़ाकर सेब बेचने की बढ़ती प्रवृत्ति को लेकर है। देखने में आकर्षक दिखने वाला ऐसा सेब जब स्वाद और गुणवत्ता पर खरा नहीं उतरता तो उपभोक्ता स्वयं को ठगा हुआ महसूस करता है। सीधे तौर पर कहे तो यह हिमाचली सेब की साख पर सीधा आघात है। एक बार भरोसा टूट गया तो उसे दोबारा स्थापित करने में वर्षों लग जाते हैं।

### प्राकृतिक रूप से पका सेब ही सर्वश्रेष्ठ

**बागवानी** विशेषज्ञों का कहना है कि प्राकृतिक रूप से पूरी तरह तैयार हुआ सेब ही बेहतर मिठास, रंग, आकार और गुणवत्ता प्राप्त करता है। उसकी शेल्फ लाइफ अधिक होती है, लंबी दूरी तक परिवहन के दौरान नुकसान कम होता है और नियंत्रित भंडारण में भी वह अधिक समय तक सुरक्षित रहता है। ऐसे सेब को देश के बड़े बाजारों में ही नहीं बल्कि निर्यात की संभावनाओं में भी बेहतर स्वीकार्यता मिलती है।

### सेब सीजन को लेकर कल होगी अहम बैठक

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** इस सेब सीजन में उत्पन्न होने वाली विभिन्न समस्याओं के समाधान एवं आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए एसडीएम रामपुर ने 10 जुलाई को सुबह 11 बजे मिनी सचिवालय रामपुर के कॉन्फ्रेंस हॉल में एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। एसडीएम कार्यालय द्वारा जारी पत्र के अनुसार बैठक में पुलिस, राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच), लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड, परिवहन विभाग, एचआरटीसी, कृषि एवं उद्यान विभाग, एपीएमसी, एचपीएमसी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# भरमौर-पांगी के दुर्गम गांवों तक पहुंचेंगे विकास के पहिए



अनंत ज्ञान

**भरमौर।** विधानसभा क्षेत्र भरमौर-पांगी के दुर्गम और लंबे समय से सड़क सुविधा से वंचित गांवों के लिए बड़ी राहत की खबर है। एपीएमसी चंबा के अध्यक्ष ललित ठाकुर के लगातार प्रयासों और जनहित के मुद्दों को सरकार के समक्ष मजबूती से उठाने का परिणाम अब धरातल पर दिखाई देने लगा है। लोक निर्माण विभाग के भरमौर मंडल ने करीब 2 करोड़ 69 लाख रुपए की लागत से छह महत्वपूर्ण विकास एवं सड़क निर्माण कार्यों के लिए ऑनलाइन टेंडर आमंत्रित कर दिए हैं। इनमें ग्राम पंचायत ब्रेही के सकराल गांव के लिए 55.41 लाख, पालेई गांव के लिए 56.91 लाख, ग्राम पंचायत प्रीना के गुवाड़ गांव (खड़ाफाट-गुवाड़ वाया सलेहो) के लिए 42.60 लाख तथा ग्राम पंचायत किलोड़ के कोकड़ा गांव के लिए 52.65 लाख की लागत से संपर्क सड़क निर्माण किया जाएगा। ये ऐसे गांव हैं, जहां वर्षों से बेहतर सड़क सुविधा की मांग उठती रही और लोगों को कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में आवाजाही करनी पड़ती थी। वहीं, ग्राम पंचायत सुनारा में क्षतिग्रस्त संपर्क सड़क की 31.19 लाख की लागत से मरम्मत की जाएगी, जिससे बरसात के दौरान लोगों को होने वाली भारी परेशानियों से राहत मिलेगी। इसके अलावा राजकीय कन्या छात्रावास भरमौर की विशेष मरम्मत पर 30.16 लाख खर्च किए जाएंगे, जिससे छात्राओं को बेहतर और सुरक्षित आवासीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी। ललित ने कहा कि 'मैंने जनता से कहा था कि मैं सदैव उनके साथ खड़ा हूं। आज टेंडर जारी होना उसी वादे को निभाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। विकास केवल घोषणा नहीं, बल्कि जमीन पर दिखना चाहिए।'

### जो कहा, वो कर दिखाया... 'सदैव आपके साथ खड़ा हूं' का वादा निभाया : ललित

# बलदेव शर्मा के खिलाफ क्यों मुखर हुए विरोध के स्वर?

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** 'थ्री-टायर' पंचायती राज व्यवस्था के चुनावों के दौरान बड़सर क्षेत्र के पूर्व विधायक बलदेव शर्मा के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर खूब हो हल्ला हुआ था। संगठन ने प्रस्ताव पारित करके प्रदेश हाई कमान को भी भेजा था जिस पर अनुशासन समिति ने मुहर लगनी थी, लेकिन चुनाव हो गए जीतने वाले जीत गए, हारने वाले हार गए। फिर ऐसा लगा कि भाजपा के भीतर अब उनके खिलाफ विरोध के स्वर धीमे पड़ गए हैं, ठंडे हो गए हैं, लेकिन 2 दिन पहले जिला परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का जैसे ही चुनाव हुआ, उपाध्यक्ष पद पर बड़सर क्षेत्र से ताल्लुक रखने वाले गुरदीप की तैनाती होने पर यह 'लावा' फिर से गुरदीप के मुंह से ही फूटा है। बीते रोज जिला परिषद के उपाध्यक्ष गुरदीप ने उनके खिलाफ प्रेस कॉन्फ्रेंस में जो कुछ बोला लगता है पार्टी हाई कमान को अब सोचना पड़ेगा कारण यह है कि उन्होंने साफ तौर पर बलदेव के खिलाफ कह दिया है कि अब भी यदि पार्टी बचाव करेगी तो फिर क्या होगा। कार्यकर्ताओं पर क्या गुजरेगी। उनका कहना था कि सारे सबूत उनके खिलाफ हैं। पंचायत चुनावों के दौरान उन्होंने भाजपा के विरोधियों को जिताने की हामी भरे रखी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इतने लंबे समय तक उन्हें क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला पार्टी ने इतना कुछ दिया, लेकिन जब पार्टी को जरूरत थी, तो वह पार्टी के विरोधियों के पक्ष में अभियान चलाते रहे।

### पद अस्थायी, कार्यकर्ता की पहचान स्थायी: संजय टंडन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजपा प्रदेश सह प्रभारी संजय टंडन ने कांगड़ा जिला के प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि पार्टी में पद समय के साथ बदल सकते हैं, लेकिन एक कार्यकर्ता की पहचान कभी समाप्त नहीं होती। कार्यकर्ता सदैव सक्रिय रहता है और संगठन के प्रति उसका समर्पण ही उसकी सबसे बड़ी पूंजी है। संजय टंडन ने कहा कि संगठन में कई लोग पूर्व अध्यक्ष, पूर्व सांसद या पूर्व विधायक हो सकते हैं, लेकिन कोई भी व्यक्ति कभी पूर्व कार्यकर्ता नहीं हो सकता। कार्यकर्ता जीवनभर संगठन का अभिन्न अंग रहता है और यही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठन कार्यकर्ताओं के समर्पण और अनुशासन के कारण विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बना है। उन्होंने प्रशिक्षण वर्ग में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन की कार्यपद्धति, कार्यालय व्यवस्था, संगठनात्मक संरचना, वित्तीय अनुशासन तथा पार्टी की कार्यसंस्कृति का ज्ञान होना चाहिए।

# केंद्र की योजनाओं को घर-घर पहुंचाना प्रथम दायित्व : अनुराग

अनंत ज्ञान



**बड़सर।** मोदी सरकार की उपलब्धियों को घर-घर पहुंचाना प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता का दायित्व है। यह बात सांसद अनुराग ठाकुर ने बड़सर में आयोजित भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण के प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए कही। पार्टी जिला हमीरपुर का दो दिवसीय जिलास्तरीय प्रशिक्षण महाअभियान का बुधवार को शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश ठाकुर के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग संगठन को वैचारिक एवं संगठनात्मक रूप से और अधिक सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम है तथा प्रत्येक कार्यकर्ता को इसे बूथ स्तर तक पहुंचाना चाहिए। अनुराग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने जनकल्याण, सुशासन और विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 4 करोड़ से अधिक परिवारों को पक्के घर, जल जीवन मिशन के माध्यम से 15 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से 11 करोड़ से अधिक किसानों को आर्थिक सहायता तथा उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत, मुद्रा, स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया और कौशल विकास जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। हिमाचल प्रदेश का उल्लेख करते हुए अनुराग सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रदेश को एम्स बिलासपुर, पीजीआई सैटेलाइट सेंटर ऊना, राष्ट्रीय राजमार्गों एवं फोरलेन परियोजनाओं, ग्रामीण सड़क नेटवर्क, डिजिटल कनेक्टिविटी तथा स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक सौगातें दी हैं।

### श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए सरकार प्रतिबद्ध

**हमीरपुर।** सांसद अनुराग सिंह ने एनआईईटी हमीरपुर में संविदा श्रमिकों के लिए आयोजित एक दिवसीय ईपीएफ एवं ईएसआई जागरूकता एवं समस्या समाधान शिविर को संबोधित करते हुए मोदी सरकार द्वारा श्रमिकों के हितों की रक्षा एवं सामाजिक सुरक्षा के लिए किए जा रहे कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए मोदी सरकार प्रतिबद्ध है।

### कांग्रेस को हटाने का मन बना चुकी जनता: जयराम

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हालिया बयानों को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने मंदिर, सनातन, पंचायत चुनाव, कथित चंदा विवाद, कानून-व्यवस्था और भ्रष्टाचार जैसे कई मुद्दों पर कांग्रेस सरकार को घेरते हुए कहा कि प्रदेश की जनता अब बदलाव का मन बना चुकी है। मुख्यमंत्री द्वारा भगवान राम और सनातन से जुड़े मुद्दों पर दिए गए पुराने बयानों को प्रदेश की जनता भूली नहीं है। उन्होंने कहा कि मंदिर में पूजा-अर्चना आस्था का विषय है और हर व्यक्ति को श्रद्धा के साथ मंदिर जाना चाहिए, लेकिन धार्मिक स्थलों का राजनीतिक लाभ के लिए उपयोग करना उचित नहीं है।

**कार्यालय पंचायत सामुदायिक केन्द्र चारियाँ दी धार**
**विकास खण्ड (बमसन टौणी) जिला हमीरपुर (हि. प्र.)**

वित्तीय वर्ष 2026-27 (20.07.2026 से 31.03.2027) के विकास कार्य हेतु क्रेशर रेता, दरिया रेता, क्रेशर बजरी 10,20,40 mm, शाइन बोर्ड लिखाई सहित (2.6*3) प्रति बोर्ड, सीमेंट कैरिज लोडिंग अनलोडिंग सहित प्रति बैग (सुजानपुर से चारियां दी धार), JCB द्वारा कटाई हार्ड & सॉफ्ट रॉक (प्रति घन मीटर), निर्माण सामग्री ढुलाई मुख्य सड़क से निर्माण स्थल तक (प्रति बैग / प्रति क्यूबिक मीटर), शटरिंग स्टील, शटरिंग स्टील, शटरिंग प्लेट व शटरिंग लकड़ी छत व दीवार प्रति स्क्वायर फीट), सेटरिंग लकड़ी व डाब (प्रति रनिंग मीटर), बोर्ड ढुलाई मुख्य सड़क से निर्माण स्थल तक बति बोर्ड), ईंट, सीमेंट बेंच (स्टैंडर्ड/क्लासिक) आदि निर्माण सामग्री हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। ...

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत चारियाँ दी धार

**कार्यालय ग्राम पंचायत गोहर**
**विकास खण्ड गोहर जिला मण्डी (हि.प्र.).**
**वर्ष 2026-2027 के लिए निविदाएँ आमंत्रित करने बारे**

सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हुआ जिसमें ग्राम पंचायत गोहर के लिए वर्ष 2026-2027 के लिए निविदाएं आमंत्रित करने बारे विचार रखा गया जो निम्न प्रकार से है। वर्ष 2026-2027 के ... आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मोहर बन्द निविदाएँ डाक द्वारा आमंत्रित की ... 20/07/2026 सांय 5:00 बजे तक पहुँच जानी चाहिए। निविदाएँ दिनांक 22/07/2026 ... कमेटी तथा निविदादाओं व उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष 12:00 बजे दोपहर ... निविदाएँ निम्न सामग्री हेतु आमंत्रित की जाती है।

सामग्री का विवरण :- 1. रेता/बजरी खड्ड- प्रति घन मीटर 2. रेता/बजरी क्रशर 10एमएम, 20एमएम, 40एमएम- प्रति घन मीटर 3. पत्थर कट स्टोन - प्रति घन मीटर 4. पत्थर कट स्टोन ... मीटर 5. सोलिंग/पत्थर-प्रति घन मीटर 6. बोल्डर पत्थर-प्रति घन मीटर 7. ईंट -प्रति ... (Cutting and Dressing) - प्रति घंटा 9. शटरिंग, लकड़ी व स्टील (भवन निर्माण) ... फुट10. एंगल, चैनल, MS पाईप (All Size)- प्रति कि.ग्रा. 11. Colour शीट (Size wise) ... 12. CGI शीट (Size wise) - प्रति वर्ग फुट 13. स्टील (8,10,12,16,20 एमएम) ...

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत गोहर, वि.खं. गोहर, जि. मंडी, हि.प्र.

**कार्यालय ग्राम पंचायत बैला विकास खंड गोहर, जिला मंडी (हि.प्र.)**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

... 23/07/2026 ... 24/07/2026 ...

प्रधान/सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत थरजून विकास खंड गोहर, जिला मंडी (हि.प्र.)**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण जनता, दुकानदारों, बिल्डरों, भू मालिकों फर्मों, ड्राइवरों व गाड़ी मालिकों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत थरजून वित् वर्ष 2026-27 के लिये निम्नलिखित सामग्री हेतु निविदाएँ आमंत्रित करती है।

सामग्री का विवरण : 1. रेत / बजरी प्रति घन मीटर, 2. पत्थर (कट स्टोन प्रति घन मीटर, 3. बोल्डर प्रति घन मीटर, 4. लकड़ी / टिम्बर प्रति घन मीटर, 5. ईंट, प्रति ईंट, 6. JCB प्रति घंटा प्रति घंटा, 7. ट्रॉली / ट्रैक्टर बाक्स, 8. सरिया (HYSD TMT) All size प्रति किलोग्राम, 9 शटरिंग प्रति वर्गफीट, 10. स्टील (Hollow section) All size प्रति किलोग्राम, 11. सीमेंट कुलान civil सप्लाई ... बैग, 12. सुचना पट्ट प्रति बोर्ड, 13. PPR फिटिंग प्रति पाईप, 14. स्टील (solid section) All size प्रति किलोग्राम, 15. लोकल पत्थर carriage प्रति टिप्पर

निविदाएँ दिनांक 20-07-2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत थरजून में ... चाहिए निविदाएँ दिनांक 21-07-2026 को ग्राम पंचायत में खोली जाएगी ... स्वीकृत की जाएगी। सामाग्री की गुणवत्ता सही होनी चाहिए।

शर्तें: (1) आपूर्तिकर्ता के पास GST होना अनिवार्य हैं।
(2) रेत/बजरी व पत्थर के लिए एम फॉर्म का होना आवश्यक होगा।
(3) निविदाएँ सील बंद लिफाफे में होनी चाहिए।
(4) ...
(4) ...

प्रधान/सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत तांदी विकास खण्ड गोहर, जिला मंडी (हि.प्र.)**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

... नियम व शर्तें -: 1. निविदाता के पास अपना GST नम्बर होना अनिवार्य है।, 2. निविदाता को निर्माण सामग्री के बिलों के साथ M फॉर्म उपलब्ध करवाने होंगे।, 3. निविदाता को निर्माण सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल तक जहाँ तक गाड़ी जाती हो वहाँ तक देनी होगी।, 4. निविदाता को मु0 25000/- (पचीस हज़ार रु) की राशी पंचायत के पास नकद रूप में सुरक्षा राशी के रूप में जमा करनी होगी। अन्यथा निविदा स्वीकार नही होगी। 5. निर्माण सामग्री की आपूर्ति पंचायत द्वारा निर्धारित समय के भीतर देनी होगी अन्यथा सुरक्षा राशी पंचायत द्वारा जब्त की जाएगी। तथा ग्राम पंचायत द्वारा बिना सुचना दिए द्वितीय निविदाता को आपूर्ति आदेश जारी किया जायेगा।, 6. निर्माण सामग्री की गुणवत्ता/मात्रा की कमी पाए जाने पर निविदाएँ रद्द करने का अधिकार पंचायत के पास होगा।, 7. निविदाओं को दो स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जायेगा।

प्रधान/सचिव

## उपलब्धि हिमाचल के जिले को प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना में मिला 17वां स्थान

# बिलासपुर ने 100 जिलों में बनाई खास पहचान

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** कृषि क्षेत्र में बिलासपुर जिले ने राष्ट्रीय स्तर पर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत देशभर के चयनित 100 जिलों में बिलासपुर ने समग्र प्रदर्शन के आधार पर 17वां स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि जिले में कृषि विकास, विभागीय समन्वय और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का परिणाम मानी जा रही है।



बुधवार को बचत भवन में आयोजित जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में उपायुक्त राहुल कुमार ने योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और किसानों तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाएं। उन्होंने बताया कि अब योजना की प्रगति की समीक्षा प्रत्येक माह की 4 तारीख को की जाएगी, ताकि निर्धारित लक्ष्यों की नियमित निगरानी और समय पर पूर्ति सुनिश्चित हो सके।

बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के तहत कृषि उत्पादकता बढ़ाने, फसल विविधीकरण, सिंचाई सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, भंडारण एवं प्रसंस्करण व्यवस्था विकसित करने, किसानों को बेहतर ऋण सुविधा उपलब्ध कराने तथा सेवा वितरण प्रणाली को मजबूत बनाने पर विशेष कार्य किया जा रहा है। उपायुक्त ने सभी विभागों को वार्षिक लक्ष्य निर्धारित कर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने तथा हर वर्ष न्यूनतम 10 प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य केवल कृषि उत्पादन बढ़ाना नहीं, बल्कि किसानों की आय में वृद्धि, टिकाऊ कृषि को बढ़ावा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना भी है।



प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी विभागों को समन्वित एवं लक्ष्य आधारित कार्य करना होगा। किसानों तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। बिलासपुर ने राष्ट्रीय स्तर पर 17वां स्थान प्राप्त कर अच्छी शुरुआत की है। सामूहिक प्रयासों से इसे देश के अग्रणी जिलों में शामिल किया जा सकता है।

**-राहुल कुमार, उपायुक्त, बिलासपुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत कांढी विकास खंड गोहर, जिला मंडी (हि.प्र.)**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत ... निम्न प्रकार ... को सुचारु रूप ... को 4 बजे तक ... को 11 बजे ...

प्रधान/सचिव

# Requirement

**O/o NAYI UDAAN WOMEN'S CLUSTER LEVEL FEDERATION CLF (Krishi IFC)**
Position Name: IFC Anchor (Cluster Level Federation, Integrated Farming Cluster)

**RECRUITMENT ADVERTISEMENT FOR IFC ANCHOR**

Applications are invited from eligible and motivated candidates for the position of **IFC Anchor (Institutional Farm / Livelihood Facility Centre Anchor).** The position will be hosted at the Nayi Udaan Cluster Level Federation (CLF) to manage, execute, and monitor agricultural, livestock, and livelihood cluster-level development interventions.

❖ **POSITION DETAILS:**
* Number of Vacancies: 01
* Type of Engagement: Contactual-based (Project Period) 8500/- Per Month

❖ **ELIGIBILITY CRITERIA:**
* Educational Qualification: Graduate Degree or Diploma in Agriculture, Horticulture, Animal Husbandry, Forestry, Fishery, or a related rural livelihood discipline.
* Skills Needed: Good command over the local language, field mobility, and proficiency in using smartphones for MIS reporting.

**Submission Application:** Submit your filled application form along with self-attested copies of educational certificates, Resume, ID proof, 2 Passport Size Photo and experience certificates via By Hand / Post: Deliver to the **Nayi Udaan CLF Office** at the address O/o NAYI UDAAN WOMEN'S CLUSTER LEVEL FEDERATION CLF (Krishi IFC), LSC Maharal

**IMPORTANT DATES**
**Last Date for Submission of Application:** July 13, 2026 by 5:00 PM.
& Will becommunicated via contact to shortlisted candidates".

**Contact:- 9418535147**